वार्षिक रिपोर्ट

2005-06

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान

(भारत सरकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय का एक स्वायत्त संस्थान)

डॉ. होमी भाभा मार्ग, पाषाण, पुणे – 411 008, महाराष्ट्र, भारत

ई–मेल : lip@tropmet.res.in

वेब : http://www.tropmet.res.in

दूरभाष : 91-020-25893600

फॅक्स : 91-020-25893825

शासी परिषद

अध्यक्ष

प्रो. व्ही. एस. रामामूर्ती
सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
भारत सरकार
नई दिल्ली - 110 016

सदस्य

श्री के. पी. पाण्डीयन
संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार
विज्ञान और प्रौद्योगिक विभाग
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली – 110 016

डा. बी. लाल
मौसम विज्ञान के महानिदेशक
भारत मौसम विज्ञान विभाग
मौसम भवन
नई दिल्ली – 110 003

डा. बी. हरी गोपाल
वैज्ञानिक 'जी'
विज्ञान और प्रोद्योगिकी विभाग
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली – 110 016

प्रो. आनन्द पटवर्धन
एस. जे. मेहता प्रबंध स्कूल
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
मुम्बई – 400 076

डा. एस. एल. श्रीवास्तव
अन्तरअनुशासिक अध्ययन केन्द्र
के. बॅनर्जी वायुमंडलीय एवं महासागरीय अध्ययन केन्द्र
अलाहबाद विश्वविद्यालय
अलाहाबाद – 211 002

प्रो. जे. श्रीनिवासन
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
वायुमंडलीय एवं महासागरीय केन्द्र
भारतीय विज्ञान केन्द्र
बेंगलूर – 560 012

डा. पी. सी. पाण्डे
निदेशक (निवृत्त)
अंट्रार्टिक एवं महासागर अनुसंधान केन्द्र
गोवा – 403 804

निदेशक
भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान
पुणे – 411 008

अन्य–सदस्य सचिव
श्रीमती एन. एस. गिरिजा
प्रशासनिक अधिकारी
भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान
पुणे – 411 008

वित्त समिति

श्री. के. पी. पाण्डीयन
संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग,
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली – 110 016

डा. बी. डी. आचार्य
वैज्ञानिक 'जी'
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली – 110 016

श्री एस. आर. कलसी
मौसमविज्ञान के अतिरिक्त महानिदेशक
भारत मौसम विज्ञान विभाग
नई दिल्ली – 110 003

निदेशक
भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान
पुणे – 411 008

कार्यावधि:
शासी परिषद – 2 वर्षे
वित्त समिती – कोई कार्यकाल नहीं

विशिष्टताएँ

अनुसंधान

- वर्ष 2005 के लिये गतिकीय सामान्य परिसंचरण प्रतिरुपों और सांख्यिकीय प्रतिरुपों का प्रयोग करके ऋतुवीय मानसूनी वर्षा का प्रायोगिक पूर्वानुमान भारत मौसमविज्ञान विभाग (IMD) को राष्ट्रीय पूर्वानुमान की तैयारी के लिये निवेश के रुप में प्रदान किये गये।

- हैडले केन्द्र क्षेत्रीय जलवायु निदर्श (PRECIS) का प्रयोग करके IITM ने, एक वर्तमान (1961-1990) और दूसरा भविष्य (2071-2100) के संगत दो समय स्तरीय खंडो वाले उच्च विभेदन क्षेत्रीय जलवायु परिवर्तन दृश्याभिलेखों के उत्पादन में राष्ट्रीय अग्रगामिता दिखलाई है। कृषि, जल संसाधनों और मानवीय स्वास्थ्य से संबंधित भारत में विभिन्न अनुसंधान दलों द्वारा पूर्ण किये जा रहे ये दृश्याभिलेख जो कि SRES GHG उत्सर्जनों के भावी प्रक्षेपणों को आधार मान कर विकसित किया गया है, समाघात निर्धारण के लिये आधार बनाते हैं।

- 21 वीं सदी के दौरान द्विगुणित CO_2 दृश्याभिलेख के विकिरणी प्रणोदन के अधीन ग्रीष्म मानसून अवक्षेपण के जलवायु प्रक्षेपणें को IPCC AR4 के अधीन युग्मित जलवायु प्रतिरूप के बहिर्वेशों से दक्षिण और पूर्व एशिया के ऊपर परीक्षण किया गया। हालाँकि कुछ प्रतिरूपों ने दक्षिण एशिया के ऊपर आरंभिक पतझड में ग्रीष्म मानसून अवक्षेपण अवधी के संभाव्य विस्तरण को प्रक्षेपित किया, विलंबित वसन्त से लेकर आरंभिक पतझड तक की अवधि के दीर्घीकरण को पूर्वी एशिया के ऊपर प्रक्षेपित किया गया।

- उष्णतर एस.एस.टी (SST) वाले मध्यवर्ती प्रशान्त महासागर में संचालित विस्तीर्ण वैश्विक जलवायु प्रतिरूप (GCM) संवेदनशीलता प्रयोगों ने इस परिकल्पना को प्रमाणित किया कि एल निनो की घटनायें भारत में अधिक तीव्रतर सूखे पैदा करती हैं। यह भारतीय ग्रीष्म मानसूनी वर्षा के मौसमी पूर्वानुमान केलिये सार्थक अनुषंगिक है।

- भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कई नदी बेसिनों के जल मौसम वैज्ञानिकीय अध्ययन तीव्र तूफानी वर्षा, अभिकल्प वृष्टि गहराई का तात्कालिक वितरण और संभाव्य अधिकतम और माध्य मौसमी अवक्षेपण के आकलन को पहचानने के लिये किया गया।

- उष्ण कटिबंधीय हिन्द महासागर परिसंचरण और दक्षिण पश्चिम मानसून पवनों के बीच एक युग्मित पुनर्भरण उप-मौसमी अंतरा-मौसमी समय-मापक्रमों पर पता लगाया गया है जो कि भारत के ऊपर मानसूनी वर्षा में दीर्घावधि विच्छेद और उप-महाद्वीप के ऊपर सूखे के घटित होने में आघारी है। यह नवीन सूझ-बूझ दिनों से लेकर सप्ताहों के समय-मापदंडो पर मानसूनी वर्षा को प्रागुक्त करने की क्षमता में बहुत विकास पैदा करेगा

- 26 जुलाई 2005 को सान्ताक्रुज में असाधारण बहुत भारी वर्षा की घटना का अध्ययन बहुत से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय उपग्रहों जैसे कल्पना-1, मिटिओ सैट-5, DMSP और TRMM से प्राप्त उपग्रहीय आँकडों का प्रयोग करके किया गया। दृश्य-अवरक्त आकृतियों, गभीर संवहन, भूभौतिकीय प्राचलों और अवक्षेपण दरों में विकसित परिवर्तन का अध्ययन घटना के एक दिन पहले और एक दिन बाद प्रेक्षण के विभिन्न समय पर किया गया। यह प्रेक्षण घटना के सम्पूर्ण जीवन काल के दौरान मौसम वैज्ञानिकीय प्राचलों में जनित उग्र विचरणों के प्रेक्षण के लिये किया गया। घटना का अध्ययन नैदानिक और प्रतिरूपण उपगमन का उपयोग करके किया गया। भारत के ऊपर बृहत्मान सार रूपी पैमाना प्रणाली उस जगह पर तीव्र संवहन पैदा करने और अरब सागर में नमी के अभिवहन के अनुकूल पाया गया।

- त्रि-मितिय महासागर प्रतिरूपण अध्ययन (MOM4) ने दर्शाया कि सतह ताप अभिवाह का योगदान सभी घनात्मक द्विध्रुव वर्षों के दौरान पूर्वी शीतलन की समाप्ति के प्रारंभिक प्रावस्था में सार्थक रहता है।

❖ 1990 दशक के दौरान भारतीय क्षेत्र के ऊपर क्षोभमंडलीय ओजोन और इसके पूर्वगामी पर मानवोद्भवी उत्सर्जनों के प्रभाव को स्वांगीकृत पवनों और प्रदूषकों के नवीन उत्सर्जीत तालिका वाले त्रि-मितिय रसायन-अभिगमन प्रतिरुप का प्रयोग करके आँका गया है। परिणामें ने सूचित किया कि 1990 दशक के दौरान, ओजोन में विचरण सतह के नजदीक 6-10% प्रति दशक के क्रम का है जो कि मुक्त क्षोभमंडल में करीब 4-7% हो जाता है। CO और NO_x में अधिकतम दशकीय वृद्धि परिसीमा स्तर के नजदीक करीब 10-18% और 20-30% पाया गया है।

❖ आरमेक्स (ARMEX) अवधि के दौरान समुद्र में गतिशील सागर कन्या से प्राप्त आयन सान्द्रण और वायुमंडलीय विद्युत चालकता पर आधारित आँकडों ने प्रदर्शित किया कि सम्पूर्ण और ध्रुवीय चालकता का मौसमी माध्यकृत मान पूर्व मानसून मौसम अवधि की अपेक्षा मानसून अवधि में अधिक ऊँचा रहता है। मानसून काल में तीव्र दक्षिण पश्चिमी सतहीय पवनों के दौरान तरंगो के विच्छेदन के कारण हुई बुलबुला विच्छेदन प्रक्रिया द्वारा अति आवेशित बृहत् आयनों के उत्पादन के अभिग्रहण द्वारा मध्यावर्ती और बृहत् आयनों के सान्द्रण के विचरणों की व्याख्या की गयी है।

उपाधि और सम्मान

❖ डॉ.जी बेग को सभी सह-लेखकों की ओर से उनके शोध-पत्र मध्यमंडलीय तापक्रम प्रवृत्तियों की समीक्षा के लिये 29 जून, 2005 को जेनेवा, स्विट्जरलैंड के एक दीक्षांत समारोह में वर्ष 2005 के लिये विश्व मौसम वैज्ञानिकीय संगठन का नारबर्ट गरबियर-मम अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। यह शोध पत्र दिसम्बर 2003 के रिव्ह्यु ऑफ जियोफिजीक्स पत्रिका में प्रकाशित हुआ।

❖ डॉ. नित्यानन्द सिंह को भारत में ग्रीष्म मानसूनी वर्षा विचरण के प्रबोधन के लिये एकमात्र- लिखित शोध-पत्र वर्षामापियों के परिपथ का इष्टतमीकरण के लिये 13 वॉ सार्क (क्षेत्रीय सहयोग केलिये दक्षिण एशियन परिषद) क्षेत्रीय युवा वैज्ञानिक पुरस्कार-1995 मिला। यह शोध पत्र इंटरनेशनल जर्नल ऑफ क्लाईमेटोलॉजी, खंड 14, 1994, 61-70 में प्रकाशित हुआ और अप्रैल 2005 में मिले पुरस्कार में प्रशस्तिपत्र,नगद इनाम और एक पदक था।

❖ क्लाईमेट डिनामिक्स, खंड 20,2003, 855-863 में प्रकाशित शोध पत्र ''वैश्विक एस.एस.टी के विकास से भारतीय ग्रीष्म मानसूनी वर्षा का दीर्घ कालीन प्रागुक्ति'' के लिये ए. के सहाय, ए.एम. ग्रिम, व्ही. सत्यन और जी.बी पंत को वर्ष 2003 के लिये 16 वाँ भाउमौविसं रजत जयन्ती पुरस्कार मिला।

❖ सी.जी. देशपांडे और ए.के. कामरा द्वारा लिखित शोधपत्र ''हिन्द महासागर के ऊपर कुहरा के दौरान वायुमंडलीय विद्युत चालकता और ऐरोसॉल मापन'' का प्रकाशन ऐटमॉस्फेरिक रिसर्च, खंड 70,2004,77-87 में हुआ। इसे वर्ष 2004 के 17 वाँ भाउमौविसं रजत जयन्ती पुरस्कार के लिये चुना गया।

❖ डॉ.देवेन्द्र सिंह को भारत सरकार के विज्ञान और प्राद्यौगिकी विभाग (DST) द्वारा विज्ञान और प्राद्यौगिकी कार्यक्रम के द्वारा चुने गये क्षेत्रों में युवा वैज्ञानिकों के सुअवसर (BOYSCAST) के अन्तर्गत इंस्टीट्यूट ऑफ एनव्हायरनमेंटल फिजीक्स, तरतु विश्वविद्यालय, तरतु, इसटोनिया के द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

❖ श्री एस. महापात्रा को वैमानिक मौसमविज्ञान पर आधारित 9 से 28 मई 2005 के दौरान आयोजित दूसरे सर्क (SERC) स्कूल में समग्र गुणवत्ता के लिए दूसरा पुरस्कार दिया गया। तडित झंझा और इसके प्रतिरूपण पर विशेष जोर देते हुए वायु सेना प्रशासनिक महाविद्यालय,कोयम्बटूर के भारतीय वायु सेना के एयर मार्शल, बी.एन.गोखले (AVSM,VN) के हाथों प्रदान किया गया।

❖ डॉ.पी.सी.एस देवरा को महाराष्ट्र विज्ञान अकादमी का फेलो चुना गया है।

❖ ओजोन उन्मूलन, 2006 के वैज्ञानिक निर्धारण के लिये डॉ.जी. बेग को विश्व मौसम वैज्ञानिकीय संगठन (WMO) के संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) के द्वारा समीक्षक नामित किया गया है ।

घटनाएँ

- श्री जगजीत सिंह राणा, कृषि राज्य मंत्री,महाराष्ट्र सरकार ने 27 अगस्त 2005 को संस्थान को भेट दी। उन्होंने महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में तीव्र वर्षा और सदृश घटनाओं के शीघ्र चेतावनी के बारे में एक प्रणाली बनाते हेतु संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ बहस किया।

- विज्ञान और प्राद्यौगिकी, पर्यावरण और वन विभाग के संसदीय स्थायी समिती ने 27 सितम्बर 2005 को संस्थान को भेट दी।

- संस्थान ने 17 नवम्बर 2005 को 44 वाँ स्थापना दिवस मनाया।

- संस्थान ने ऊर्जा और संसाधन संस्थान (TERI) नई दिल्ली के साथ जलवायु परिवर्तन दृश्याभिलेख विकास पर परामर्शदायी सेवायें प्रदान करने के लिये मेघा–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह जलवायु परिवर्तिता और परिवर्तन के लिये सुभेद्यतापूर्वक निर्धारण पर विश्व बैंक प्रयोजित अध्ययन का एक भाग है।

- संस्थान ने 23 से 27 नवम्बर 2005 के दौरान नेहरू विज्ञान केन्द्र, वर्ली, मुम्बई में आयोजित विज्ञान एक्सपो–2005 और 26 से 30 दिसम्बर 2005 के दौरान कराड में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के मीडीया यूनिट्स द्वारा आयोजित मल्टीमीडिया अभियान में भागीदारी दी। इसने दोनों ही घटनाओं में संस्थान के अनुसंधान क्रियाकलापों पर वैज्ञानिक प्रदर्शनी, फिल्में और पावर प्वाईंट्स नाटकों का आयोजन किया ।

भा.उ.मौ.वि.सं. में परिसंवादों, संगोष्ठियों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं और सभाओं का आयोजन

- 18 मई 2005 को WP/RASS पर विज्ञान और प्राद्यौगिकी विभाग, भारत सरकार के परामर्शदात्री समिती की तीसरी सभा का आयोजन किया गया।

- निम्नलिखित क्षेत्रों (i) मौसम और जलवायु के लिए अंकीय प्रतिरूपण और (ii) मेघ मौतिकी, एरोसोलों, लेश गैसों और वायुमंडलीय संवहन सहित परिसीमा स्तर का प्रेक्षणात्मक अध्ययन, में दो विचारोवेश सत्रों का आयोजन क्रमश: 19 और 20 जुलाई 2005 को आयोजित किये गये थे।

- कार्यरत दल III की पहली सभा: डा.जी.बी पन्त, निदेशक की अध्यक्षता में 23 सितम्बर 2005 को विज्ञान और प्राद्यौगिकी विभाग, नई दिल्ली के संगणन और मानव संसाधन विभाग में हुई थी।

- नागरीय एरोसोल जलवायु विज्ञान पर एक–दिवसीय विचारवेश सत्र का आयोजन 25 नवम्बर 2005 को भाउमौविसं, दिल्ली शाखा, नई दिल्ली में एरोसोलों और उनके प्रभावों की बेहतर समझदारी और अभिलक्षणता के लिए विभिन्न प्रायोगिक और प्रतिरूपण तकनीकों की समीक्षा और विवेचना करने के लिये हुआ।

- विज्ञान और प्राद्यौगिकी विभाग, भारत सरकार के WP/RASS पर दूसरी कार्यशाला 28 नवम्बर 2005 को हुआ था। यह कार्यशाला WP/RASS दत्त समुच्चयों के अनुप्रयोगों के प्रति समर्पित था।

- भारतीय जलवायु पर राष्ट्रीय परिसंवाद: भूत, वर्तमान और भविष्य का आयोजन 29 नवम्बर 2005 को हुआ था।

- एशियन निक्षेपण के संघटन (CAD) पर एक संचालन समिति सभा 4-5 दिसम्बर 2005 को हुई थी।

- क्षेत्रीय जलवायु परिवर्तन, परिवर्तिता और समाधात पर यू.के भारत कार्यशाला: वैज्ञानिक परिदृश्यों की मेजबानी और संचालन 23 से 27 जनवरी 2006 के दौरान किया गया। विज्ञान और प्राद्यौगिकी विभाग, भारत सरकार, ब्रिटिश काउंसिल और रॉयल सोसाइटी, यू.के. द्वारा एक कार्यशाला प्रयोजित की गयी।

- वैश्विक परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय भूमंडलीय जीवमंडलीय कार्यक्रम (IGBP) कार्यशाला की मेजबानी और संचालन 3 मार्च 2006 को किया गया।

- IGBP की एक वैज्ञानिकीय कर्णधार समिति (SC) सभा 4 से 7 मार्च 2006 को की गयी।

- SC-IGBP और JSC-WCRP सभा का एक संयुक्त सत्र 6-7 मार्च 2006 को किया गया।

- संयुक्त वैज्ञानिकीय समिति–विश्व जलवायु अनुसंधान कार्यक्रम (JSC-WCRP) सभा 6 से 11 मार्च 2006 के दौरान आयोजित की गयी।

- भारत मौसम विज्ञान विभाग के साथ संयुक्त रुप से वार्षिक कार्यशाला 2005 भारतीय मौसम वैज्ञानिकीय समाज–पुणे अध्याय (IMSP) के तत्वाधान में 23 दिसम्बर 2005 को केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, भारत मौसम वैज्ञानिकीय समाज, पुणे में आयोजित किया गया।

- विज्ञान और प्राद्यौगिकी विभाग, भारत सरकार के राष्ट्रीय परियोजना CTCZ महाद्वीपीय उष्णदेशीय अभिसरण क्षेत्र के वैज्ञानिकीय संचालन समिति (SSC) की पहली सभा 20-21 जनवरी 2006 को आयोजित की गयी।

अवसंरचनात्मक विकास

- द्वैत ध्रुवण सूक्ष्म स्पंद LIDAR सुविधा प्राप्त की गयी और संस्थान में स्थापित की गयी। एरोसोल–मेघ–जलवायु अन्योन्य क्रियाओं के अन्वेषण, मौसम, जलवायु और जल मौसम विज्ञान संबंधी चक्र को समझने के लिये यह एक अद्वितीय गतिशील LIDAR प्रणाली है। इसके पास परा–उच्च दिक्–काल विभेदन आँकडों के साथ वास्तविक–काल–विघा (अनुपस्थित) संक्रिय है जिसका उपयोग सतह से 120 कि.मी ढकते हुए एरोसोल अभिलक्षण, मेघ संघटन, वायुमंडलीय गतिकी और तरंग सक्रियता के अध्ययन केलिये किया जा सकता है।

- लेसर रमण स्पेक्ट्रोमीटर, एक द्विक एकवर्णमापी स्पेक्ट्रोमीटर संस्थान में एक खास प्रतिदर्श में उपस्थित अणुओं और विभिन्न वायुमंडलीय स्थितिया से एकत्रित एरोसोलो के रासायनिक संघटन के अन्वेषण के लिये स्थापित किया गया है।

- एक स्वचलित सूर्य अनुवर्तक सूर्य। आकाश रेडियोमिटर (प्रीड प्रतिरूप POM-OIL) को ICARB अभियान के तहत नगरीय स्थानों पर एरोसोल प्रकाशीय गुणों के निर्देशन के लिए भाउमौविसं, नई दिल्ली शाखा में बैठाया गया है।

- नवीनतम अभिकलनी सुविदाओं के साथ एक जल मौसम वैज्ञानिकीय प्रयोगशाला विकसित की गयी है।

- पुस्तकालय भवन के दूसरी मंजिल पर एक अत्याधुनिक सम्मेलन कक्ष का निर्माण सभी नवीनतम प्रस्तुतीकरण सुविधाओं और इंटरनेट संयोजकता के साथ किया गया है।

- संस्थान के छात्रावास का नवीकरण किया गया और उसका नाम 'प्रो. आर अनन्तकृष्णन् छात्रावास' रखा गया।

विशेष क्षेत्र प्रेक्षणमूलक कार्यक्रम

- वृक्ष–वलय प्रतिदर्श संग्रह के लिए 21 से 28 मई 2005 के दौरान एक क्षेत्र–प्रयोग का आयोजन नीलगिरी वन क्षेत्र, बंगलोर में किया गया।

- संस्थान के वैज्ञानिकों ने एक समन्वित प्रायोगिक कार्यक्रम (SCOUT-03) में भाग लिया जो कि समतापमंडल जलवायु कडी का एक हिस्सा था जिसमें ऊपरी क्षोभमंडल निम्न समतापमंडल पर जोर दिया गया था। युरोपियन संघ द्वारा इसकी शुरुआत और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय यू.के द्वारा समन्वित किया गया था।

- 13 से 23 जनवरी 2006 के दौरान चीनी फैक्टरियों और इसके पृष्ठ भूमि के परिवेश में ओजोन और इसके पूर्वगामियों के स्तर के निर्देशन केलिये व्यापक क्षेत्रअभियान का प्रबन्ध किया गया था।

- संस्थान के वैज्ञानिकों ने 18 मार्च 2006 से दो महीनों के लिए आयोजित ऐरोसोलों, गैसों और विकिरण बजट (ICARB) हेतु समाकलित अभियान के ISRO-GBP कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दी। समुद्री, भूमि और वायुजनित मापनों का प्रबन्ध क्रमश: चलायमान जलयान पर, संस्थान में और यंत्रयुक्त वायुयान पर किया गया।

पर्यावलोकन

पूर्वानुमान अनुसंधान

पूर्वानुमान अनुसंधान विभाग ने मानसून वर्षा के लघु, मध्यम तथा दीर्घकालीन पूर्वानुमान तथा समझ और उष्णदेशीय चक्रवाती जैसे मध्यमापी तंत्रों के समझ और पूर्वानुमान के लिए अपने शोध कार्यक्रमों को सूत्रित किये है । इस विभाग के निम्न लिखित उददेश्य है :

- मध्यमापी तत्रों (प्रणालियों) का अध्ययन और मध्यमापी प्रतिरूपण
- 'लास्पेक्स' और 'बॉबमेक्स' के आंकडों का उपयोग करके ग्रहीय परिसीमा स्तर के अतिलक्षणों का अध्ययन
- मौसम के पूर्वानुमान में उपग्रह के आंकडों का अनुप्रयोग
- भारत में ग्रीष्म मानसून का अंर्तवार्षिक तथा दशकीय मापी परिवर्तनशीलता और इसका 'एल-निनो' व 'दक्षिणी दोलन', 'उत्तर अटलांटिक दोलन' और 'हिन्द महासागर व्दिध्रुव'/ पूर्व-पश्चिम विधा ('जोनल मोड') से संबंध और दक्षिणी तथा पूर्व एशिया के मानसून परिवर्तनशीलता से इसका दूर संयोजन
- युग्मित जलवायु प्रतिमान के अनुकारों का आकलन
- तरंगो के और्जिकी का अध्ययन तथा तरंग से तरंग के पारस्परिक क्रिया
- गौण उष्मा स्त्रोतों के अध्ययन

संख्यात्मक मौसम प्रागुक्ति अनुसंधान तथा मध्यमापी प्रतिरूपण

(एस.एस.वैद्य, जे. संजय, डी.के. त्रिवेदी, पी. मुखोपाध्याय, एस.जोशी, एस. तरफदार)

मौसम निकायों का अनुकार अध्ययन

दो मौसम निकायों का अनुकारी अध्ययन किये गए - एक भारत के पूर्व तट पर स्थित मछलीपटटनम पर 2 जून 2005 में हुई पूर्व मानसून तडितझंझा तथा जो दुसरा एक क्षीण निम्न दाब क्षेत्र से जुडा हुआ एक कमजोर (क्षीण) चक्रवातीय परिसंचरण (भारत के दक्षिण प्रायव्दीप पर 12-15 एप्रिल, 2001 में हुई) 'एडवान्सड रिजनल प्रीडिक्शन सिस्टम' (ARPS) तथा वेदर रिसर्च एण्ड फोरकास्ट (WRF) मोडेल (निदर्श) का उपयोग करके पूर्वानुमान परिणाम के दो समुच्चय प्राप्त किए गए । प्रागुत्तीय प्राचलों, जैसे माध्य समुद्रतल दाब, वायु, आर्द्रता और वर्षा के अवलोकन करके प्रतिमानों के निष्पादनों की तुलना की गई । स्थानगत वितरण की उपग्रह का मेघ चित्रों से तुलना करके वर्षा पूर्वानुमान का गुणात्मक निर्धारण किया गया तथा 'ट्रॉपिकल रेनफॉल मेजरिंग मिशन' (TRMM) का उत्पादों और भारतीय दैनंदिन मौसम रिपोर्ट में दिए गए स्टेशनों के वर्षा के आँकडों से तुलना करके इसकी परिमानात्मक जाँच की गई । आदर्शीकृत तडितझंझा अनुकार के संदर्भ में यह पाया गया कि ARPS मॉडेल ने वर्षा के स्थानगत वितरण का अच्छा अनुमान लगाया जो कि उपग्रह का मेघाचित्र से अच्छा मेल खाता है । तडितझंझा के प्रौढवस्था/ क्षयावस्ता का मध्यमापी लक्षण मध्य-उच्चदाब जो कि अधोपातवाह से संबंधित है , के परिणाम स्वरूप निचली स्तर में अपसारी वातवाह का अनुकरण किया । इस लक्षणों को पूर्वानुमानित करने में WRF मॉडल विफल हो गया । एक कमजोर चक्रवातीय परिसंचरण के केस के अनुसंधान प्रयोग से यह पाया गया कि ARPS मॉडल ने WRF मॉडल की तुलना में वर्षा कि क्षेत्र को बेहतर पूर्वानुमान लगाया । परन्तु दोनों प्रतिमान अवलोकित भारी वर्षा दर को उत्पन्न नहीं कर सकें ।

उष्णदेशीय चक्रवाती तूफान का आदर्शीकृत अनुकार

चक्रवाती तूफान के आदर्शीकृत अनुकार पर अक्षांश प्रभाव, 'बीटा'-प्रभाव, वातावरणीय बहाव तथा इसके उर्ध्वीधर अपरूपण के प्रभाव के अनुसंधान के लिए एम.एम. 5 मॉडल का उपयोग किया गया। 10^0 अक्षांश से सम्बन्धित कोरियालिस प्राचल का अनुभविक सम्बन्ध को उपयोग करके एक बहुत ही क्षीण भ्रमिल का सृजन किया गया । प्रतिमान के संपूर्ण समाकलन प्रक्षेत्र को समुद्री सतह माना गया जिसका सतह तापमान 30^0 सेंटीग्रेट रखा गया । इस भ्रमिक को प्रारंभिक स्थापन करके प्रतिमान को 50 कि.मी. के क्षैतिज वियोजन से 5 दिन के लिए समाकलित किया गया । जब प्रतिरूप को एफ-सतह पर समाकलित किया गया तब अनुकारी भ्रमिल व्यवहारिक रूप में स्थिर रहा तथा और पाँच दिन के समाकलन में अति तीव्र चक्रवातीय तूफान की तीव्रता

तक पहुँच गया । जब निदर्श को ग्रिड अक्षांशों के अनुसार कोरियालिस प्राचल से समाकलित किया गया, तब अनुकारी तूफान उत्तर–पश्चिम दिशा पर गतिमय हुआ जैसे बीटा (b)- प्रभाव से प्रत्यशित है । उदग्राम अक्षांश का संघटट के शोधन के लिए 5° , 10° तथा 15° अंक्षाश के साम्य कोरियालिस प्राचल से भ्रमिलों को सृजित किया गया । यद्यापि कि अनुकारी चक्रवातों की तीव्रता में कोई सार्थक परिवर्तन नहीं मिला परन्तु उच्चतर अक्षांश पर सृजित भ्रमिल ने लघु–तीव्र चक्रवात को उत्पादित किया ।

नवीन ग्रिडेड ऑकडा–समुच्चयों के द्वारा लघु परासी वर्षण पूर्वानुमान का मान्यकरण

भारतीय क्षेत्र के उपर जुलाई 1998 के लिए एक नवीन ग्रिडेड वर्षण–विश्लेषण द्वारा पेनसिल्बानिया स्टेट युनिर्वसिटी तथा नेशनल सेन्टर फॉर ॲटमास्फॉटिक रिसर्च (PSU-NCAR) कि पाँचवा पीढी के मध्यमापी निदर्श (MM5) से प्राप्त वर्षण का मान्यकरण किया गया । इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य यही है कि मध्यमापी निदर्श द्वारा पूर्वानुमानित वर्षण कैसे प्रादेशिक वर्षण में कालिक परिवर्तिता को आकलित करने में उपयोगी रहें है । अक्षांश–देशान्तर के ग्रिड पर किया गया नवीन ग्रिडेड विशलेषण, भारत भुभाग पर स्थित बडी संख्यक वर्षामापी स्टेशन रिकार्ड तथा लगे हुए समुद्रीभाग पर उपग्रह से व्युत्पन्न वर्षण कि आकलन के आधार पर किया गया था । जुलाई–अगस्त 1998 के लिए वर्षामापी स्टेशन प्रेक्षण को ग्रिडेड रूप करने में जों सर्वसामान्य तीन पध्दतियाँ है उनके निष्पादन को तुलना की गई । इनमें से ग्रिडेड वर्षण विश्लेषण कि तैयारी में प्रयुक्त क्रेसमन विश्लेषण को सापेक्षत: बेहतर पाया गया । जापान मेटेरीयोलाजिकल एजेन्सी – जीवेक्स (GEWEX) (विश्व उर्जा व पानी परीक्षण) ग्लोबल एनर्जी वॉटर परिक्षण–एशियन मानसून एक्सपरिमेंट (JMA-GAME) का पुन:विश्लेषित आँकडें को प्रारंभिक स्थापन में उपयोग करके 50 कि.मी. क्षैतिज वियोजन पर एम.एम.5 निदर्श से प्राप्त लघु परासी (एक दिन) वर्षण कि पूर्वानुमान को इस नवीन ग्रिडेड वर्षण के समुच्चय से तुलना की गई । एम.एम.5 का कालिक परिवर्तिता मध्य और दक्षिणी भारत के लिए सापेक्षत: बेहतर पाया गया (**आकृती–1**) ।



आकृति – 1 जुलाई 1998 दौरान संख्याकी अवक्षेपण प्राप्तांक MM 5 दिन पूर्वानुमान के लिये जो भिन्न ग्रीड बॉक्स अवक्षेपण अवसीमा था : साम्ययुक्त आशंका प्राप्तांक (ऊपर) एवं पूर्वाग्रह मॉडल (निम्न)

पुन: विश्लेषित आँकडे में भारतीय क्षेत्र के उपर दैनिक परिवर्तन

दो विपरीत प्रकार के मानसून वर्ष : एक अच्छी मानसून वर्ष (1988) तथा एक बूरी मानसून वर्ष (2002) के लिए नेशनल सेन्टर फॉर एनव्हायरनमेंन्टल प्रीडिक्शन (NECP) डिपार्टमेंन्ट आफ इनर्जी (DOE) द्वारा प्राप्त छ: घंण्टो के विदर कि पुन: विश्लेषण – 2 में स्थित दैनिक परिवर्तन के निष्पादन का अध्ययन किया गया । प्रारंभिक परिणामों से यह सूचित हुआ कि पुन: विश्लेषित आँकडे जरातल के समीप के प्राचलों का दोनों वर्षो के लिए दैनिक परिवर्तन अच्छे से पुनरुत्पान्न हुई । यह पाया गया कि कमजोर मानसून के परिस्थितीयों में स्थल के उपर सतही वायु तापमान की दैनिक असंगतियों को पुन:विश्लेषित आँकडे ने बहुत ही अच्छे से अनुकार किया है । (**आकृती 2**) माध्य समुद्रतल दाब के लिए अर्धदैनिक परिवर्तन का प्रमुखता पाई गई यद्यपि इसका आयाम थोडा सा अधि आकलित होते दर्शित हुआ।

यह अध्ययन बहुत ही उपयोगी होगा क्योंकि भारतीय मानसून के शोध में पुन:विश्लेषित आँकडे की विस्तृत रूपमें उपयोग होने के बावजूद भारत क्षेत्र पर इन आँकडों की दैनिक परिवर्तन की चर्चा इत:पूर्व नहीं हुई है ।



आकृति–2 : जू जु अ सि 1998 (JJAS 1998) के मध्य दैनिक असंगत (दैनिक औसत के संबंध) (बायें) एवं 2002 (दायें) के लिये 2-m वायु तापमान (^{0}C) जो 0000, 0600, 1200 एवं 1800 यूटीसी (UTC) NCEP-DoE पूनविश्लेषण डाटासंच से प्राप्त

*गांगेय बंगाल के काल वैशाखी (**Nor'westers**) का अध्ययन*

काल वैशाखी ऐसे तडित झंझा है जो पूर्व–मानसून महिनों में गांगेय बंगाल में प्रतीत होती है । निकायों के विरचन, प्रौढता एवं क्षीणता दशायें निकाय–पथ, और निकाय से जनित क्षेत्रीय और कालिन वर्षण के वितरण पहचानने और समझने के लिए विस्तृत अध्ययन किए गए। 16 एप्रिल, 30 एप्रिल और 8 मई 2003 के काल वैशाखी की घटनाओं के लिए 'डॉप्लर रडार' आँकडों का उपयोग किया गया है । दोपहर (0600 यु.टी.सी.) को बिहार पठार पर गंभीर संवहन की शुरुआत पाई गई और यह तीव्र संवहन सामान्य रूप में उपग्रहीय आँकडों से ही सूचित होती है क्योंकि यह स्थान डॉप्लर रडार के परास से दूर है । निकाय का प्रौढता 0900~1100 यु.टी.सी. के बीच में तथा क्षीणता 1200~1400 यु.टी.सी. के बीच में होना पाया गया । यह भी पाया गया है कि यह निकाय 50 कि.मी./घंण्टे की औसत गति से 6 घंण्टे के अन्दर लगभग 250~300 कि.मी. की दूरी तय करता है । निकाय का प्रौढता में डॉप्लर रडार ने 16~18 कि.मी. उंचाई तक गभीर संवहन को पहुंचते हुए दिखाया । निकाय की क्षीण दशा दो भागों में टूटते हुए पाया गया जिनमें से एक परिवर्ती स्थिति में बंगाल की खाडी कि तरफ तथा दूसरा बंगला देश की तरफ जाते हुए पाया गया । निकाय ओडिसा से उस्थापित होकर पश्चिम दिशा से आते हुए पाए गए या तो बिहार पठार से उस्थापित होकर उत्तर–पश्चिम दिशा से आते हुए पाये गए । यह निर्णायक रूप से दिखाया गया है कि डॉप्लर रडार ऑकडें निकाय के जीवन–चक्र और आन्तरिक संरचना को दर्शा पाते है । डॉप्लर और उपग्रहीय आँकडों की संयुक्त इस मध्यमापी घटनाओं का विस्तृत वियोजन कर पाते है अन्यथा ये हम लोगों को अनजान रहते। यह उपगमन गंग–बंगाल के उपर इन तेज मौसमी निकायों के पूर्व संसूचन और चेतावनी के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है ।

अधिकतम अवक्षेपण घयनाओं का अध्ययन

क्षेत्रीय वायुमंडलीय प्रतिरूपण प्रणाली (RAMS) की अत–जल स्थैतिक आवृत्ति 6.0 से मुम्बई में 26-27 जुलाई 2005 में अधिकतम वर्षण अवक्षेपण (944 mm) का अनुकरण किया गया। प्रतिरूपण को दो समूह ग्रीड को स्तंभीय विभेदन 48 एवं 16 पर क्रमानुसार कार्यान्वीत किया गया। 6 घंटे का विश्लेषण NCEP प्राचलन 1^0 x 1^0 विभेदन का उपयोग प्रतिरूपण के लिये आरंभ किया। प्रतिरूपण को 48 घंटो के साथ 0000 यूटीसी (UTC) से 26 जुलाई को प्राचलन किया गया।प्रतिरूपण ने तापमान एवं आर्द्रता गालकों को देखे गये गालकों के साथ बराबर पाया गया। प्रतिरूपण अनुकरण ने अधिकत्तम वर्षण क्रियायें (>100 mm) पश्चिम तट पर देखे गये तथा ~110 mm संचयन वर्षण शांताक्रुज के समीप देखा गया। काल विभेदन द्वारा संचयन वर्षण ने अधिकतम वर्षा की शुरवात करीब 1200 यूटीसी (UTC) से होकर 0000 यूटीसी (UTC) 27 जुलाई तक देखे गये।

विस्तारित परिसर मौसम प्रागुक्ति अनुसंधान

(आर.एच.कृपलानी, एस.एस.दुगम, एस.डी.बनसोड, ए.ए.कुलकर्णी, एन.वी.पंचवाघ, एस.बी.काकडे, एस.एस.साबडे, एस.आर.इनामदार)

द्विगुणीय वायुमंडलीय कार्बन डाय ऑक्साइड (CO_2) के साथ एशियाई मानसून का अनुक्रिया: युगट्टीय जलवायु निदर्शों के प्रक्षेपण

जलवायु परिवर्तन पर चौथा अन्तर सरकारी पैनेल की रिपोर्ट को तैयार करने के लिए उप सह संयोजिक प्रयोग करनेवाली 22 युगमीय जलवायु निदर्शों से प्राप्त हुई फल को ले के 20 वीं सदी की अनुकरित फल तथा 21 वीं सदी की प्रक्षेपित फल बनाया गया तथा यह फल से दक्षिणी (विशेष रूप से भारत) तथा पूर्व एशिया (विशेष रूपसे चीन, जापान तथा दक्षिण कोरिया) के ग्रीष्म मानसून वृष्टिपात में परिवर्तिता का परीक्षण किया गया । बहु निदर्श समुदाय प्रविधि (तकनीक) का प्रयोग करके द्विगुणीय कार्बन डाई-ऑक्साईड (CO_2) की विकिरणी बलीयन का दृश्यता से भविष्य प्रक्षेपों को परीक्षण किया गया ।

सी.जी.सी.एम. 3.1 (कनाडा), सी.एन.आर.एम-सी.एम. 3 (फ्रांन्स), ई.सी.एच.ए. एम-5/एम.पी.आई - ओ. एम. (जर्मनी) , एम.आई.आर.आर.ओ.सी. 3.2 हायर्स और मेडरेस (जापान) और यू.के.एम.ओ. - एच.ए.डी.सी. एम. 3 (यू.के) - यह 6 निदर्शो, जो दक्षिण-एशिया का 20 वीं सदी का सबसे यथार्थक मानसून जलवायु को उत्पन्न किया, वह मानसून वृष्टिपात में 8.2% वृध्दि को प्रक्षेप किया। निदर्शो ने मानसून काल का पूर्व-शरत तक की सम्भावित विस्तरण का भी सलाह दिया । उत्तर-पश्चिम भारत-पर्सिया पर उष्मा अवदाब और भारतीय गांगेय समतल पर कम दाब कि द्रोणी के तीव्र वृध्दि को मानसून की पूर्वावस्था के वृष्टिपात में प्रक्षेपित वृष्टि का कारण पाया गया । इन दाब-निकायों का गहराना (Intensification) को पश्चिमी-युरेशिया के उपर शीत/वसंत के हिमपात में कमी के कारण माना गया ।

19 निदर्शो के बहु-निदर्श समुदाय पर आधारित पूर्व एशिया के उपर माध्य ग्रीष्म-मानसून वृष्टिपात में 7.8% वृध्दि का प्रक्षेप हुआ है । निदर्शो ने ग्रीष्म-मानसून वृष्टिकाल (पश्च बसंत से पूर्व शरत तक) में सम्भावित वृष्टि का संकेत दिया है । पूर्व एशिया ग्रीष्म मानसून वृष्टिपात में परिवर्तन को उत्तर-प्रशान्त उपोष्ण उच्चदाब के गहराने और इससे सम्बधित अन्तर्देशीय प्रशान्त से आर्द्रवायु के सहचारी अन्तर्वाहसे सम्बधित किया जा सकता है ।

पूर्व एशिया पर चरम मानसून : हिन्द महासागर जोनल मोड (पूर्व-पश्चिम विधि) का सम्भावित भूमिका

सहसंम्बध और संयुक्त विश्लेषण, प्रविधियों का प्रयोग करके पूर्व एशिया (चीन,कोरिया और जापान) के चरम ग्रीष्म मानसून पर हिन्द महासागर के जोनल मोड (पूर्व-पश्चिम विधि) के प्रभाव का अनुसंधान किया गया । परिणामों ने यह प्रत्यक्ष्य किया कि इस विधि का धनात्मक विधि चीन में ग्रीष्म-मानसून सक्रियता को बढाता है, लेकिन कोरिया-जापान सेक्टर पर सक्रियता 3-4 ऋतु के बाद के मानसून सक्रियता को शमन करता है । यह सम्बध चीन की अपेक्षा कोरिया-जापान क्षेत्र पर अधिक संगत और गहरा था ।

हिन्द महासागर एवं पूर्व रशिया मानसून के बीच संयोग से दो वाहिका जो उत्तरी युरेशियन क्षेत्र से या दक्षिणी इण्डोनेशिया के बहाव क्षेत्र से होकर स्थापित हो सकती है। भारतीय उपमहाद्वीप पर विसंगति उष्मा जो उत्तर-पश्चिम भारत पर विसंगति प्रति-चक्रवात के उपस्थिति को उष्णकटिबंधीय उष्मा उपविषुवत पर स्थित रोसबी प्रकार (प्ररुप) अनुक्रिया से कार्यप्रणाली कर सकती है (गिल,1980)। यह विसंगति प्रति-चक्रवात पश्चिमी मध्य अक्षांश और क्षेत्रीय रोसबी तरंग संरचन से अद्यप्रवाह में अनुक्रिया प्रेरित करता है।

उपरोक्त दृश्यावली को परीक्षण करने के लिए 5 चरम जोनल मोड (पूर्व-पश्चिम विधि) संघटनाएं के शरतकाल तथा इन मोड के परवर्ती शीत, वसंत और ग्रीष्म काल में 500 hPa के गुविभव उच्चता के संयुक्त अन्तर गणना किए गए और प्रस्तुत किए गए (**आकृती 3**) संयुक्त अन्तर घन घटाव ऋण घटनाओं के लिए तैयार किए गए ।

40° N के उत्तर में और 40° E (SONO पैनेल) के पश्चिम में घनात्मक विसंगतियॉ अवतलन को सूचित किया जैसे कि एडवेल और हासकिन्स (1996) ने सुझाया । एलशियन कम दाब का गहराना जो कि 40° N, 150° W के समीप में ऋणात्मक उँचाई विसंगतियॉ से स्पष्ट या शीतकाल (DJF+1 पैनेल) का मुख्य लक्षण था । एलूशियन कम दाब का यह गहराना, आगामी ग्रीष्म में उत्तर प्रशांत उपोष्ण उच्चदाब (NPSH) के उचित विकास को संदमित किया होगा। वसंत ऋतु (MAM+1 पैनेल) के दौरान पश्मिम एशिया से उत्पन्न होकर पारी पारी से ऋणात्मक तथा घनात्मक विसंगतियों के साथ उत्तरी गोलार्ध के माध्य अक्षांशो के उपर एक सुव्यवस्थित रोसबी तरंग श्रेणी संरचना (संरचना) प्रचलित की। ग्रीष्म ऋतु (JJA+1 पैनेल) 45° N, 170° W पर केन्द्रित एक विसरित NPSH को प्रस्ताव किया।

ZMI और कोरिया (कोरिया) एवं जापान पर मानसून वृष्टि में ऋणात्मक सम्बन्ध के सुसंगत (अनुरूप) कोरिया-जापान क्षेत्र शुष्क उत्तरी वायु के प्रभाव में पाया गया जो कि वृष्टिपात सक्रियता को संदमित करती है । दूसरी तरफ, 20°N, 120°E (JJA+1 पैनेल) के समीप में केन्द्रित कमजोर विसंगतीय प्रतिचक्रवातीय परिसंचरण चीन किनारा के साथ साथ दक्षिणीय अधोस्तर पर प्रधार को बलवर्धक करता है जो प्रशान्त से आर्द्र वायु चीन में लाता है तथा मानसून सक्रियता को बढाता है। फिर यह ZMI/CMR के धनात्मक सम्बन्ध के साथ सुसंगत है।



आकृति–3 : 500 hPa भूविभव ऊँचाई जो मीटर में संयुक्त ऋतुवीय विभिन्नता के लिये अति क्षेत्रीय प्रणाली घटनाओं (घटनात्मक मतलब गुणात्मक) जो शरद (SONO) एवं निम्न शिशिर (डिजे एफ+1) (DJF+1) वसंत (माअम+1) (MAM+1) एवं ग्रिष्म (जूजुअ+1) (JJA+1) है।5(1)% सतह की विभिन्नता की पहलू महीन (गडद) धुंदली छाया से दर्शाई गई है।

वृष्टि के सापेक्ष मौसम बीमा

प्रावस्था II में राष्ट्रीय बीमा परिषद के साथ 'वृष्टि के सापेक्ष मौसम बीमा' पर सहयोगी परियोजना में आन्ध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिसा, पश्चिम बंगाल, असाम, बिहार, झारखंड, छत्तीससगढ, तामिलनाडू, केरल, उतरांचल, हरियाना, मेघालय और गुजरात राज्यों के 330 जिलों के महत्वपूर्ण फसलों जैसे कपास, मुंगफली, ज्वार, बाजरा, मक्का, लाल चना, हरा चना, रेड़ी, तूर, सीयाबीन, धान और गन्ना के लिए फसल बीमा योजना विकसित की गई। असफल बोवाई और मौसमी वृष्टि नामक दो उत्पाद अभिकल्पलित किये गये ।

हिन्द महासागर द्विध्रुव–पूर्वी एशिया मानसून सम्बन्धन को प्रकिया : NCAR/CAM अनुकारें

पूर्व एशिया में ग्रीष्म मानसून परिवर्तिता पर द्विध्रुव विधा के प्रभाव का गतिकीय पध्दति द्वारा अनुसंधान किया गया । CMA2 के नेशनल सेन्टर ऑफ एटमास्फेरिक रिसर्च (एन.सी.ए.आर) से संख्यात्मक परिक्षण किये गए । जलवायीव समुद्र सतह तापमान के साथ नियन्त्रित परीक्षण और जलवायीव पर अध्यारोपित द्विध्रुव विधा के धनात्मक (गर्म पश्चिमी विषुवृतीय हिन्द महासागर और 'ठंड पूर्वी हिन्द महासागर) तथा ऋणात्मक (ठंडे पश्चिम गर्म पूर्व) प्रावस्था से संयुक्त SST वितरण विक्षोभित दो परिक्षण किये गए ।

परिणामों ने प्रत्यक्ष किया कि शरत में द्विध्रुव का चरम धनात्मक प्रावस्था कोरिया–जापान अवखंड के उत्तर, पूर्वी युरेशियापर शीतकाल/बसंन्त के दौरान भारी हिम प्रेरित करता है और बसन्त में हिम की भारी मात्रा उत्ताप दर शमन करती है, जो उत्तर से शुष्क और 'ठंडी वायु को परिवहन करके,पार विषुवृतीय प्रवाह एवं पूर्व एशिया के ग्रीष्म मानसून परिसंचरण को कमजोर करती है। यह पूर्व एशिया विशेष कर कोरिया–जापान, दक्षिणी चीन तथा लगे हुए पश्चिमी प्रशान्त क्षेत्र पर मन्द ग्रीष्म मानसून वृष्टिपात प्रक्रिया में परिणामित होती है। तीन मौसमी बाद के विलंबित प्रभाव के लिए स्मृति पूर्वी युरेशियापर शीतकाल/बसन्त में हिम द्वारा वाहित कि जाती है ।

मध्य–क्षोभ मंडलीय भूविभव उंचाईयों एंव भारतीय ग्रीष्म मानसून वर्षण के बीच सहसंबंध

मध्य–क्षोभ मंडलीय भूविभव उंचाईयों और भारतीय ग्रीष्म मानसून वृष्टि सम्बन्ध1958 से 2003 तक के लिए भारतीय ग्रीष्म मानसून वृष्टिपात (आई.एस.एम.आर) और मासिक 500 एच.पी.ए. भू–विभव उंचाईयों के आँकडों का प्रयोग करके मध्य क्षोभमंडलीय भू–विभव परिसंचरण तथा आई.एस.एम.आर. में सम्बध्दता की परीक्षा की गई। विश्लेषण ने पूर्वी प्रशांत महासागर के उपर जनवरी माह में एक द्विध्रुव संरचना को दर्शाया, जो फरवरी में तीव्र होता है ओर मार्च में कमजोर पड जाता है । फरवरी में पूर्वी कटिबन्धीय उष्ण देशीय प्रशांत महासागर पर 500 एच.पी.ए.का उंचाई (सूचकांक एक) का आई.एस.एम.आर. के साथ सार्थक धनात्मक संबंध (आर = 0.72) पाया गया। इसके अलावा जनवरी में उत्तर–पश्चिम युरेशिया के उपर सतह वायु तापमान विसंगति का आनेवाले ग्रीष्म मानसून वृष्टिपात से सम्बन्ध पाया गया । विश्लेषण समय में इस सम्बन्ध को सुसंगत और पुष्टिकर पाया गया एवं सूचकांके एक दुसरे से स्वतंत्र पायी गई। सूचकांक 1 और सूचकांक 2 के प्रयोग से आई.एस.एम.आर की प्रायुक्ति के लिए एक बहु रेखिक समाश्रयण निदर्श विकसित किया गया और अनुभविक सम्बन्ध का स्वतंत्र आँकडो द्वारा जाँच किया गया। उपर्युक्त निदर्श का प्रयोग करके आई.एस.एम.आर की प्रायुक्ति संतोषप्रद पाई गई ।

मानसून और उष्णदेशीय मौसम निकायों पर अनुसंधान

(यू.वी.भिडे, एम.वाय.तोटगी, वी.आर.मुजुमदार, पी.वी.पुराणिक, एस. एम. बाविकसर, एस.पी.घाणेकर, एम.डी.चिपाडे)

दक्षिण–पश्चिम मानसून की अंत:क्रतीय परिवर्तिता पर अति दीर्घ तरंगो (तरंग 1 और 2) का प्रभाव

अभिनव 6 वर्ष (2000-2005) के एन.सी.ई.पी./ एस.सी.ए.आर वायु आँकडों के विश्लेषण ने यह दर्शाया कि मानसून (1 जून से 30 सितंबर) में भारत के उपर दैनिक वृष्टिपात और निम्न अक्षांश पर अति दीर्घ तरंगो (तरंग 1-2) के निचली क्षोभ मंडलीय और्जिकी प्रावस्था में परिवर्तीत होते है (**आकृती 4**) । यह अनुसंधान भारत के उपर दक्षिण–पश्चिम मानसून के संक्रियात्मक लघुकालीय पूर्वानुमान के लिए पूरक औजार के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।



आकृती 4 : मानसून के दौरान पूरे भारत की दैनिक वृष्टि तथा 10^0 उ. के 850 एचपीए पर तरंग 1 तथा 2 के दैनिक संवेग परिवहन के सामायिक परिवर्तनों की तुलना

तरंग संख्या–आवृत्ति परिक्षेत्र में दीर्घ मापीय वायुमंडलीय विक्षोभ परिवहन प्रक्रियाएँ

विभिन्न आकारों तथा आकृतियों की भंवरों के गति योगदान को समझने के लिए दीर्घ भाषी वायुमंडलीय गति के शक्ति स्पेक्ट्रम और क्रास स्पेक्ट्रम और इनका तरंग संख्या आवृत्ति परिपेक्ष में परिवहन का विश्लेषण आवश्यक है।

तरंग संख्या आवृत्ति क्षेत्र में देशान्तर–काल स्पेक्ट्रा के विश्लेषण के लिए एक अत्यधिक सामान्य पध्दति को विकसित किया गया। तरंग संख्या आवृत्ति परिक्षेत्र में दीर्घ–मापी वायुमंडलीय गतियों के संवेग, संवद्य ऊष्मा और गतिक ऊर्जा विनमयों की गणना के लिए नियंत्रक समीकरणों को व्युत्पन्न किए गए । यह पध्दति संक्रमणी तरंगो के उनके लम्ब माप प्रावस्था गति तथा गति की दिशा के पदों में विश्लेषण को अनुमत करता है एवं अग्र पश्चात गतिक तरंगो के सापेक्ष महत्ता को निर्धारण किया जा सकता है। आगे, गतिज और आन्तरिक उर्जाओं पर वेग तथा तापमान के रैखिक एवं अनुरैखिक वैश्विक प्रभाव का अध्ययन किया जा सकता है । तरंग संख्या

आवृत्ति परिक्षेत्र में याम्योत्तर परिवहन संवेद्य उष्मा तथा कोणीय संवेग का या तो पुरे विश्व या किसी एक गोलार्ध के लिए, अध्ययन किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त तरंग संख्या परिक्षेत्र एवं आवृत्ति परिकाल का विशेष घटनाएँ हो सकते है ।

2005 के लिए मानसून आगमन की प्रायुक्ति

एप्रिल के महिने में दक्षिणी प्रायद्वीप के वरित स्थानकों पर साप्ताहिक संचयी तडित झंझा की आवृत्तियों में अभिलक्षणिक शिखर (जो मानसून आगमन से 5-8 सप्ताह पहलें अवलोकित होती है) की सूचना का उपयोग करके केरला के उपर भारतीय ग्रीष्म मानसून के आगमन तिथि की प्रागुत्ति के लिए एक समाश्रयण समीकरण विकसित किया गया । एप्रिल 2005 के लिए सक्रियात्मक विधि (वास्तविक काल आधारित) से मिले सुचनाओं के आधार पर, 5 जून को मानसून आगमन तिथि घोषित किया गया, जो कि भारत मौसम विभाग द्वारा भी अवलोकित किया गया। इस तकनिकी का प्रयोग मानसून आगमन तिथि के सक्रियात्मक पूर्वानुमान के लिए वास्तविक काल माप पर की जा सकती है ।

सक्रिय / दुर्बल मानसून पर मध्य क्षोभमंडलीय परिस्थिती का प्रभाव

बाबमेक्स-99 के दौरान सक्रिय और दुर्बल प्रावस्थाओं के आर्द्र आरोहण के आपेक्षिक आर्द्रता, qe और qes के माध्य परिच्छेदिकाओं की तुलना ने ठंढे एवं सापेक्षत: कम आर्द्र मध्य क्षोभमंडलीय दुर्बल प्रावस्था को दर्शाया जो निरूध्द संवहनी सक्रियता को इंगित करता है ।

बंगाल की खाडी में अवदाबों का विकास

1997, 1998, 1999 और 2002 के मानसून मौसम के दौरान पूर्वी और पश्चिमी भारत पर आपेक्षिक आर्द्रता, ऊर्ध्वाधर वेग और भ्रमिलता के ऊर्ध्वाधर समय परिच्छेद के विश्लेषण ने उदधाटित किया कि, निम्न स्तरी प्रबल चक्रवातीय भ्रमिलता और वायुमंडल के गहरे आर्द्र स्तर की उपस्थिती में बंगाल की खाडी पर कम दाब निकाय अवदाबों के रूप में तीव्र होते है । प्राय: जब भारत के पश्चिमी भाग का मध्य क्षोभमंडलीय वायुमंडल सापेक्षत: शुष्क था और गहरे स्तर का अवतलन रखता था ।

गौण आँकडो का उपयोजन केन्द्र (एस.डी.यू.सी.)

एस.डी.यू.सी. में प्रतिदिन प्राप्त उपग्रहीय मेघ प्रतिबिम्बाकृतियों को संग्रहीत किया गया तथा मौसम अध्यावधिक के लिए प्रदर्शित किया गया । मानसून 2005 का आगमन, अग्रसरण, स्थिरीय और निवतित प्रावस्था और साथ में ऋतु के दौरान बने विभिन्न मौसम निकायों को मानीटर किया गया। मानसून 2005 के दौरान संस्थान में आयोजित 'वर्तमान मौसम वाद-विवाद' न के लिए इन मेघ प्रतिबिम्बों का उपयोजन किया गया। दर्शक जिनमें राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय माध्यम सेविवर्ग, विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा प्रशिक्षण संस्थानों इत्यादि के विद्यार्थी शामिल थे, केन्द्र में आए एवं सामान्य मानसून निकाय के अवलोकन में मेघ प्रतिबिम्बों की उपयोगिता तथा भारत के मौसम निकायों में अभिनव विकासों को देखा ।

उपग्रह मौसम विज्ञान तथा उपग्रहीय आँकडों का मौसम पूर्वानूमान में अनुप्रयोग

(पी.एन.महाजन, एस.के.सिन्हा, आर.एम.खलदकर, एस.नायर, एस.जी.नारखेडकर, एम. महाकुर, ए. प्रभु)

जलवायु अनुसंधान में उप्रग्रहिय आँकडों का अनुप्रयोग

15 मई-15 जून, 1999 और 15 मई-15 जून, 2001 के इनसैट आई.आर. पिक्सेल आँकडें भारत मौसम विभाग से प्राप्त तथा प्रक्रम किए गए । 40°- 100° पू. तथा 10° द.- 40° उ. प्रक्षेत्र में 1999 के 2.5° x 2.5° ग्रिड पर तथा 2001 के लिए 1° x 1° अक्षांश दिशान्तर ग्रिड पर बहिर्गामी दीर्घतरंग विकिरण (ओ.एल.आर.) मान उत्पादित किए गए। संस्थान में उत्पादित ओ.एल.आर. मानों की भारत मौसम विभाग के संगत मानों से तुलना की गई। यह पाया गया कि दोनों आँकडें समुच्चय, साँख्यिकीय अभिदिशा और अनुरूप में एक दुसरे से मिलते है । यह काम आई.एस.आर. ओ. के आरंभिक परियोजना 'जलवायु अनुसंधान में उपगहीय आँकडों का अनुप्रयोग' के अन्तर्गत किया गया । इस अध्ययन के लिए पूर्व इनसैट आँकडों का प्रक्रम किया जाएगा एवं ओ.एल.आर. आँकडों को बेहतर वियोजन पर उत्पादित किया जाएगा ।

उपग्रहीय आँकडों से वायु का आकलन

नवम्बर 2004 के प्रथम सप्ताह में प्राप्त मीटियोसेटे-5 आई.आर.प्रतिबिम्बों का प्रयाग करके वायु का आकलन किया गया। उंचाई नियतन पद्धति में अर्ध-पारदर्शी संशुद्धि के अनुप्रयोग के लिए आई.आर. तथा डब्ल्यू.वी. विकिरणित ऊर्जा-मान का उपयोग करके ' जल वाष्प अपरोधन पद्धति का उपयोग किया गया । एक आर.टी. निदर्श का उपयोग करके एन.सी.ई.पी/एन.सी.ए.आर. पुन:विश्लेषित तापमान तथा आर्द्रपरिच्छेदिका से अपारदर्शी मेघ पर विभिन्न ऊंचाईयो के लिए सैद्धान्तिक विकिरणित ऊर्जामान का अनुकार किया गया ।

चक्रवातीय तूफानों का अध्ययन

स्क्टेरोमीटर (क्विकस्कैट) आँकडों तथा टी.आर.एम.एम. माइक्रोवेव इमैजर (टी.एम.आई.) आँकडो की मदद से 22-28 मई 2001 में अरब सागर पर बने अति तीव्र चक्रवातीय तुफान से संबंधित समुद्र सतह पर वायु का वेग एवं वृष्टिपात का अध्ययन किया गया । तुफान के विभिन्न स्थितियों के वायु वेग में 15 मी./ से. से 35 मी. / से. तक का परिवर्तन पाया गया । कम दाब क्षेत्र बनने के एक दिन पहले 15-20 मी./ से. की वायु पायी गई। 27 मई 2001 को अति तीव्र चक्रवातीय स्थिति में समुद्र पर दक्षिण-पश्चिमी भाग में चक्रवात के केन्द्र से 250 कि.मी. दूर 25-30 मी. / से. के प्रकार की प्रबल वायु पायी गई । उसी क्षेत्र पर, स्क्टेरोमीटर वायु तथा एम.एस.एस.आर. व्युत्पन्न समुद्र सतह पर वायु वेग की तुलना ने दर्शाया कि स्कैटरोमीटर वायु एम.एस.एम.आर. वायु से 10-15 मी./से. प्रबल है। 22 से 26 मई तक चक्रवात दक्षिणी या दक्षिण-पश्चिमी भाग में 200 कि.मी. की दूरी तक 16-20 मि.मी./घंण्टा की वृष्टिदर के साथ सुव्यवस्थित संवहन देखा गया ।

अपवादीय भारी वृष्टिपात की घटना का अध्ययन

कल्पना-1, मीटियोसैट-5, डी.एम.एस.पी.तथा टी.आर.एम.एम. नामक अनेक राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय उपग्रहों से प्राप्त आँकडों का उपयोग करके 26 जुलाई 2005 को शांताक्रुज में इस अपवादीय अति भारी वृष्टिपात को मानीटर किया गया। इस नाशकारी घटना के पूर्ण जीवन चक्र कें दौरान मौसम प्राचलों में उत्पन्न तीव्र परिवर्तनों का अवलोकन करने के लिए इस घटना के एक दिन पहले और एक दिन बाद विजिबुल-इनफ्रा रेड प्रतिबिम्बों , गभीर संवहन, भूभौतिक प्राचलों तथा वर्षण दर में आए बदलाव का अध्ययन किया गया । उपग्रहीय निवेशों से यह प्रकट हुआ कि 26 जुलाई को भ्रमिल क्षेत्र में समाकलित जन बाष्प(60 मि.मी.), द्रव जल अंश (0.3 मि.मी.), गभीर संवहन (85 वाट/मी^{2}) तथा वर्षण दरें (50 मि.मी./घण्टा) अपने अधिकतम मान पर थे, जब टी.आर.एम.एम. उपग्रह शान्ताक्रुज के उपर से प्रचलित रहा था। अपार तट द्रोणी का विकास और संवृध्दि केवल 26 जुलाई को हि उपलब्ध था । इसलिए 25 और 27 जुलाई को अवलोकित उपग्रह से व्युत्पन्न प्राचलों का परिणाम 26 जुलाई की तुलना में कम था । बहुल उपग्रहों के समाकलित उपगमन से प्राप्त परिणाम निश्चित रूपसे ऐसे नाशकारी घटना के विकास के दौरान पूर्विपाय प्रमाण लेने के लिए प्रभावी युक्ति को सूचित करते है (**आकृती 5 तथा 6**) ।



आकृती 5 : डी.एम.एस.पी.एफ 13 एसएसएमआय से मानिटर किया गए 25 से 27 जुलाई 2005 के बीच भूभौतिक प्राचलों में परिवर्तन



आकृती 6 : 26 जुलाई 2005 को शान्ताक्रुज पर अत्याधिक से अधिक भारी वर्षा घटनाके लिए टिआरएमएम मापित वर्षण दर

दैनिक वृष्टिपात का मध्यमापी वस्तुनिष्ट विश्लेषण

भारतीय मानसून क्षेत्र के लिए नियमित अक्षांश/देशान्तर ग्रिड पर दैनिक वृष्टिपात विश्लेषण के लिए एक मध्यमापी वस्तुनिष्ट विश्लेषण योजना का प्रयोग किया गया। अनियतिम: वितरणीय दैनिक वृष्टिपात आँकडें को नियमित ग्रिड पर अंतर्वेष करने के लिए बार्नेस स्कीम का अनुप्रयोग किया गया । अंतर्वेषित सरणी का स्थानगत वियोजन 0.25° अक्षांश तथा 0.25° देशान्तर था। इन्सैट आई.आर. विकिरणित ऊर्जामान से व्युत्पन्न दैनिक वृष्टिपात तथा वर्षामापी अवलोकनों को मिलाकर उस विश्लेषण को उत्पाद किया गया। इस अनुसंधान में कुछ वस्तुनिष्ठ विश्लेषणीय व्यवरोध नियुक्त किए गए। आँकडें अंतराल के प्रकार्य के रूप में बाट को निर्धारित किए गए। विश्लेषित मानों के अभिसरण को प्राप्त करने के लिए ऑकडों के द्वारा तीन दर्श तथा औसत ऑकडें अंतराल के दुगुने से कम तरंगदर्ध्य का स्वचलीत विलोपन विचार किए गए। विश्लेषित वृष्टिपात के अभिलक्षणिक कों निरूपण करने के लिए 1994 के मानसून के दौरान एक प्रतिरूपी पश्चिमाभिमुख गतिमान मानसून अवदाब का कैस चुना गया। बार्नेस तीन दरी योजना का प्रयोग करके 16 से 21 अगस्त 1994 इन छ: दिनों के लिए वस्तुनिष्ठ विश्लेषण पूर्ण की गयी। भार फलन मापक्रम लम्बाई प्राचल (सि, गौसियन भार फलन चरघातांकी को एक मान-परास पर परिवर्तन किया गया एवं सि के उचित मान को चुनने के लिए वर्ग-माध्य-मूल तृटियों को अभिकलन कियागया। सी की मान, संशुध्दि दरी की संख्या पर एवं अवलोकनों के घनत्व पर निर्भर करती है। इस विश्लेषित प्रणाली से निर्गम क्षेत्र के अभिलक्षणों की परीक्षा अवलोकित मानों से विश्लेषित वृष्टिपात से तुलना करके की गई ।

उष्णदेशीय मानसूनों में वायु-साख पारस्परिक क्रियायें

(पी.सीतारामय्या, एस.जी.नागर, टी.वेणूगोपाल, एस.महापात्रा, यू.अय्यर, जी.आर.चिंतालू, ए.आर.धकाते)

आरमेक्स – 2003 में दक्षिण-पूर्व अरब सागर पर समुद्री वायुमंडलीय सीमांत स्तर के वायुराशी अभिलक्षणों की तुलना

दक्षिण-पूर्व अरब सागर के एक स्थिर स्थान 9.22° उ, 74.51° पू , पर समुद्री वायुमंडलीय सीमांत स्तर में वायुराशी के गतिकी एवं ऊष्मा गतीकी अभिलक्षणों को समझने के लिए आरमेक्स-2003 के 23 मार्च- 7 अप्रैल 2003 (P1) एवं 23 मई-7 जून 2003 (P2) काल के मिनी सोंडे आँकडों (वायु-ताप, ओसांक ताप, तथा वात क्षेत्र) को विश्लेषित किया गया। इस स्थान पर लघु उष्ण कुंड (एस.एस.टी.=30° सें) को उत्ताप प्रावस्था मार्च-अप्रैल महीनें में उदभव होकर तदनन्तर बाहर की तरफ फैलता है। केरल मे मानसून का आगमन 8 जून को हुआ। (सामान्य दिनांक 1 जून से एक सप्ताह देरी सें) (**आकृती 7**) पी 1 और पी 2 के दौरान जहाज के स्थिर स्थान पर बात सदिश का ऊर्ध्वाधर समय परिछेद दर्शाता है। समय और उंचाई दोनों में सामान्यत: वात क्षेत्र ने मान्य उच्चावचन दिखाया। पी 1 और पी 2 में वात क्षेत्रों की तुलना ने दिखाया कि दिशा में बिना कोई अधिक परिवर्तन के पी 2 की अपेक्षा पी 1 में ऊर्ध्व स्तर का वायु तेज है । पी 1 में 850 एच.पीए. के नीचे 900 एच.पीए. पर 4-8 मी/से के अधिकतम वेगवाली शुष्क तथा ठंडी उत्तर-पश्चिमी पवन और 750 एच.पी.ए. पर 14-16 मी/से के जेट वेग के पवन 850-680 एच.पी.ए. की अन्तर में उत्तरी-पूर्व पवन प्रचलित हुआ। पी 2 के दौरान भी समरूप पवन प्रतिरूपों परन्तु अल्प तीव्रता के साथ प्रचलित हुआ। ऊर्ध्व स्तर में शान्त एवं 850 एच.पीए. के नीचे पवन की दिशा से उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम तक कि परिवर्तन के साथ 5 जून में पवन संरचना में आकस्मिक बदलाव घटित हुआ। 900 एच.पीए. पर 10-14 मी/से के अधिकतम पवन वेग के साथ 6 और 7 जून को यह दक्षिण पश्चिमी पवन प्रमुख थे । 5 जून के अतिरिक्त पवन क्षेत्र ने मानसून आगमन का कोई भी पूर्व सूचना नहीं दिया।



आकृती 7 : पी 1 और पी 2 मे दक्षिण–पूर्व अरब सागर में 9.22^0 उ. 74.51^0 पू. पर सदिश वायु उर्ध्वाधिर समय परिच्छेद।

पी 1 तथा पी 2 के लिए **आकृती 8** उष्मागतिक संरक्षी परिवर्तियॉ जैसे आभासी विभव ताप (qes) तथा विशिष्ट आर्द्रता (q) का माध्य परिछेदिका दिखाता है। इन ऊष्मागतिक प्राचलों के आधार पर, जो कि वायुराशि अभिलक्षणों कि अभि निर्धारित करनें में उपयोगी है, समुद्री वायु मंडल को विभिन्न स्तरों जैसे कि उप–मेघ स्तर, मेघ स्तर , प्रतिलोमन स्तर, संक्रमण स्तर एवं अवशिष्ट स्तर (आकृती 8) में विभजित किया गया। 4.2 कि.मी. (620 एच.पीए.) जो समुद्री वायुमंडलिय सीमांत स्तर के चूडा को निरूपण करता है, पर 327.5 के (उत्तरी उदगम वायु राशी) की न्यूनतम qe पाई गई। पी 1 में समुद्री वायु मंडल ने 1 से 35 कि.मी. के बीच शुष्कपन दिखाया । जब कि पी 1 से पी 2 में पवन दिशा के उत्तर–पश्चिम दक्षिण–पश्चिम में परिवर्तन होने से, पी 2 में 2 कि.मी. (800 एच.पीए.) पर 335 के के न्यूनतम 0 ई के साथ मध्य स्तर पर आर्द्रता में समृध्द बढाव (2-3 ग्राम/कि.ग्रा) देखने को मिला। 335 के की यह मान पी 1 में इस स्तर पर 327 के की मान से 8 के अधिक था। **आकृती 8** में qe वक्रचित्र का ऊर्ध्वाधार घन रेखा के स्थिर q (340° के) समीपता, गभीर संवहन के लिए अनुकूल आर्द्रता के आक्रमण को अभिनिर्धारित करने में एक परिमाण दर्शाता है तथा मेघ तल से स्थिर qes का ऊर्ध्वाधार 'डेश' चिन्ह रेखा, निम्न स्तरी स्थायित्व तथा संवहन गुणधर्मो का परिणाम दर्शाता है। पी 1 में बहुस्तरीय मेघ (सियु और एस.सी.) देखे गये । जब कि पी 2 में यद्यपि कि गभीर संवहन के लिए वायुमंडल मे आर्द्रता का आक्रमण है जैसा कि qe और qes के परिच्छेदिका से दिखता है, आर्द्रता में हीनता अस्थित्व थी जिसने जहाज के स्थिर स्थान पर गभीर मेघों के विरचन को संदमित किया ।



आकृती 8 : आरमेक्स–2003 में दक्षिण–पूर्व अरब सागर में 9.22^0 उ. 74.51^0 पू. पर पी 1 और पी 2 के दौरान माध्य उष्मा गतिक परिच्छेदिका (सीयू–कपासी मेघ, एससी–स्तरी कपासी मेघ)

सितंबर 1997 में बंगाल की खाडी पर असामान्य रूपसे विकसित चक्रवातीय तूफान में अपसरण एवं भ्रमिलता क्षेत्रों का अध्ययन

23 से 26 सितंबर 1997 के बीच में बंगाल की खाडी पर आन्ध्रा तट के समीप (तट रेखा से 1° के अन्दर) 15° उ, 84° पू. पर एक चक्रवातीय तूफान विकसित हुआ तथा भारत के पूर्वी तट के समानान्तर गुजरा। 24 सितम्बर 1997 को काकिनाडा के उपर 24 से.मी. की भारी बारिश हुई जब तूफान तट के समीप आया । अन्य तटीय स्टेशनों पर 12-21 से. मी. की वर्षा प्रमाणित की गई । मेघावृत्त तथा निर्मेघावृत्त क्षेत्रों को अभिनिर्धारित करने के लिए इनसैट–1 डी अपग्रह से प्राप्त मेघ प्रतिम्बिबों का प्रयोग किया गया। 19-26 सितम्बर 1997 के लिए एन.सी.ई.पी. पुन: विश्लेषित आँकडें का प्रयोग करके 5°–25° द, 75°–100° पू परिक्षेत्र पर अपसरण एवं भ्रमिलता की गणना की गई। इन क्षेत्रों के विश्लेषण ने यह उदघाटन किया कि इस चक्रवातीय तूफान का तीव्र सक्रिय प्रावस्था, 500 एच.पीए. तक प्रबल अभिसरण तथा चक्रवातीय भ्रमिलता (उपरिमुखी गति सूचित) से सम्बधित था। 850 एच.पी.ए. तथा 500 एच.पीए. पर अभिसरण की अधिकतम मान -8x10^{-6}/ सें. एवं 700 एच.पीए. पर –7x10^{-6}/ सें. था। उसी प्रकार से चक्रवातीय भ्रमिलता के अधिकतम मान 850 एच.पीए. में 7 x10 $^{-5}$/ सें. और 500 एच.पीए. में 6x10 $^{-5}$/ सें. रहा । कुछ भागों में जहाँ बारिश न अवलोकन हुई, अपसरण एवं प्रति चक्रवातीय भ्रमिलता (अधोमुखी गति सूचित) से सम्बधित निर्मेघ क्षेत्रों ध्यान किए गए। एन.सी.ई.पी. पुन: विश्लेषित पवन आँकडों को उपयोग करके विभिन्न स्तर पर अपसरण एवं भ्रमिलता क्षेत्रों द्वारा चक्रवात से परिक्षेत्र पर वृष्टिपात प्रतिरूपों के पूर्वानुमान में सहायता प्राप्त करा गया।

प्रायद्वीप भारत के जुलाई का मानसून वृष्टिपात सक्रियता में निम्न स्तरी प्रधार (एल.एल.जे.) एवं वर्षणीय जलांश (पी.डब्ल्यू.सी.) की भूमिका

2002 मानसून (सूखा वर्ष) एवं मानसून 2003 (सामान्य वर्ष) इन दो विपर्यासी मानसूनों के प्रायद्वीप भारत के जुलाई का मानसून वृष्टिपात सक्रियता में वर्षणीय जलांश (पी.डब्ल्यू.सी.), विषवत रेखा पर याम्योत्तरीय पवन (पार विशुवतीय प्रवाह), 850 एच.पीए. पर सदिश पवन (निम्न स्तरीय प्रधार) प्राचलों के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एन.सी.ई.पी./ एन.सी.ए.आर. पुन:विश्लेषित आँकडों का प्रयोग करके, विश्लेषण किया गया। अध्ययन ने 2002 में 16 जून से 1 जुलाई के बीच पी.डब्ल्यू.सी. में तीव्र गिरावट (47 से 38 कि.मी./मी^{2}) अनुपस्थित था। जुलाई 2002 में पी.डब्ल्यू.सी. (38-44 कि.ग्रा./मी^{2}), 2003 (46-51 कि.ग्रा./मी ^{2}) की अपेक्ष बहुम कम था जिससे कि जुलाई 2002 में सामान्य वृष्टि से विचलन –51%) अल्प वृष्टि हुई और आगे जुलाई 2002 में 77° पू. के पूर्व में पार विशुवतीय प्रवाह तेज था जिसमें यह संकेत किया कि आर्द्रता अभिसरण पश्चिमी प्रशांत महासागर के उपर था। जुलाई 2003 में 77° पू के पश्चिम में पार विरावतीय प्रवाह तेज था। जिसने यह संकेत किया कि आर्द्रता अभिसरण पश्चिम विषवतीय के तरफ था । कमजोर एल.एल.जे.(10-13 मी/से) प्राय द्वीपीय भारत के दक्षिण पर लक्षित था जिसने आर्द्रता को प्राय द्वीपीय भारत मण्डल के बजाय समुद्री क्षेत्र के तरफ ले चला जब कि 2003 में प्रबल एल.एल.जे (15-25 मी/से) आर्द्रता को भारत उपमहाद्वीप पर ले चला जो सामान्य वृष्टिपात (सामान्य वृष्टिपात से विचलन 7 %) में परिणति हुआ।

जलवायुविज्ञान और जलमौसमविज्ञान

उच्चस्तरीय वैज्ञानिक शोध और वर्षा एवं दूसरे जलवायु सम्बन्धी सूचनाओं का व्यावहारिक उपयोग ध्यान में रखकर जलवायुविज्ञान और जलमौसमविज्ञान विभाग के कार्यक्रमों को तैयार किया गया है । कुछ मुख्य उद्देश्य निम्न प्रकार है ।

- जहाँ तक संभव हो जलवायु आकडों को परोक्षी, वृक्ष–वलयी इत्यादी का उपयोग कर समय में पीछे की तरफ बढाना जिससे कि हजारों साल के जलवायु परिवर्तन का अध्ययन किया जा सके ।

- उपकरण, NCEP/NCAR और उपग्रह से प्राप्त आँकडों का उपयोग कर ग्रीष्मकाल और शीतकाल मानसून परिसंचरण की बनावट, भौतिकी और गतिकी की सही जानकारी, तथा उनके दूसरे परिसंचरणों से सम्बन्ध और पुर्वानुमान के लिये निदर्श विकसित करना ।

- सामान्य परिसंचरण निदर्शो द्वारा भारतीय मानसून परिसंचरण के "अनुरूपता' के स्तर को मापना, और डाउनस्केलिंग तथा दूसरे तकनीक का प्रयोग कर अतिवियोजित भविष्य में जलवायु की संभाव्य दृश्य के आँकडे विकसित करना ।

- सामाजिक आर्थिक क्षेत्रों कृषि, जलसंसाधन, और मानव स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले प्रभावों का आकलन एवं जलवायु सूचना का समुचित उपयोग इन क्षेत्रों में कैसे किया गया ।

- देश के विभिन्न प्रशानिक, मौसम वैज्ञानिक, जलवैज्ञानिक और भौगोतिक क्षेत्रों के लिये संभावित सबसे बडी वार्षिक, मौसमी और मासिक वर्षा काल–मालाओं का विकास करना जिससे अन्तरवर्षीय और अन्तर्देशीय जलवायु परिवर्तन और सबसे चरम घटनाओं को समझा जा सके ।

- सदियों के जलग्रहण क्षेत्रों में होने वाली तूफानी वर्षा के सामयिक वितरण को निश्चित करना जिसका उपयोग जल–संसाधन के प्रबन्धन में किया जाता है ।

- गहराई–क्षेत्र–अवधि और गहराई–अवधि विश्लेषणो से अति तीव्र तूफानी वर्षा की पहचान और उसका उपयोग संभावित अधिकतम वर्षा और संभावित अधिकतम बाढ का आकलन करना

भूमण्डलीय परिवर्तन एवं बदलाव का क्षेत्रीय पहलू

(के. रूपकुमार, एल.एस. हिंगणे, एच.पी. बोरगाँवकर, ए.बी. सिकदर , एस.के. जाधव , डी.आर. कोठावले , जे.व्ही.रेवडेकर, रमेश कुमार यादव, सोमारूराम, के. कमला, सचिन भंडारे)

वृक्षवलयी जलवायु विज्ञान

पश्चिमी हिमालय

वृक्षों में बढ़त और जलवायु में सम्बन्ध समझने के लिये उच्च–उन्नतांश, हिमनद के पास से वृक्षवलयी नमुनों को इकट्ठा किया गया और वृक्षवलयी का कालानुक्रम बनाया गया । रिस्पांस फक्शंन विश्लेषण कर पश्चिमी हिमालय के लिये मासिक तापमान और वर्षा असंगतियों को निर्मित किया गया । शीतकाल के तापमान का वृक्षों की बढ़त पर धनालक प्रभाव देखा गया । जो कि प्रत्युत्तर फलक के लक्षण से काफी मेल खाता है । किसी और मौसम के तापमान या वर्षा ने ऐसा अनुरूप संम्बंन्ध वृक्षवलयों के साथ नहीं दिखाया । शीतकाल तापमान को उनका प्रत्युत्तर शीतकाल की गर्मी की वजह से जान पड़ती है । इस क्षेत्र के मौसम के सौ साल से ज्यादा बडी तापमान काला–माला के निरिक्षण से पता चलता है कि पिछले कुछ दशकों में शीतकाल तापमान में बढोतरी हुई है । शीतकाल में गर्म मौसम से ऊतकों का हिमद्रवणकारी होता है जिसके बाद के समय में बढ़त पर प्रभाव पडता है और शीतकाल के तापमान और वृक्षवलय बढ़त का संम्बन्ध घनात्मक होता है । पिछले कुछ सालों में ऐसी बढत हिमालय के मध्य और नीचले कालानुक्रम जो कि हिमनद के सीधे प्रभाव से दूर है नही दिखाई पडा । गंगोत्री और किन्नौर क्षेत्रों से वृक्षवलय का कालानुक्रमों का छ: हिमनदियों से एकत्रित हिमानी द्रव्यमान प्रतिभार के साथ सह–सम्बंन्ध देखा गया (**आकृती–9**)

सामान्यतया हिमानी द्रव्यमान प्रतिभारऔर वृक्ष–वलय मे सम्बन्ध विपरीत पाये गये । गारा और गोर हिमनदों से द्रव्यमान प्रतिभार के करीब 10 वर्ष के आकडे उपलब्ध, जो सभी छ: हिमनदों में सबसे बड़े है । 1976, 1982, 1983 और 1989 के धनात्मक द्रव्यमान प्रतिभार कम वृक्ष–वलय बढत दर्शाते है जबकि 1977,

1984, 1985 और 1987 के ऋणात्मक द्रव्यमान प्रतिभार ज्यादा वृक्ष–वलय बढत दर्शाते है । ऋणात्मक सम्बन्ध शीलकाल तापमान (अक्तूबर–फरवरी) और हिमानी द्रव्यमान में भी पाया गया । इस उपाय का उपयोग भूत में धनात्मक और ऋणात्मक हिम द्रव्यमान प्रतिभार के अध्ययन में उपयुक्त पाया गया ।



आकृती 9: हिद्रव्य संतुलन, वृक्ष–वलय संकेतांक और शीतकाल तापमान में सम्बन्ध ।

मध्य एवं प्रायद्विपीय भारत

टेक्टोना ग्राण्डिस (सागवान) के कुछ वृक्ष–वलय संकेतक कालानुक्रम मध्य व प्रायद्विपीय भारत से हाल में एकत्र किये नमूनों द्वारा किये गये । सुखाम (केरल) से एकत्रित सबसे लम्बे (1500-2003 AD) जीवीत सागवान वृक्षवलय संकेतक अनुक्रमांक को दिखाया गया है (**आकृती–10**) । इन कालानुक्रमों के आँकडे मध्यम उच्च औसत की मात्रा, सामुहिक असंगति और त्रुटिसे संकेतक का अनुपात दर्शाते हैं । वृक्षवलय जलवायु की दृष्टि से वृक्ष का यह किस्म काफी सशक्त है। सहसम्बन्ध विश्लेषन मानसून–पूर्व तापमान के साथ ऋणात्मक सम्बन्ध दर्शाते हैं और मानसून–पूर्व एवं मानसून वर्षा के साथ घनिष्ठ घनात्मक सम्बन्ध दर्शाते हैं। ये सम्बन्ध मिट्टी में उपलब्ध नमी पर निर्भर करते हैं जो कि तापमान और वर्षा का फलक होता है । मानसून पूर्व में ऊँचा तापमान सागवान के बढने के समय मिट्टी में नमी की कमी बिकट स्थिती पैदा कर देता है । लेकिन, ऐसा देखा गया है कि पूर्व–मानसून की थोडी वर्षा ही सागवान को बढने में मदद करता है । वर्षा सागवान के "कैम्बियल' क्रिया को प्रभावित करता है । मानसून–पूर्व की वर्षा "कैम्बियल' प्रसुप्त को तोड़ता है, और ज्यादा वर्षा की मात्रा से ज्यादा लकड़ी बनती है ।



आकृती 10 : सुंखाग (केरल) के एक वलय मोटाई संकेतक कालानुक्रम (1500-2003 AD)

तापन की संभावित दृश्य में चक्रवाती विक्षोभ

आधार रेखा (1961-1990) और तापन की संभावित दृश्य के लिपे "प्रेसिस' अनुरूपतायों का उपयोग कर जलवायु बदलाव का मासिक और मौसमी चक्रवाती विक्षोंभो पर प्रभाव जाना गया । चक्रवाती विक्षोंभों की पहचान चक्रवात के मध्य में हवा का दाब और नीचले स्तर में हवा की गति द्वारा की गई (**आकृती–11**) ।



आकृती 11 : "प्रेसिस' निदर्श द्वारा अनुरूपित एक चक्रवाती विक्षोभ ।

विश्लेषण दर्शाते है कि तापन की संभावित स्थिति में मानसून मौसम में चक्रवातों की संख्या कम लेकिन तीव्र होगी ।

चरम तापमान की घटनाओं की आवृति की दिशा

121 स्टेशनों के 34 वर्ष (1970-2003) के शीत और वसंत मौसम के अधिकतम और न्यूनतम तापमान के आधार पर चरम घटनाओं जैसे कि गर्मदिन, ठंडी रातें, गर्म रातें और ठंडे दिनों की पहचान की गई । और पूरे देश तथा 7 समरूपी क्षेत्रों के लिये चरम तापमान की कालमाला तैयार की गई । ऐसा पाया गया है की शीतकाल में देश के ज्यादा हिस्सों में गर्म दिन और गर्म रातों की आवृति बढ़ गई है । गर्म, दिनों की बढ़त उत्तरी-पश्चिमी और प्रायद्वितीय भागों में तथा गर्म रातों की बढ़त केवल उत्तरी भारत में पायी गई (**आकृती-12**) जब कि ठंडी रातें उत्तरी भारत में कम हो गई है। पूरे देश में ठंडे दिनों की वनस्पति ठंडी रातें ज्यादा तेजी से घट रही है (**आकृती-13**)

वसन्त मौसम में प्रायद्विपीय भारत में गर्म दिन बढ़ रहे है जबकि गर्म रातें देश के दूसरे भागों में बढ़ रहे हैं, केवल मध्य भारत के कुछ भाग को छोड़कर जहाँ पर गर्म रातें कम हो रही है । ठंडे दिन और ठंडी रातों में कोई परिवर्तन नहीं हो रहा है केवल कुछ जगहों को छोड़कर इन में गिरावट की दिशा देखी गई । पूरे देश में चरम घटनाओं में कोई खास परिवर्तन नहीं हो रहा है ।



आकृती 12 : मौसमी चरम तापमान घटनाओं के परिवर्तन के रूझान का क्षेत्रीय फैलाव (रंगीन दिखाये क्षेत्र सांख्यीकीय दृष्टि से सार्थक है, लाल क्षेत्र बढ़त और नीला घटत दर्शाता है ।) 1970-2003 ।



आकृती 13 : भारत में चरम तापमान की घटनाओं के परिवर्तन के रूझान ।

भारत के उपर कम दबाव के क्रमों की प्रवृत्ति विश्लेषण : 1891-2000

बंद कम दाब का क्षेत्र जो कम दाब, अवदाब या चक्रवाती तूफानों की वजह से बनते हैं उसे "कम दाब पध्दति' कहते हैं । इसे दो भागो में बाँटा जाता है, एक "कम दाब' और दूसरे "अवदाब / झंझावत' । जिन दिनों कम दाब हुये उन्हें संक्षिप्त में "कम दाब दिन' और जिन दिनों अवदाब / झंझावात हुये उन्हे "अवदाब' दिन कहा जायेगा । "कम दाब दिन' और "अवदाव दिन' और "कम दाब पध्दति' की 1891-2000 तक की कालमाला बनाई गई ।

भूमण्डलीय तापन के परिपेक्ष मे देखने पर यह संभव है कि हिन्द महासागर में "कम दाब पध्दति' की आवृत्ति और अवधि में परिवर्तन हुये हैं । इस जाँच-पडताल के लिए पूरे आकड़े के दो भागों में बाँटा गया, 1891-1946 और 1946-2000, और प्रवृति विश्लेषण मान-कैण्डाल वर्ग संपरीक्षण से किया गया । (**आकृती 14**) में सभी प्राचलों (''कमदाब दिन'', ''अवदाब दिन'' और ''कम दाब पध्दति'') को दिखया गया है । 1946 से ''कमदाव दिन'' 0.95 प्रति 10 वर्ष की दर से बढ़ रहा है जब कि ''अवदावदिन'' 0.86 प्रति 10 वर्ष की दर से घट रहा है । दो प्राचतो की विपरीत प्रवृति की वजह से "कम दबाव पध्दति' कोई बदलाव नही दर्शाता है । ''कमदाव दिन'', अवदाव दिन' और ''कमदबाव पध्दति'' के अवधि का भी विश्लेषण किया गया । ''कम दाब दिनों'' की अवधि 5.7 दिन प्रति 10-वर्ष की दर से बढ़ रही है जब कि ''अवदाब दिनों'' की अवधि 2.6 दिन प्रति 10 वर्ष की दर से कम हो रही है और ''कम दबाव पध्दति'' 3.4 दिन प्रति 10-वर्ष की दर से बढ रही है । यह सब बदलाव साख्यिकीय दृष्टि से सार्थ है ।



आकृती 14 : 1946-2006 दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु दौरान निम्न की बारंबारता (LOW) में महत्वपूर्ण वृद्धि पाई गई जबकी अवदाबों/चक्रवात तुफानों (DDS) मे महत्वपूर्ण ऱ्हास पाया गया। अवधि दौरान कुल निम्न दाब प्रणाली (LPS) की बारंबारता अवैकल्पीक रही थी।

इक्कीसवी सदी में भारत के जलवायु के बदलाव की संभावित दृश्य

बड़े पैमाने पर उत्पन्न किये गये विभिन्न युग्मित वायुमण्डल महासागर सामान्य परिसंचरण निदर्शो का उपयोग जो कि IPCC की चौथी मुल्यांकन (AR4) निदर्श आँकड़ा–पोर्टल से उपलब्ध है भविष्य में वायुमण्डल में अल्पकांलिक हरित गृह गैस और वायु विलय की बढ़त से एशिया ग्रीष्म मानसून जलवायु का भारत के उपर समरूपित करने में विभिन्न निदर्शो का प्रदर्शन आँका गया । भारत के उपर सभी जमीनी–बिन्दुओं का उपयोग कर विभिन्न निदर्शो द्वारा अनुरूपित वर्षा और तापमान का वार्षिक चक्र प्राप्त किया गया । सभी AOGC निदर्शो द्वारा मौसमी वर्षा की मात्रा कम आका गई, जबकि कुछ निदर्श जैसे कि CCSR-HR, CCSR-MR, GISS-E-R और GISS-E-H द्वारा मुल्यांकन मात्रा ज्यादा थी । मानसून–पूर्व महिने में ज्यादातर निदर्शे ने हवा का तापमान ज्यादा दिखाया केवल GISS-E-H, IAP तथा NCAR-PCM1 को छोडकर । कुल मिलाकर ऐसा महसूस होता है कि ज्यादातर निदर्शो ने वर्षा के वार्षिक चक्र को बखूबी अनुरूपित किया है। SRES A2 का उपयोग कर इक्कवीसवी सदी के तीन दशकों, 2020s (2011-2040), 2050s (2040-2069) और 2080s (2070-2090) में वार्षिक तापमान में बढ़त करीब 2°C से 4.5°C होगा, जैसा कि 14 निदर्शो में प्रक्षेपित किया है । जबकि मानसून वर्षा में हर समय प्रखण्ड में बदलाव 1.5 से 3.5 मि.मि. प्रति दिन पाया गया (**आकृती–15**) । मासिक वर्षा और तापमान का निरूपण करने में GFDL-CH-2.1 का प्रदर्शन और निदर्शो में सबसे अच्छा रहा ।



आकृती 15: 1946-2000 के दौरान मानसून मौसम में "कमदाव' आवृत्ति में सार्थक वृध्दि जबकि "अवदाव/झंझावत' आवृत्ति में सार्थक घटक की रूझान । "कम दाब पध्दति ' में कोई सार्थक परिवर्तन नही हुये है ।

कृषी, जलसंसाधन और जलस्वास्थ्य में जलवायु का अनुप्रयोग

(के. कृष्ण कुमार, सी.एम. मोहिले, ए.ए. मुनोत, एस.के. पटवर्धन, एस.डी. पाटील, प्रीती भास्कर)

भारतीय मानसून वर्षा और निनों 3.4 समुद्रसतह तापमान में सामयिक सम्बन्ध

यह आम मान्यता है कि भूमध्य रेखा के पास पूर्वी प्रशान्त महासागर का समुद सतह तापमान मानसून वर्षा को प्रभावित करता है । अगर सतह तापमान असंगति धनात्मक है तो मानसून वर्षा कम होगी । इस सम्बन्ध को बारीकी से जानने के लिये और यह समझने के लिये कि मासिक मानसून वर्षा पर इलनिनों 3.4 का क्या प्रभाव होता है और इस सम्बन्ध में समय के साथ कोई बदलाव आया है दोनों प्राचलों में 30- वर्ष सर्पण समय के सह–सम्बन्ध परिकलित किये गये। सशक्त स्थिर युग्मन जून मास में दोनों प्राचलों के बीच 1885-1925 के दौरान देखा गया । हाल के वर्षो में इस सम्बन्धों में कोई सार्थक परिवर्तन नही हुये है । पूरे देश और उत्तर–पश्चिम भारत में जुलाई और अगस्त वर्षा का समकालीन समुद्र सतह तापमान से सम्बन्ध दोलित होता रहा है । मोटे तौर पर ऐसा देखा गया है कि जुलाई वर्षा और जुलाई समुद्र सतह तापमान में सम्बन्ध सार्थक थे तब अगस्त वर्षा और अगस्त तापमान में सम्बन्ध कमजोर थे, और जुलाई तथा अगस्त महीनों के सम्बन्ध प्रतिकमान थे । सितम्बर मास के लिये वर्षा और तापमान में सम्बन्ध पूरे देश, उत्तर–पश्चिम भारत और मध्य–भारत के लिये काफी लम्बे अर्से तक काफी घनिष्ठ पाये गये, खासकर 1920 के बाद के समय में ।

जलवायु बदलाव की संभावित स्थिति में मानसून के अभिलक्षण

"प्रेसिस' निदर्श का प्रयोग कर उच्च–वियोजित क्षेत्रीय अनुरूपकों से उत्पन्न आँकड़ों के विशिष्ठ अध्ययन किये गये यह जानने के लिये कि मानसून के लक्षणों, प्रारंभ, अन्त और तेजी/कमी का चक्र और चक्रवाती विक्षोंभो को दर्शाने में निदर्श कहाँ तक दक्ष है । दक्षता मापने के लिये कई प्राचलों जैसे वहिर्गामी दीर्घ तरंग विकिरण और समुद्रसतह दबाव और वर्षा का विश्लेषण आधार रेखा (1961-1990) और भविष्य की संभावित दृश्य दोनों के लिये किया गया । "प्रेसिस' निदर्श से अनुरूपित दैनिक वर्षा से करल के उपर मानसून के प्रारंभ के दिन में कोई सार्थक परिवर्तन नहीं दिखाई दिया । लेकिन मानसून के आरंभ के दिन तीव्र और अचानक वर्षा में परिवर्तन निदर्श द्वारा अच्छी तरह निरूपित किया गया (**आकृती 16**)। आनेवाले वर्षो में मानसून के प्रारम्भ के दिन में काफी परिवर्तन की संभावना है । केरल और राजस्थान के मानसून में प्रारंभ के दिनों के विश्लेषण से लगता है कि तापन की संभावित स्थिति में मानसून तेजी से उत्तर की तरफ बढ़ेगा । मानसून को सक्रिय एवं कमजोर परिभाषित करने के लिये बंगाल की खाड़ी में निचले स्तर की हवाओं का विश्लेषण किया । वर्षा, वायु, और वहिर्गामी दीर्घतरंग विकिरण का अध्ययन दोनों स्थितियों, सक्रिय एवं कमजोर, में की गई । कमजोर स्थिति में हिमालय की तराई और उत्तर–पूर्वी भारत में अच्छी बरसात निदर्श द्वारा दर्शाया गया । वर्षा के संघातित विश्लेषण से लगता है कि तापन की स्थिति में सक्रीय मानसून की स्थिति काफी तीव्र होगी ।



आकृती 16 : "प्रेसिस' निदर्श द्वारा अनुरूपित संश्तिष्ट दैनिक वर्षा ।

उर्जा संतूलन और मेघविकिरण वल और भारतीय मानसून वर्षा में सम्बन्ध

पृथ्वी विकिरण प्रयोग के तहत उपग्रह द्वारा मापित विकिरण प्रवाह और अनर्तराष्ट्रीय उपग्रह मेघ जलवायु परियोजना से प्राप्त मानसून मेघों के 1985-1989 के आँकड़ों का उपयोग कर, मेघ विकिरण वल का देश और काल सापेक्ष परिवर्तन का अध्ययन इलनिनो एवं लानिनो स्थितियों मे की गई जो कि मानसून को प्रभावित करते हैं । मानसून वर्षा, मेघ विकिरण वल (CRF) के अवयव (लधू तरंग – SWCRF, दीर्घतरंग – LWCRF और शुध्द तरंग NWCRF) तथा मेघ भौतिकी गुण (उच्चमेघमात्रा – HCA, मेघ प्रकाशीय गहराई – COD और मेघ के उपरी भाग की उचाईं – CTH) पूरे देश के लिये औसत मात्रा **आकृती 17** में दी गई है । तीव्र अंतवर्षीय परिवर्तन 1988 में ज्यादा वर्षा और 1987 में कम वर्षा से जानी जा सकती है। वर्षा की तरह मेघ विकिरण बल के अवयवों और मेघों के गुणों में भी परिवर्तन पाये गये जो दर्शाते हैं इनके आपसी सम्बन्धों को । लघुतरंग और दीर्घ तरंग मेघ विकिरण बल को **आकृती 18** में दर्शाया गया है । दोनों प्राचलों की बीच अरैखिक सम्बन्ध देखे जा सकते हैं । मानसून के दौरान लघुतरंग और दीर्घतरंग विकिरण बल का क्षेत्रीय औसत बराबर नहीं पाया गया जो विकिरण में ज्यादा असंतूलन दर्शाता है ।



आकृती 17 : 1985-89 के दौरान वर्षा ,मेघ विकिरण वल और मेघ भौतिक गुण में परिवर्तन।



आकृती 18 : 1985-89 के दौरान "लघुतरंग विकिरण वल' और "दीर्घ तरंग विकिरण वल' में सम्बन्ध ।

भारतीय क्षेत्र के उपर विक्षोभमण्डलीय ओजोन

चावल के खेतों से उत्पन्न मानवकृत मीथेन और लकड़ी, कोयला इत्यादि के जलने से उत्पन्न नाइट्रोजन आक्साईड, और कार्बन मोनो आक्साईड की मात्रा का देश के उपर आकलन किया गया । ये आकड़े देश के हरीतगृह गैसो की सूची तालिका के वेबसाईट (http://static.teriin.org/climate/ghg.htm, http://static.terrn.org/climate.ghg.htm#ADB98) से लिये गये मौसम वैज्ञानिक प्राचलों और विक्षोभमण्डलीय ओजोन में भी सम्बन्धों का अध्ययन किया गया । 1979-2001 तक मौसम वैज्ञानिक प्राचलों (क्षोभ सीमा की उँचाई, 200hPa की भूस्थितिज उँचाई और वहिर्गामी दीर्घतरंग विकिरण) को "एनसेप' (NCEP) पून: विश्लेषण से लिया गया और मासिक विक्षोभ मण्डलीय ओजोन उपग्रह द्वारा मापित TOMS/SDUV विक्षोभमण्डलीय ओजोन अवशिष्ट वेबसाईट (http://asd-ww.larc.nasa.gov/TOR/TOR/-Data-and-Images.htm) से लिया गया । विक्षोभमण्डलीय ओजोन 1979-2001 के दौरान बढ़त की प्रवृर्ति दर्शाता है । वार्षिक वितरण में बसंत और मानसून में ओजोन की मात्रा ज्यादा पाई गई । अर्न्तवार्षिक परिवर्तन में इल–निनो के दौरान ओजोन के मात्रा ज्यादा पाई गई । मीथेन, नाइट्रोजन आक्साइड और कार्बन मोनोआक्साइड की मात्रा भारत के उपर भूमण्डलीय औसत मात्रा से ज्यादा पाई गई जो कि मानवकृत ओजोन उत्पत्ति की अग्रगामी है । उत्तर भारत में अन्य मौसमों के मुकाबले मानसून में विक्षोभमण्डलीय

ओजोन और मौसम वैज्ञानिक प्राचलों के बीच सम्बन्ध काफी घनिष्ठ पाये गये । ग्रीष्म में संवहन काफी तीव्र होने से क्षोभसीमा की उँचाई ओजोन दोनों की मात्रा बढ़ जाती है । उत्तर भारत में विक्षोभमण्डलीय ओजोन की ज्यादा मात्रा संवहन के उत्तर की तरफ संचलन से सम्बन्धित है ।

नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों का जलमौसम वैज्ञानिक अध्ययन और जल और शक्ति संसाधन परियोजानाये

(बी.एन. मण्डल, एन.आर. देशपांडे, बी.डी. कुलकर्णी, आर.बी. संगम, एस.एस. मुळे, एस.एस. नन्दरगी, प्रजापति धवल, वर्मा अशोक)

कृष्णा नदी क्षेत्र के अति तीव्र वृष्टि का विश्लेषण

कृष्णा नदी क्षेत्र के अति तीव्र वृष्टी का विश्लेषण डिजाईनों वर्षा मात्रा के लिये 102 वर्ष (1901-2002) के 570 स्टेशनों के दैनिक आँकड़ो की जान पड़ताल की गई और उससे अति तीव्र तुफानी वर्षा की पहचान नदी के विभिन्न क्षेत्रो के लिये की गई । स्थलाकृति और वर्षा को ध्यान में रखते हुये कृष्णा नदी को 9 छोटे द्रोणियों में विभाजित किया गया है (**आकृती-19**) । गहराई-क्षेत्र-अवधि या गहराई-अवधि विधि द्वारा विश्लेषण कर हर द्रोणी के लिये 9-10 अति तीव्र तूफानी वर्षा का चयन किया गया । क्षेत्रीय औसत वर्षा मात्रा जानने के लिये पूर्वी और पश्चिमी तट के पास 8 द्रोणियो की गहराई-अवधि-विश्लेषण किया गया ।



आकृती 19 : कृष्णा नदी क्षेत्र की 9 द्रोणीयों ।

नदी क्षेत्र के मध्य स्थित द्रोणी क्रमांक 9 के लिये अति तीव्र वर्षा का विश्लेषण गहराई-क्षेत्र-अवधि विधि द्वारा की गई । तीन सबसे तीव्र तुफानी वर्षा, 28-30 सितम्बर 1964, 21-23 सितम्बर 1949 और 13-15 जुलाई 1965 को ट्रान्सपोज कर इस द्रोणी के लिये अधिकतम वर्षा मात्रा का पता लगाया गया । 29 सितम्बर 1964 (1 दिन) और 21 सितम्बर 1949 (2 और 3 दिन) की भागीदारी मानक परियोजना तीव्र वृष्टि में पाई गई । मानक परियोजना तीव्र वर्षा की मात्रा को MMFs द्वारा सुधारा गया भौतिक विधि PMP प्राप्त करने के लिये । 3-दिन के पंक्षातरित तीव्र वृष्टी 21-23 सितम्बर 1949 द्रोणी 9 के उपर दर्शाया गया है (**आकृती-20**) ।

आकृती 20: कृष्णा नदी के द्रोणी-9 में 21-23 सितम्बर 1949 अतितीव्र तूफानी वर्षा का पक्षान्तरित सभवर्षा रेखा में।

कृष्णा और सियांग क्षेत्रों का समय–वितरण विश्लेषण

16 स्वयं अभिलेखी वर्षा मापी स्टेशनों के 1969 से उपलब्ध आकडों का पूरे कृष्णा नदी क्षेत्र और 9 द्रोणीयों के लिये किया गया । सियांग नदी क्षेत्र के लिये यह विश्लेषण सिर्फ 8 स्टेशनों के 2001-2004 अवधि के उपलब्ध आकडों द्वारा किया गया ।

भारी वर्षा दौर का चयन हर स्टेशन पर हुयी अतिवृष्टि की मात्रा से किया गया। प्रत्येक स्टेशन के चूने हुए वर्षा दौरो को घंटों, 48 घंटों और 72 घंटों की मात्रा में वितरित किया । विभिन्न वर्षा दौरों के समय वितरण से हर स्टेशन के लिए औसत निकाला गया । समय वितरण मात्रा का समय के विरूध्द दर्शाया गया । चित्र में बिन्दुओं के वितरण को ध्यान में रख कर आवृत रेखा खीची जाती है । और इस आवृत रेखा से डिजाइन वर्षा मात्रा का समय वितरण निकाला जा सकता है । **आकृती 21** में कृष्णा नदी क्षेत्र और **आकृती 22** में सियांग नदी क्षेत्र का समय वितरण दिखाया गया है ।



चित्र 21 : कृष्णा नदी क्षेत्र के लिये 24, 48 और 72 घंटों की औसत सामायिक वर्षा वितरण ।



आकृती 22: सियांग नदी क्षेत्र के लिये 24, 48 और 72 घंटों की औसत सामायिक वर्षा वितरण ।

सियांग नदी क्षेत्र (उत्तरपूर्व भारत) पर डिजाइन अतिवृष्टी का अध्ययन

सियांग नदी की सभी 6 द्रोणीयों के लिये डिजाइन अति वृष्टी का अध्ययन मानक परियोजना अति वृष्टी और संभावित अधिकतम वर्षा का अनुमान मात्र निकालकर किया गया। अध्ययन में 80 स्टेशनों के आँकड़े तथा जलमौसम वैज्ञानिक और सांख्यिकीय विधियों का उपयोग किया गया । स्थलाकृति को ध्यान में रखते हुये अति तिव्र पृष्टि का विश्लेषण गहराई–अवधि विधि द्वारा की गई । हर द्रोणी का क्षेत्रीय औसत वर्षा प्राप्त किया गया, गहराई–अवधि रेखा की रचना की गई, और आवृति रेखा खींची गई और फिर मानक परियोजना अति वृष्टी मानित की गई । मानक परियोजना वर्षा मात्रा को नमी अधिकतम गुणक से समायोजित किया गया और संभावित अधिकतम वर्षा का अनुमान लगाया गया । तुलना के लिये संभावित अधिकतम वर्षा सांख्यिकीय विधि से भी निकाली गई । 20-22 जुलाई 2002 का अति वृष्टि सबसे तीव्र पाई गई और मानक परियोजना वर्षा में सबसे ज्यादा योगदान किया । 3–दिन (20-22 जुलाई 2002) के समवर्षा बनावट को **आकृती 23** में दर्शाया गया है ।



आकृती 23 : सियांग नदी क्षेत्र में 20-22 जूलाई 2002 को हुई अतितीव्र तूफानी वर्षा की समवर्षा रेखामें ।

अतिवृष्टि का अंकात्मक विधि द्वारा विश्लेषण और क्षेत्रमापक द्वारा किये गये अनुमानों की तुलना

कृष्णा नदी क्षेत्र के 321 स्टेशनों के 1901-2002 के दैनिक वर्षा आँकडों का विश्लेषण कर सबसे अधिक हुई अतिवृष्टि की पहचान की गई । चुने गये सब अतिवृष्टियों के क्षेत्रीय पैटर्न का ''ग्रीड–संस्करण–1.8'' द्वारा किया गया। तीव्र अतिवृष्टियों का विश्लेषण फिर गहराई–क्षेत्र–अवधि विधि द्वारा की गई और विभिन्न क्षेत्रो और अवधियों के लिये वर्षा की मात्रा निकाली गई । सभी अतिवृष्टियों की क्षेत्रीय वर्षा समवर्षा नक्शे की प्लानीमीटर से निकाला गया । दोनों पध्दतियों से निकाली गई मात्रा तुलनीय पाई गई ।

उपरी सियांग नदीक्षेत्र (तिब्बत) का जलमौसम वैज्ञानिक विश्लेषण

उपरी सियांग नदी क्षेत्र (क्षेत्रफल –2, 49, 186 km2) का जलमौसम वैज्ञानिक विश्लेषण NHPC के 3 स्टेशनों (1992-2004), NASA के 6 स्टेशनों और पुनर्विश्लैषित ग्रिडों (माप 1.875 * 1.875 डिग्री) (1958-1999) द्वारा किया गया । मौसमी और वार्षिक वर्षा के साथ–साथ 1, 2 और 3 दिन में हुई अधिकतम वर्षा की मात्रा भी प्राप्त की गई । तीव्र अति वर्षा के आधार पर मानक परियोजना अतिवृष्टि वर्षा की मात्रा आंकी गई ।

वर्षा विस्तार और भूजलवैज्ञानिक क्षेत्र में बदलाव और उसका भूमण्डलीय तापन से सम्बन्ध

(नित्यानन्द सिंह, एन.ए. सोनटक्के, एच. एन. सिंह)

भारत वर्ष और सलग्न उपमहाद्विपिय क्षेत्र पर OLR एवं वर्षा परिवर्तीता में परस्पर संबंध

भारत में वर्षा का क्षेत्रीय और सामायिक बदलाव बहुत ज्यादा है, और यह मौसम विज्ञान के दूसरे मापदण्डो से मेल नही खाता (तापमान, वायुदाव, हवा, सूरज की गर्मी, वायुमण्डल के समान–दाव के क्षेत्र की उँचाई इत्यादी) इसलिये वर्षा के बदले बहिर्गामी दीर्घतरंग विकिरण (OLR) का चयन किया गया जो की उष्णदेशीय क्षेत्र में संवहन, बादलों की मात्रा तथा वर्षा का पर्याय माना जाता है । बहिर्गामी दीर्घतरंग विकिरण के मासिक आँकडे 2.5 x 2.5 दृ क्षेत्रीय विघटन पर पूरे भूमण्डल के लिये 1974-2004 तक उपलब्ध है । इन आँकडो को विश्वसनीयता 40°N से 40°S तक ज्यादा है । इन आँकडो को विकसित करने में कई उपग्रहों और दो प्रकार के उपकरणों का प्रयोग किया है (i) जो नोवा–6 के पहले उपकरण भेजे गये थे उसपर VHRR (window channel 10.5-12.5mm और AVHRR को TIROS N and NOAA6 (window channel 10.5 - 11.5 mm and NOAA7 (window 11.5-12.5mm)

2.5° x 2.5° के 68 ग्रिड भारत के पूरे भौगोलिक के क्षेत्र के पूरी तरह ढक पाते हैं । पूरे देश के लिये, 11 क्षेत्रों और हर एक ग्रिड के वार्षिक, मौसमी और मासिक बहिर्गामी दीर्घतरंग विकीरण और वर्षा के 1974-2004 के दौरान परिवर्तन और उनके सहसम्बन्धों का अध्ययन किया गया । ग्यारह क्षेत्र इस प्रकार है – सुपूर उत्तर, उत्तर पश्चिम, गंगामैदान, उत्तरपूर्व, मध्यभारत, पूर्वीतट (दक्षिण), पूर्वीतट (उत्तर), पश्चिम तट, पश्चिम तट (दक्षिण), दक्षिणी प्रायदीप और मध्य प्रायदीप ।

पूरे देश के मौसमी और वार्षिक (बहिर्गामी दीर्घतरंग विकिरण) (1974-2004) और वर्षा काल मालाओं (1974-2003) जो कि दोनो प्राचलों के स्कैटर चित्र भी प्रस्तूत करता हैं (**आकृती-24**) । सबसे ज्यादा गिरावट की दशा मानसून वहिर्गामी दीर्घतरंग विकिरण में देखी गयी जो संवध्न और मेघो की मात्रा बढ़ने का सूचक है । लेकिन पूरे देश की मानसून वर्षा कालमाला भी गिरावट की दशा दर्शाता है । जो कि सैध्दान्तिक तौर पर एक विरोधाभास है । हालाकि वहिर्गामी दीर्घतरंग विकिरण कालामाला मानसून के हर मास में गिरावट दिखाया जून-0.49, जुलाई - 0.32, अगस्त- 0.35 और सितम्बर -0.29 w/m2/yr वर्षा कालमाला जून (+ 0.7 मि.मि./वर्ष) और सितम्बर (+ 0 . 21 मि.मि./वर्ष) बढ़त दिखाता है जबकि जुलाई (-1.46 mm/yr) और अगस्त (-0.91 mm/yr) गिरावट दिखाता है । वर्षा और बहिर्गामी दीर्घत रंग विकिरण में सहसम्बन्ध भी सबसे ज्यादा जून (-0.76) और सितम्बर (-0.71) के लिए है जबकि जुलाई (-0.42) और अगस्त (-0.23) ।



चित्र 24 : भारत पर मौसमी और वार्षिक वहिर्गामी दीर्घतरंग विकिरण और वर्षा का परिवर्तन ।

दिशा प्रवाह विश्लेषण 11 क्षेत्रों के काल–मालाओं का भी किया गया (**आकृती–25**) । सभी क्षेत्रों के काला–मालाओं में गिरावट देखी गयी लेकिन वर्षा कालमाला में उत्तरपूर्व, सुदूरपूर्व, मध्यभारत, गंगामैदान और उत्तरपश्चिम में बढ़ोत्तरी और अन्य सब में गिरावट देखी गई (**आकृती –26**) । मासिकस्तर पर इस विश्लेषण के नतीजे इस प्रकार है । ज्यादा तर क्षेत्रो में वहिर्गामी दीर्घतरंग विकिरण और वर्षा दोनों कालमालायें गिरावट दर्शाती है। इस विश्लेषण का जब 68 ग्रिडो के लिये किया गया तो नतीजे निम्न थे । पूरे देश में मानसून बर्हिगामी विकिरणो में गिरावट पायी गयी जबकि मानसून वर्षा में सिर्फ 67% क्षेत्रो में गिरावट पायी गई। जून मास में वहिर्गामी विकिरणो में पूरे देश में बिरावट पायी गई जब कि जुलाई और अगस्त में 98% क्षेत्र और सितम्बर में 85% क्षेत्र में । वर्षा में गिरावट इस प्रकार है 22% जून में, 67% जुलाई, 61% अगस्त में और 51% सितम्बर में । मोटे तौर पर वहिर्गामी विकिरण और वर्षा दोनों ही देश के बडे क्षेत्र में गिरावट दिखा रहे हैं । जोकि एक विरोधाभास नतीजा है । ऐसा प्रतीत होता है कि बादलों के तुंगता–विस्तार में कुछ परिवर्तन हुए है जिसका मुख्य कारण भूमण्डलीय तापन और उससे संलघ्न वायुमण्डलीय परिसचरणों में परिवर्तन ।



आकृती 25 : देश के 11 क्षेत्रों पर मानसून वहिर्गामी दीर्घतरंग विकिरण और वर्षा में बदलाव के रूझान ।



आकृती 26 : वहिर्गामी दीर्घतरंग विकिरण और वर्षा सम्बन्धों में अध्ययन के लिये देश ऑशिक अधिव्यापित 11 क्षेत्र ।

शीत, ग्रीष्म, और शरद मौसमों में बहिर्गामी विकरणों में गिरावट क्रमश: 19%, 65% और 85% क्षेत्रो में पायी गई जबकि वर्षा के गिरावट 26%, 33% और 47% क्षेत्रो में ।

देश की बहिर्गामी विकिरणो का परिवर्तन पूरे मानसून क्षेत्र और उष्णकटिबधीय दोनों के बहिर्गामी विकिरणे से काफी मेल खाती पायी है ।

भूस्थितिज उँचाई और वातावरण तापमान में बदलाव पूरे भूमण्डल पर

सामान्य वायुमण्डलीय परिसंचरण में बदलाव समझनें के लिये 10 समदाबीय तलों 850 hPa से 100 hPa के बीच (1949-2006) बदलाव निकाला गया । सर्वप्रथम

10° अक्षांस की चौड़ाई औसत भूस्थितिज और "तापमान' की कालमालाये बनाई। जाँचसे पता चला कि सभी कालमालायें सामान्य वितरण के नियमों का पालन करती है ।सभी "क्रियाविधियों का केन्द्र' के लिये भूस्थितिज और तापमान की कालमालायें सामान्य वितिरित पाई गई । वायुमण्डल की उपरी परतों का अध्ययन मुख्यतया "वायुमण्डलीय तापनस्थिति' सामान्य वायुमण्डलीय परिसंचारण, एशियन मानसून संचरण, भारतीय मानसून परिसंचरण और वर्षा देनेवाले विक्षोंभो की प्रवृति और तीव्रता गतिकी और कार्यविधि को समझा जा सके ।

आरम्भिक जलवायु बदलाव विश्लेषण दिया गया जिसमें प्रथम अर्ध-समय (1949-1976) से द्वितीय अर्धा-समय (1979-2004) में "भूस्थितिज ऊँचाई' और तापमान में परिवर्तन निकाला गया । चार द्योतक मासो के लिये (जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्तूबर) भूस्थितिज में बदलाव **आकृती-27** में दिखाया गया है । दक्षिणी गोलार्ध के 40° - 50° अक्षांशों के सबसे ज्यादा बढत पायी गई - निचली सतह में परिवर्तन कम था लेकिन उत्तरोत्तर उपर की ओर बढ़ता गया । दक्षिणी ध्रुव की तरफ यह बढ़त कम होती गयी, 250, 150 और 100 hPa स्तरों के लिये वो बदल घनात्मत थी पर 850 से 250 hPa स्तरां के लिये बदलाव ऋणात्मक थी 40° - 50°S अक्षांशों से उत्तरी ध्रुव की तरफ विभिन्न तलों की ऊँचाई कम हो गई । इस तरह का परिवर्तन विभिन्न तलों के तापमान में ही देखा गया । सिर्फ 100 hPa तल को छोड जहाँ परिवर्तन भूस्थितिज के विपरीत था । यह घटना "ओजोन होल' से प्रभावित जान पड़ती है । 700 hPa और 300 hPa सतहों के बीच की दूरी में भी बढ़त दिखायी दी जो यह दर्शाती है की बादलों की संचरना में शायद कुछ परिवर्तन आ रहा है । इसका परिणाम मुख्यातया देश के बडे क्षेत्रों में वर्षा कम होने के संकेत मिल रहे है । उत्तरी गोलार्थ में उप-उष्णदेशीय क्षेत्र से ध्रुवीय क्षेत्र को तरफ भूस्थितिज उँचाई में ढलान बढ़ने से उष्णदेशीय क्षेत्र से बाहर पश्चिमी हवाये तेज हो जायेंगी जिसके प्रभाव से पश्चिमी विक्षोधों की संख्या कम हो जायेगी । इन परिवर्तन से देश के उपर वर्षा के क्षेत्रीय और सामायिक वितरण को प्रभावित कर सकता है ।



आकृती 27 : भूमण्डल पर 10 अधिसंतहों के भूस्थितिग ऊँचाई में 1949-1976 से 1977-2004 के दौरान बदलाव ।

भौतिक मौसमविज्ञान और वायुविज्ञान

भौतिक मौसमविज्ञान और वायुविज्ञान विभाग ने अनुसंधान कार्यक्रम के सक्रिय क्षेत्रों में अनुसंधान किया है । अनुसंधान का उद्देश्य भौतिक तथा रासायनिक वायुमंडलीय संबंधित घटनाओं को बेहतर तरीके से समझना है ।

- उष्णकटिबंधीय मानसून बादलों का भौतिक विज्ञान, अवक्षेपण रचना तंत्र और वायुमंडलीय विद्युत/परीसीमा परत प्रक्रियाएँ ।
- वायुमंडलीय वायुविलय, विरल गैस तथा विकिरण बजट के सक्रिय और निष्क्रिय सुदूर संवेदन ।
- अवक्षेपण रसायन–विज्ञान, अम्लवर्षा, वायुमंडलीय वायुविलय और क्षोभमंडलीय रसायन–विज्ञान ।
- वायुमंडलीय रसायन–विज्ञान, मध्य वायुमंडलीय vis-a-vis क्षोभमंडल–समताप मंडल का युग्मन–मानसून की सक्रियता, जलवायु परिवर्तन ।
- वायुमंडलीय गौण घटकों का स्पेक्ट्रोस्कोपिक माप तथा जलवायु पर प्रभाव ।

उष्णकटिबंधीय मेघों की भौतिकता तथा गतिकियाँ

(आर. विजयकुमार, एस.एस. कांदलगाँवकर, एस.बी. मोरवाल, एम.के. कुलकर्णी, आशा नाथ, आर. एस. महेशकुमार, एम.आय.आर. टिनमेकर)

भारतीय क्षेत्र के ऊपर विद्युतीय गतिविधियों में परिवर्तन

भारतीय भू खण्ड क्षेत्र (8^{o} - 33^{o}N, 73^{o} - 86^{o}E) के ऊपर विद्युतीय गतिविधियों के विशेष तापीय परिवर्तन का अध्ययन मासिक उपग्रह द्वारा बिजली–तडित ग्रिड (5^{o} x 5^{o}) आकंडों का उपयोग कर 5–वर्षों (1998-2002) के लिए किया गया था । इन आंकड़ों के प्रयोग विद्युतीय गतिविधियों की वार्षिक, ऋतु और विशिष्ट वितरण को दिखाने के लिए किया था । अध्ययनों से पता चला है कि बिजली–दमक की संख्या और वार्षिक समय माप के अक्षांश में अनियमित संबन्ध है एवं धारा प्रवाह गतिविधि, बडे पैमाने पर प्रसार, भूखण्ड ढ़ाल और पर्वतीय क्षेत्र के साथ संबन्ध अध्ययन रत हैं (**आकृती 28**)। ऋतु समय पैमाने पर, मानसून से पहले और मानसून में अनिमियत धनात्मक संबन्ध देखे गये हैं जबकि वाई मॉडल परिवर्तन मानसून के बाद पाये गये हैं । दमक संख्या और अधिकतम धरातलीय हवा के तापमान में तुलना करने पर अनियमित संबन्ध पाया गया । दमक संख्या लगभग 20 से 44 प्रतिशत बढ़ती है जब तापमान 1^{o}C बढ़ता है । बिजली दमक संख्या अक्षांश 8^{o}-28^{o}N में अर्ध वार्षिक दोलन निश्चित करती है ।



आकृती 28 : माहन पर घटों में वर्षा आँकड़े : प्रेक्षित और राडार से प्राप्त परिणाम ।

बारामती क्षेत्र में धारा प्रवाह (संवहन) का अध्ययन

महाराष्ट्र राज्य में ग्रीष्म मौसम काल (जून से सितम्बर) सन 2004 के दौरान वर्षा में वृद्धि करने के लिए मेघ बीजीकरण किया गया । इस समयअन्तराल में दो सी–बैंड रडार चालू किये थे, एक शेवगांव और दूसरा बारामती में । रडार मानसून काल में बादलों पर लगातार नजर रखे हुए थे (प्रति 6 मिनट के अन्तराल में)। बडी संख्या में मेघ परावर्तित डाटा उपरोक्त दो स्टेशनों पर एकत्रित किये थे ।

बारामती क्षेत्र में 4 जुलाई 2004 को मेघ परावर्तित डाटा का उपयोग करके विशेष अध्ययन किया गया उस क्षेत्र में धारा प्रवाह बना हुआ था । हर एक प्रेक्षणों में प्रत्येक ग्रिड बिन्दु पर मेघ प्रकोष्ठ की ऊँचाई निर्धारित की गई थी । बादलों को उनकी ऊँचाई के आधार पर तीन भागों में बांटा गया है जैसे (1) छिछले (ऊँचाई £ 2 कि.मी.) (2) गर्म (2 <ऊँचाई£6कि.मी.) (3) ठंडे (6<ऊँचाई£ 20 कि.मी.) ।

इन पारिस्थितिक अध्ययनों से यह देखा गया कि ये मेघ कुल मेघ आच्छादन के 20.6%, 37.1% तथा 43.4% यथाक्रम 4 जुलाई 2004 को थे । गर्म और ठंडे मेघ मिलाकर 70% से ज्यादा थे यह अध्ययन साफ बताता है कि यह दिन दोनों प्रकार के मेघ बीजीकरण के लिए सही था अर्थात गर्म और ठंडे ।

जुलाई 26, 2005 मुंबई के ऊपर भारी वर्षा का मेघ प्रतिमान (मॉडल) अध्ययन

26 जुलाई 2005 को मुंबई क्षेत्र में विशिष्ट भारी वर्षा (94.4 सें.मी.) का अध्ययन विश्लेषण और मॉडलों से किया था । भारत के ऊपर बडे क्षेत्र की प्रणाली से यह पाया गया कि उस स्थान पर अरब सागर से संवहन और आर्द्रता की अनुप्रस्थ गति थी । संताक्रुज, मुंबई में 26- 27 जुलाई 2005 को रेडिओसोंडे डाटा लिये गये जो 2 डी.टी.डी. मेघ मॉडल में निवेशित किये गये । मॉडल, x और z दिशाओं में 200 मी. के ग्रिड अंतराल के साथ एक द्वि-दिशात्मक स्लेव-सममित और समय-पर आधारित था । मॉडल का प्रांत, चौडाई और ऊँचाई दोनों में 19.2 कि.मी. था । इस मॉडल का उपयोग, 26 जुलाई 2005 के उर्ध्वाधर वेग, रडार परिवर्तित तथा कुल वर्षा में संबन्ध बनाने के प्रयास किये गये थे । मेघ मॉडल ने, विशिष्ट भारी वर्षा और इसके विशेष वितरण को स्वांगीकरण किया । स्वांगीकृत मेघ आधार ऊँचाँईयाँ, तिरछी-टी विश्लेषण से प्राप्त ऊँचाईयों से अच्छी तरह सहमत थे । स्वांगीकृत ऊपरी प्रारूप 2/3 एम.पी.एस. की श्रेणी में थे जिनका शृंग 6 से 8 एम.पी.एस. तक जाता था। अधिकतम राडार परिवर्तिता लगभग 50 dBz थी और उर्ध्व कटाक्ष प्रभाह ने मेघ वातावरण में अलग क्षेत्रों के ऊपर ऊपरी और निचले प्रारूपों को प्रदर्शित किया ।

मॉडल, मेंघों के अंदर उर्ध्वाधर गतियों को भी प्रदर्शित करता है जिसका उच्चांक 3 मी. /से. से 9 मी./से. के परास के साथ 10 कि.मी. ऊँचाई पर दिखाया गया है (**आकृती 29**) । मेघ के अन्दर घूर्णन की उत्पत्ति, भंमर समीकरण में ढ़ाल के कारण भंवर के उर्ध्व घटक के विकाश से अनुमानित हुई थी जो कि सांताक्रुज के ऊपर मैसो-चक्रवात की उपस्थिति का सूचक है । मॉडल द्वारा दिये गये प्रसार प्राचालों का विश्लेषण, मेसो-चक्रवात के रूकने और बढने को समझने के लिए किया गया । इस प्रकार, वर्तमान अध्ययनों से पता चलता है कि 2-डी.टी.डी. मेघ मॉडल, मेघ धारा प्रवाह (संवहनी) के अधिकतर लक्षणों को उजागर कर सका कि 26 जुलाई 2005 को ये मेघ मुंबई क्षेत्र के ऊपर छाये हुए थे जिसका परिणाम कम समय में भारी वर्षा का होना है ।



आकृती 29 : ऊर्ध्वगती का आकाशीय बंटन 26 जुलाई को 12 यूटीसी (UTC) पर जो पश्चिम-पूर्व अंतर (किमी) X -जो सांताक्रुज स्थान दर्शाता है। Y-जो उँचाई दर्शाता है (किमी) ।

AWS और राडार से प्राप्त वर्षा आँकड़ों की तुलना

एक क्षेत्र में मानसूनी वर्षा को समझने में उन्नति प्राप्त करने लिए निक्षेपित माप की वर्तमान मात्रा का सुधार महत्वपूर्ण है । महाराष्ट्र राज्य में 2004 के गर्म मानसून ऋतु में (जून से सितम्बर) कुछ स्टेशनों पर प्रचलित वर्षामापी (स्वचलित जलवायु स्टेशन, 60 मिनट समाकलन समय) से वर्षा के माप उपलब्ध थे । समान अवधि में दो C-बैंड रडारे महाराष्ट्र राज्य पर भी चालु किये थे जो कि वर्षा बढ़ाने के कार्यक्रम का हिस्सा था । रडारों ने ऋतु में बादलों के परिवर्तिता के लगातार सूक्ष्म परीक्षण बनाये । क्षितिज प्रांत, 750 मीटरों के पृथक्करण पर 670 x 670 ग्रिड बिन्दुओं से बने हुए थे । वहाँ 0.5° के अंतरालों पर उर्ध्व में 26 स्तर थे । एक आयतन सूक्ष्म परिक्षण हर 6 मिनट के अन्तराल में लिया गया था, इस प्रकार एक दिन में 240 सूक्ष्म परिक्षण उपलब्ध होते थे । क्षेत्र में संवहन के विस्तृत अध्ययन में इसने एकांकी अवसर उपलब्ध कराये ।

राडार ने 6 मिनटों के अन्तराल पर 250 कि.मी. त्रिज्या के वृत्ताकार क्षेत्र मे बादल परिवर्तित गुणांकों का मापन किया । प्रेक्षित और राडार से निकाली गई वर्षा के तुलनात्मक अध्ययन महाराष्ट्र राज्य सरकार के वर्षा वृद्वि कार्यक्रम में एकत्रित डाटा से किये गये । दो स्टेशनों जैसे, माहत (18°32' 10"N, 73°02'14"E) और पदलसी (17°25'38'N, 73°57'14"E) क्रमश: बहुत भारी और भारी वर्षा के तुलना के उद्देष्य के लिए विचार किये गये । इन स्टेशनों पर निज्ञेपण की गणना के लिए 4 जुलाई 2004 को रडार परिवर्तिता गुणांको को उपयोग में लिया गया । अति परिवर्तिता के साथ दो दिशात्मक कोषों के परिवर्तित डाटा से कुछ देहली मानों की पहचान ही गई । ये कोष आयतन कोश के दल में थे जो समान स्थिति को संतुष्ट करते हैं । इन कोषों के उपयोग से प्रेज्ञण के क्षेत्रों में वर्षा आँकी गई । राडार से प्राप्त डाटा और स्वचलित वर्षा मापी यंत्र से स्टेशन पर रिकॉर्ड की गई वर्षा के प्रयोग से आँगी गई वर्षा की तुलना की गई । अध्ययनों ने वर्षा के योगदान में संवहनी कोषों के 60 प्रतिशत अनुमान के साथ दो स्टेशनों के बीच अच्छे सहमति दिखाई ।

सुदूर संवेदन वायुमंडल के लिए लिडार एवं दूसरे भू–स्थल तकनीकों का उपयोग

(पी.सी.एस देवरा, पी.ई. राज, वाई. जया राव, जी. पाण्डिदुराई, के.के.दानी, के.मधु चन्द्रा रेड्डी, एस.के.साहा, एस.एम.सोनबावणे, आर.एल. भवर, यु.पी.शिन्दे, एस.एम.देशपांडे)

वायुविलय और पूर्वगामी गैसों के ऑर्गन ऑयन लिडार और रेडियोमिट्रिक प्रेक्षण

ऑर्गन ऑयन लिडार प्रणाली, जो नये कम्प्युटर नियंत्रित परीक्षण और डाटा प्राप्ति प्रणाली से जुडी हुई है का उपयोग कर 01 अप्रैल 2005 से 31 मार्च 2006 तक 58 दिनों के लिए निम्न क्षोभमंडल में वायुमंडलीय वायुविलयों के उर्ध्व आबंटन लिये गये। उक्त एक वर्ष के समय के दौरान बहु–तरंगीय सौर प्रकाश मापी तथा ओजोनमापी की सहायता से 184 साफ आकाश के दिनों में वायुविलय प्रकाशीय गहन, ओजोन एवं अवक्षेपित जल के प्रेक्षण लिये गये । इन प्राचालों के विस्तार पूर्वक तुलना के लिए ऐसे रेडियोमीटरों के दो एकात्मक समूहों से उसी जगह पर प्रेक्षण लिए गये ।

पुणे के ऊपर टोम्स (TOMS) और सौर–प्रकाशमापी डाटा से धूल प्रकाशीय गहराई का आकलन

अवशोषित वायुविलय संकेतक (AAI) जो कुल ओजोन मेंपिंग स्पैक्ट्रामीटर (TOMS) डाटा से 1999-2003 के लिए प्राप्त किये, धूल वायुविलय अनुश्रवण के लिए मात्रात्मक माप की तरह उपयोग में लिए गये । धूल प्रकाशीय गहराई (DOT), AAI से निकाली गई और वर्तमान में पुणे से ऊपर धूल अनुपात की गणना की गई । इस तरह DOT ओं की गणना 500 नॅनोमीटर की तरंग पर मानसून से पहले और मानसून के बाद के महिनों में 5 वर्ष (1999-2003) के लिए की गई जो आकृति 5 में दिखाई गई है । परिणाम सूचित करते है कि (i) पूर्व–मानसून के दौरान उच्च संवहनी गतिविधियों के कारण धूल के कणों की प्रचुरता है और धूल भरे तूफानों की बारम्बार घटित होना (ii) अधिक प्रकीर्णित वायुविलयों की उपस्थिति के कारण, धूल का अनुपात पूर्व–मानसून के बजाय सर्दी में सापेक्षित कम है ।

24 वें भारतीय अंटार्टिक अभियान के दौरान मैत्री पर वायुविलयों और पूर्व–गामी गैसों के रेडिओमेट्रिक प्रेक्षण

24 वें भारतीय वैज्ञानिक अभियान जनवरी से फरवरी 2005 के दौरान अंटार्टिका के मैत्री स्टेशन पर बहु–वर्णक्रमीय सोलार रेडियोमीटरों और एक चौडेबंध सूक्ष्मतरंग (SW) पारोनमीटर के उपयोग से विस्तृत क्षेत्र में प्रयोग बनाये गये थे । डाटा विश्लेषण के प्रारम्भिक परिणाम सूचित करते है कि (i) 500 नैनोमीटर पर AOD औसत मान 0.042 के साथ 0.013 से 0.069 तक बदलती है । (ii) एंगस्ट्रॉम प्रतिपादक जो वायुविलय आकार आबंटन की सूचक है अपने औसत मान 0.24 के साथ −0.26 और 0.77 के बीच की रेंज में है (iii) कुल ओजोन स्तंभ (TCO) और जल बाष्प स्तंभ (CWV) अपने औसत मान 289 डोबसरन इकाई (DU) के साथ 240 DU से 320 DU तक बदलती हुई पायी गई और औसत मान 0.26 के साथ 0.14 सें.मी. से 0.36 सें.मी. क्रमश: (**आकृति 30**) और (iv) वायुविलयों के कारण औसत सतही सूक्ष्म तरंग बल जो कि वायुविलय प्रकाशीय गहन और नीचे की ओर जानेवाले विकरण फ्लक्स मापों के संयुग्मन से निर्धारित की गई, धरातल पर 5 और 30 W/m 2 के बीच बदलते मान के साथ ठंडक दिखाता है ।



आकृति30 : मैत्री पर TCO और PWC (H_2O) में दैनिक माध्य परिवर्तन । उर्ध्व डंडे निर्धारण में मानक त्रुटि को इंगित करते हैं ।

सूर्य/आकाश रेडियोमीटर और लिडार प्रक्षणों से पुणे पर प्राप्त किये गये वायुविलय विकिरणशील प्रभाव

पुणे संस्थान में फरवरी 2004 में सूर्य/आकाश रेडिओमीटर (Prede Model POM -01L) और वाई-स्टॅटिक ऑर्गन ऑयन लिडार के उपयोग से विस्तृत वायुविलय प्रेक्षण बनाये गये जो ISRO-GBP भूमि अभियान प्रयोगों से भी सहमत हुए। वायुविलय प्रकाशीय स्तंभ प्राचालों जैसे कि वायुविलय प्रकाशीय गहन (AOD), एकल प्रकीर्णन अलबिडो (SSA), असममित प्राचाल (ASY) प्राप्त करने के लिए दिन के समय हर 15 मिनट के अन्तराल पर प्रतिदिन सूर्य/आकाश रेडियोमीटर चलाया गया जबकि वायुविलय संख्या घनत्व के उर्ध्व आंबटन निकालने के लिए अगेती-रात्रि में प्रतिदिन लिडार को चलाया गया। दैनिक मध्यवर्ती AOD, SSA और ASY तथा लिडार द्वारा प्राप्त किये हुए वायुविलय सांद्रता आबंटन डाटा, सतह और वायुमंडल की चोटी पर वायुविलय विकिरणशील प्रभाव निकालने के लिए डिसक्रीट-ओरडीनेट रेडिएटिव्ह माडल के प्रयोग में मिल गये और ये (**आकृति 31**) में दिखाये गये हैं। सतह पर (SWF_{sfc}) वायुविलय विकिरणशील प्रभाव में दिन-प्रति-दिन के परिवर्तन -20 और -45 w/m^2 के बीच में पाये गये थे जबकि TOA (SWF_{toa}) पर यह -10 से +5 w/m^2 है। सतह और TOA पर मध्यवर्ती वायुविलय प्रभावों के मान क्रमश: -34+-2 और 4 +-1w/m^2 हैं। इसका अर्थ है कि लगभग 30w/m^2 वायुमंडल में अवशोषित हुई है जो निचले वायुमंडल में गर्मी बढ़ाने में मुख्य है।



आकृति 31 : सूर्य/आकाश रेडियोमीटर और लिडार प्रकारों से निकाले गये वायुविलय SW सीधे विकिरणशील प्रभाव में दिन-प्रति-दिन के परिवर्तन।

वायुविलय आयतन आकार आबंटन के समय-आकार क्रोस सेक्शन

स्वचालित पोलेराइज्ड CIMEL सूर्य-आकाश रेडियोमेट्रिक प्रेक्षणों से 2004 के अंत और 2004-2005 के सर्दी काल में वायुविलय आयतन के आकार स्पैक्ट्रा पुन: प्राप्त लिये गये। इस उद्देश्य के लिए, रेडिओमीटर के स्पैक्ट्रल चैनलों 440, 670, 870 और 1020 नैनोमीटर से आकाश चमक एलमूकेनटर मापें प्राप्त की गई। व्युत्क्रम एलगोरिथम के द्वारा वायुविलय आकार आबंटन, 0.05 से 15 μm के आकार के परास में प्राप्त किये थे साथ ही साथ वर्णक्रमीय सूर्य-आकाश चमक डाटा से वर्णक्रमी आश्रित जटिल त्रिक्रमपाती संकेतक और एकल प्रकीर्णित अलविडो थी। 2004 के अंत और 2005 के शरद-काल में आयतन कण आकार आबंटनों के समय-आकार क्रॉस सेक्शनों को समझाता है। यह देखा गया है कि लगभग सभी आकार आबंटनों की, शरद में [Dv (r)/Dln(r)] के उच्च मान (0.4) के साथ वॉयमाडन संरचना है और बदलते हुए समय में [Dv(r)/Dln(r)] का निम्न मान (0.18) है। पुन: प्राप्त हुए आकार आबंटन, लॉग-साधारण वक्रों के बंद बनावट की तरह वॉय-मॉडेलिटी प्रदर्शित करते हुए पाये गये थे। वायुविलय आयतन आकार आबंटन भी एंगसट्रोम प्राचालकी तरह सहमत थे जो 440-870 nm पर मापे गये वायुविलय प्रकाशीच गहराई से प्राप्त किये। महाद्विपीय मूल के वायुविलय-प्रचुर नाभिक अक्टूबर - नवम्बर 2004 के महत्वपूर्ण काल में और जनवरी-फरवरी 2005 में बायो-मास / बायो-फ्यूल के जलाने से एन्थ्रोपोजेनिक धुएँ वायुविलय के कारण प्रारम्भिक सूक्ष्म कण देखे गये। दोनों महत्वपूर्ण कालो में बड़े वायुविलय कण देखे गये जो जीवाश्म ईंधन के उपयोग से मानव निर्मित घटकों के परिणाम है और आंशिक रूप से दूसरे तरीकों और स्रोत क्षेत्र जिनमें मृदा धूल की लम्बी दूरी के परिवहन भी शामिल हैं।

आगरा और दिल्ली पर शरद में वायुविलय के प्रकाशीय, भौतिकीय और विकिरणशील गुणधर्म

दिसम्बर 2004 में ISRO द्वारा चलाये गये राष्ट्र-विस्तीर्ण भू अभियान (LC-II) प्रयोगों से MICROTOPS-II और CIMEL सूर्य आकाश रेडियोमीटर मापी सूर्यप्रकाश मापी और ओजोनोमीटर के द्वारा आगरा (27°10'N, 78°05'E, 169 m AMSL) और दिल्ली (28° 38'N, 77°10'E, 213m AMSL) में वायुविलय प्रकाशीय, भौतिकीय और विकिरणशील गुण और जलबाष्प के माप लिये गये। यद्यपि ये दो प्रयोगों की जगहों में कोई ज्यादा फर्क नहीं था, प्राप्त हुए वायुविलयों के व्यवहार अनेक स्थितियों में अलग पाये गये क्योंकि ये

दो प्रयोगों की जगहों पर हवा मास गुणधर्मों पर आसपास के वातावरण और मौसमी स्थितियों की न्यूनाधिक प्रभाव में तीव्र बदलाव थे। परिणाम सिद्ध करते हैं (i) आगरा और दिल्ली दोनों पर स्तंथ AOD, प्रकीर्णन सिद्धान्त के अनुसार वर्णक्रमीय आश्रित होते हैं। AOD (एक या एक से अधिक) के अधिक मान घना कुहरा या धुन्ध या दोनों दिनों में पाये गये हैं। (ii) अधिकतर धुन्ध में एंगसस्ट्रोम प्राचाल में परिवर्तन उच्च मान दिखाते हें (संभवत: ग्रामीण क्षेत्र के कारण, जमा हुई कणों की अधिकता) और धुन्ध एवं साफ-आकाश में अधिक मान (बडे तरीके के प्रचुर कण) (iii) आगरा और दिल्ली पर प्राप्त किये हुए AOD के वर्णक्रमीय आबंटनों से पुन:प्राप्त किये हुए वायुविलय आकार स्पैक्ट्रा, कुहरे और धुन्धों में संचय-मोड कणों की प्रचुरता के साथ वॉय मॉडल संरचना दिखाते है और बडे-मोड के कण साफ आकार की स्थिति में भी, जो यह सूचित करते हैं कि स्थानीय स्रोत के साथ साथ स्थान से परिवहन प्रक्रिया के प्रभाव हैं। महाद्विपीय उदगम के वायुविलय-प्रचुर नाभिक और बायो-मास / बायो फयूल के जलने से मानव निर्मित स्मोक वायुविलय के कारण संचयी मोड कण प्रारंभिक (मुख्य) माने गये थे। जबकि बडे वायुविलय कण-मोड जीवाश्म इंधन के उपयोग से मानव निर्मित घटकों और आंशिक माप से दूसरे तरीकों और स्रोत क्षेत्र जिनमें मृदा धूल की लम्बी दूरी के परिवहन के कारण मुख्य है (iv) सूर्य-आकाश रेडियोमीटर वायुविलय प्रकाशीय गहन और सोलार एलमूकेनटर आकाश विकिरण माप दिल्ली पर वायुविलय के तिर्यक-पाती किरण संकेतकों की गणना करने के उपयोग में लिया। तिर्यक-पाती घातांक बडे वास्तविक मान दिखाती है जो धुंध रहित स्थिति में प्रकीर्णन के कणों को सूचित करती है जबकि अधिक काल्पनिक मान, विशेषत: धुंध / कोहरा के दिनों में अवशोषित वायुविलय की उपस्थिति को सूचित करती है। (v) तरंग द्वैध्य पर आधारित एकल प्रकीणर्न एलविडो (SSA) और असिमेंट्री प्राचाल (ASYMP) अलग वायुमंडलीय स्थितियों के उध्ययन में प्रदर्शित करते हैं कि ज्यादातर दिन SSA मान 0.9 से ज्यादा या इसके नजदीक थे जो यह सूचित करते हैं कि प्रयोगी स्थान पर वायुविलय कण मुख्यत: प्रकीर्णन प्रकार के थे और अधिक कला क्रियायें बडे-मोड की ओर इशारा करती है जो दिल्ली पर धूल और शहरी वायुविलय भार को दिखाती हैं। (vi) सभी में, वायुविलय भार आगरा की तुलना में दिल्ली के ऊपर ज्यादा पाये गये थे। दोनों स्टेशनों पर प्रदूषण के लम्बी दूरी के परिवहन के साथ साथ स्थानिय प्रभाव जैसा कि पिछले ट्रेजेक्टरी विश्लेषण से पता चला है क्षेत्रीय जलवायु के साथ वायुविलय के परिवर्तन में सार्थक भूमिका निभाते हुए पाये गये है।

वायुविलय विकिरणशील प्रभाव आकलनों में MODIS सतह अलविडों के अनुप्रयोग

पुणे पर शरद और पूर्व-मानसून महिनों के लिए प्रेक्षित किये गये प्रतिनिधिक प्रकाशीय गहन मानों के उपयोग कर MODIS उत्पाद काले आकाश अलविडो (दिशात्मक अर्धगोलाकार परावर्तक) और सफेद आकाश अलविडो (वाई-अर्धगोलाकार परावर्तक) से विभिन्न वर्णक्रमीय बधों पर सतह अलविडो मानों की गणना की गई थी। विकिरणीय स्थानान्तरण मॉडल में सूक्ष्म-तरंग (0.3 - 3.0 μm) और लम्बी-तरंग (3.0 - 5.0 μm) वर्णक्रमीय क्षेत्रों में विकिरणशील प्रभाव निर्धारित करने के लिए सूर्य/आकाश रेडियोमीटर से निकाले गये वायुविलय प्रकाशीय प्राचालों और MODIS से निकाले गये वर्णक्रमीय सतह अलविडो डाटा उपयोग में लिए गये थे। शरद ऋतु के लिए सतह और TOA पर कुल (sw+lw) विकिरणशील प्रभाव क्रमश: -23, -1.5, W/m^2 पाये गये। पूर्व-मानसून में, कुल विकिरणशील प्रभाव -29, 1.5W/m^2 तक पाये गये थे।

वायुमंडलीय सतह परत के क्रमिक विकास पर वायुविलयों के सीधे विकिरणशील प्रभाव

पश्चिमी भारतीय क्षेत्र में उष्णदेशीय सेमी-एरिड स्थान आनंद ($22^{o}35'N$, $72^{o}55'E$) गुजरात पर वायुमंडलीय सतह परत (ABL) के क्रमिक विकास के क्षोभमंडलीय वायुविलय प्रकीर्णन और अवशोषण की टक्कर प्रभावित करती है। जिसका अध्ययन LASPLEX (भूमि सतह प्रक्रिया प्रयोग) में सांता बार्बरा डिसक्रिट ओरडिनेट रेडिएटिव ट्रॉंसफर (SBDART) मॉडल का इस्तेमाल करके एकत्रित किये गये डाटा से किया गया था। परिणाम सूचित करते हें कि ABL के क्रमिक विकास, सम्मिलित गुप्त उष्मा और संवेदनशील उष्मा फ्लक्सों को अवशोषित वायुविलय ज्यादा प्रभावित करते हें जैसा कि प्रकीर्णन वायुविलयों के प्रति भाग की तुलना की गई।

वायुविलयों और बादलों के सचल लिडार प्रेक्षण

संस्थान के द्वारा संक्षिप्त द्वि-ध्रुवण लघु संकेत लिडार (DPMPL) सुगमता प्राप्त की गई है जो अनेक उत्तेजित योग्यताओं और अनेक लिडार प्रणालियों के लिए लाभकारी है जिससे परा-उच्च स्पेस-समय पृथक्करण डाटा चालू किये हैं जो सतह से लगभग 120 कि.मी. तक वायुविलय गुणधर्म, बादल रचना, वायुमंडलीय गतिकी और तरंग गतिविधियों के अध्ययन करती है। यह लिडार प्रणाली लगभग 30 दिनों, मार्च 31, 2006 तक जिसमें दिसम्बर 30, 2005 की पूरी रात भी

शामिल है चालू की जा चुकी है और 30 कि.मी. तक वायुविलय विलोप तथा रेखिक अध्रुवणीय आबंटन के उच्च स्पेस–समय पृथक्करण प्रेक्षण प्राप्त किये गये । कुछ प्रारम्भिक परिणाम जो वायुविलय विलोप, सीमा परत संरचना और बादल बनावट से संबंधित थे प्राप्त किये । आकृति 13 में दिखाये गये निम्न–स्तर के बादल की उपस्थिति में विशिष्ट लिडार पश्च प्रकीर्णित आबंटन प्राप्त किये ।

विभिन्न आकार भागों के वायुविलयों में लम्बी–अवधि के परिवर्तन और प्रवृत्तियाँ

माइक्रोटॉप II के उपयोग से छ: तरंग दैर्ध्यों (380, 440, 500, 675, 870 और 1020 nm) जिसमें पराबैंगनी से पास के अवरक्त क्षेत्र भी शामिल है । पुणे पर मई 1998 से फरवरी 2006 के लिए साफ आकाश के दिनों में वायुविलय प्रकाशीय गहन (AOD) प्रेक्षण लिए गये । ऊपर दी गई तरंगदैर्ध्यों पर मासिक औसत AODs रिग्रेशन विश्लेषण के विषय थे । परिणाम यह दिखाते हैं कि विभिन्न तरंगदैर्ध्यों पर AODs में प्रतिशत परिवर्तन बढ़ती हुई प्रवृत्ति में हैं जो विभिन्न आकार भागों के वायुविलय कणों के समरूप हैं । अध्ययनों से पता चलता है कि सूक्ष्म और सह–माइक्रोन कण भार पर AOD में बढ़त क्रमश: 24% और 13% हैं जबकि बडे–मोड कणों पर AOD में 33% की कमी देखी गयी । यह सूक्ष्म वायुविलय कणों के एन्थ्रोपोजिनिक जोड में सार्थक बढ़ता सुझावित करती है जो मुख्य रूप से प्राकृतिक चलित बडे–मोड के कणों की तुलना में निर्माणाधीन गतिविधियों से सम्बन्धित भूमि उपयोगी नमूनों में बदलाव के कारण है ।

पवन आबंटनों से प्राप्त उर्ध्व पवनों के उपयोग से मार्च 2004 और 2005 में पुणे पर वायुमंडलीय दमन के संरचना का अध्ययन

पुणे (18.31°N, 73.58°E) पर मार्च 2004 के पूर्व–मानसून महिने में सामान्य तापमान के ऊपर लगभग एक महिने के लम्बे समय के साथ विस्तृत ऊष्मा तरंग स्थिति उपस्थित थी । इसके विपरित में, मार्च 2005 सामान्य तापमानों के नीचे के लम्बे अल्प समय को दिखाती है । उर्ध्व वेग डाटा UHF 404 MHz के द्वारा मापे गये । पुणे पर पवन आबंटनों का उपयोग कर अध्ययन किये । पवन मानचित्र (आबंटक) 300 मीटरों के पृथक्करण के साथ 1-10 कि.मी. की ऊँचाई तक लिए गये हैं । घंटों में औसत उर्ध्व पवन वेग आबंटक मार्च 2004 और 2005 में दिन में चार बार 0800 से 1700 घंटों IST तक प्राप्त किये गये थे । ये मेसोस्केल उर्ध्व गतियाँ पुणे पर सतह तापमान सामान्य से ऊपर (मार्च 2004 में) और सामान्य से नीचे (मार्च 2005 में) के लम्बे अल्प समय की पुष्टि को समझने के उपयोग में लिये गये ।

उर्ध्व आबंटन की औसत संरचना दो कोश संरचनाओं को दिखाती है जो 2-3 कि.मी. तक प्रबल उर्ध्वमुखी गतिविस्तृत है और मार्च 2004 में 3-6 कि.मी. परास में अधोमुखी गति प्रबल है जबकि मार्च 2005 में सभी तरह से 6 कि.मी. विस्तार तक उर्ध्वमुखी गति को दिखाती है । 2004 में दिन के बढ़ने के साथ दमन अपराहन घंटों में 1 कि.मी. के निम्न स्तरों तक पहुँचती है जबकि 2005 में अधोमुखी गति 2.0 से 3.5 कि.मी. की सतह तक उपस्थित है और दमन भेदन 1 कि.मी. के ऊपर स्तरों तक सिमित है । इस अध्ययन में मार्च 2004 और 2005 में सतह पर तापमान बदलावों के अनुप्रस्थ गति से परिषण और उर्ध्व वेग के प्रभाव की तुलना और बहस की गई ।

वायुमंडलीय घटकों के अध्ययन के लिए रामन लिडार तकनीक का विकास

बहु–तरंगदैर्ध्य आर्गन ऑयन लेसर के उपयोग से इसके दो जानी पहचानी तरंगदैर्ध्यों जैसे 514.5 nm और 488.0 nm पर अनेक वायुमंडलीय घटकों की खोज और पथ औसत सांन्द्रता निकालने के लिए सामान्य और सीधी रेखा में आगे बढ़नेवाली रामन लिडार प्रणाली का विकास किया जा चुका है जो ट्रांसमीटर और द्वि–होलोग्राफिक–ग्रेटिंग आधारित उच्च वर्णक्रमीय पृथक्करण स्पैक्ट्रोमीटर (स्केल परात 200 से 720 nm) के साथ एक संसूचक जो रिसिव्हर की तरह (आकृती 16) एक फाइवर प्रकाशीय तार के द्वारा 25 सें.मी. व्यास के न्यूटोनियन टेलिस्कोप से जुडा हुआ है । यह तकनीक गहन परीक्षण की तरंगदैर्ध्य (रामन खिसकाव) को तरंगद्वैध्य में खिसकाव को लिए बनाई गई । भिन्न भिन्न दिनों पर सूर्यास्त से पहले के समय में 514.5 nm के ऑर्गन ऑयन लेसर तरंगदैर्ध्य के लिए 532.2 nm, 554.07 nm, 561.34 nm से 605.2 nm पर प्रक्षेपी खिसकी हुई रामन–शिखर पंजीकार किये गये थे । ये शिखर क्रमश: नाइट्रोजन डाइऑक्साईड, कार्बन डाइऑक्साइड, इथिलिन और मिथेन भी उपस्थित होने के कारण पहचाने गये । खिसके हुए शिखर 488.0 nm के तरंगद्वेर्ध्य पर ऑर्गन ऑयन लेसर रेखा के लिए 568.9 nm पर भी देखे गये जो मिथेन के सहमत होते हैं । जनवरी 12, 2006 को स्पैक्ट्रम नमुने अभिलेखित किये गये जो दिखाये गये हैं । शिखर उनकी शक्ति में तापीय परिवर्तन को दिखाते हैं जो खास गैसों की सांन्द्रता को मापते हैं । इन परिवर्तनों का मुख्य कारण गैसों के स्रोत गुणधर्मों और स्थानिय पवनों, तापों आदि के प्रभावों से वायुमंडल की गतिशीलता में बदलाव के करण अध्यारोपण का होना है ।

युव्ही–बी. विकिरण पर वायुविलय का प्रभाव

पृथ्वी के वातावरण में पहुँचनेवाली पराबैगनी विकिरण को तीन भागों में बाँटा जाता है : यु.व्ही–ए (320-360 nm), युव्ही–बी (280-320 nm) एवं युव्ही–सी (100-280 nm) युव्ही–बी किरणें सबसे ज्यादा त्वचा कैंसर का खतरा पैदा करती हैं । पृथ्वी की सतह पर पहुँचने वाली यु.व्ही–बी. की मात्रा को नियमित करने वाली तीन कारक हैं, ओजोन, मेघाच्छादन एवं वायुविलय । एक शुद्र यु.व्ही–बी. पायरानोमीटर

संस्थान में लगाया गया है और यह अप्रैल 2004 से ही काम कर रहा है । उपकरण कैलीब्रेशन गुणांक का उपयोग करके 1-मिनट के अंतराल पर यु.व्ही–बी किरणित उर्जा मान (mW/m^2) निकाले गये । नवम्बर एवं दिसम्बर 2004 में करीब 15 पूर्ण रूप से मेघ रहित दिवस चुनकर पृथ्वी पर पहुँचनेवाली यु.व्ही–बी. किरणित उर्जा मान पर वायुविलयों के प्रभाव के अध्ययन का प्रयास किया गया है । यु.व्ही–बी. में वायुविलय की रेडिएटिव्ह फोर्सिंग क्षमता (Feff) का आकलन करने के लिए जेनिथ कोण परास 60^o तक में माध्य यु.व्ही–बी. किरणित उर्जा मान एवं 500 nm मीटर पर दिन का माध्य वायुविलय प्रकाशीय गहराई का उपयोग किया गया और यह करीब 412 mW/m^2 पाया गया । एक दशा अध्ययन के रूप में, एक विशेष मेघ रहित आकाशवाले दिन को शुद्ध प्रकीर्णन (SSA=1.0), प्रबज अपशोषण (SSA=0.8) तरह के वायुविलयों एवं स्वच्छ दशाओं के लिए 0.1 के अंतराल में 0.1 से लेकर 1.0 तक के परास में विभिन्न वायुविलय प्रकाशीय गहराइयों के लिए युव्ही–बी. किरणित ऊर्जामान (280-320 nm) के आकलन किये गये । SSA=0.8 एवं 1.0 के लिए वायुविलय फोर्सिंग का आकलन करने के लिए 24 घंटों तक का हरेक 15 मिनट के समयांतराल के लिए वायुविलयों एवं स्वच्छ दशाओं में यु.व्ही–बी. फल्क्सों में अंतर का औसत निकाला गया । SSA= 1.0 एवं 0.8 के लिए फोर्सिंग क्षमता मान क्रमश: -105 और -349 mW/m^2 थे । प्रेक्षणात्मक आकलन में प्रेक्षित उँच्चतर फोर्सिंग क्षमता सम्भवत: सम्पूर्ण ओजोन में परिवर्तनशीलता एवं अवक्षेपित जल मौजुदगी के कारण था ।

वायु प्रदुषण एवं अवक्षेपण रसायन

(पी.एस.पी.राव, डी.एम.चाटे, जी.ए.मोमिन, के.अली, पी.डी.सफई, एस.तिवारी, वाई.तिवारी, डी.सिंह, पी.एस.प्रविण, एस एस.केवट, ए. ए. रानडे)

लैंड केम्पेन II के दौरान आगरा में वायुविलय एवं कोहरा रसायन

आई.एस.आर.ओ.–जी.बी.पी. द्वारा संचालित लैंड कैम्पेन II के तहत 1-31 दिसम्बर 2004 के दौरान आगरा के वायुविलय तथा कोहरा रसायन पर अध्ययन किया गया। परिणाम यह था (i) रात्रिकाल की तुलना में दिवस काल के सस्पेंडेड पार्टिकुलेट्स (टी.एस.पी.) तल तकरीबन 1.5 गुना अधिक थे जो दिवस काल के दौरान अधिकतर संवहन एवं टरब्युलेशन साथ ही साथ अधिकतर मानव क्रियाशीलताओं के कारण हो सका होगा । बिना कोहरावाले दिनों (TSP 349 mg/m^3) की तुलना में कोहरावाले दिनों में औसत टी.एस.पी. (487 mg/m^3) अधिक पाया गया । टी.एस.पी. के रसायनिक रचना से मालुम हुआ कि बिना कोहरा अवधि की तुलना में कोहरा अवधि में आयनिक भाग (सल्फेट, नाईट्रेट, क्लोराईड, अमोनियम और फ्लोराईड) अधिक थे । बिना कोहरा अवधि की तुलना में कोहरा अवधि में महीन आकार के कणों का योगदान अधिक था । (ii) ब्लैक कार्बन (बी.सी.) का औसत दैनिक विचरण एक शिखर प्रात:काल (08.00 ए.एम.) में एवं दुसरा शिखर रात (11.00 पी.एम.) में दर्शाया । अपराह्न काल (12.00 ए.एम. से 06.00 पी.एम.) के दौरान कम सांद्रण प्रेक्षित किया गया । बिना कोहरावाले दिनों के दौरान टी.एस.पी. एवं बी.सी. में एक अच्छा सहसम्बन्ध प्रेक्षित किया गया, किन्तु कोहरा के दिनों में कोई सहसम्बन्ध नहीं दिखा । रात्रिकाल में बी.सी., टी.एस.पी. का करीब 9% था, जबकि दिवसकाल में यह मात्र 3% था । (iii) कोहरा जल का पी.एच. 6.25 और 6.63 के बीच था जो क्षारीय प्रकृति की ओर सूचित करता है । धनायनों में अमोनिया प्रबल था, जबकि ऋणयनों में सल्फेट प्रबल था ।

गैसों एवं वायुविलय प्रदुषकों के परिग्रहण के द्वारा वर्षा के बूँदों की अम्लता का अध्ययन

मुक्त रूप से गिरती हुई वर्षा की बूँदों के द्वारा प्रदुषक गैसें और वायुविलय का परिग्रहण वायुमण्डलीय प्रदुषकों एवं वर्षा की बूँदों के पी.एच. के उर्ध्वाधर बंटन को प्रभावित करती हैं (**आकृती 32**) । सल्फर डाई ऑक्साइड और अमोनिया के अवशोषण, जलीय रसायनिक प्रतिक्रियांए एवं वायुविलय पकड़ को सम्मिलित करते हुए एक–विमिय काल परिवर्तनीय निदर्श का उपयोग कर वर्षा की बूँदों के पी.एच. निकाले गये । प्रस्तुत अध्ययन ने प्रकट किया कि पी.एच. का परिणाम वर्षा की बूँदों की आकार तथा मेघ आधार से गिरान दुरी के साथ बढ़ता है । यह गिरान दुरी के साथ कैल्शियम सान्द्रण में बढ़ोतरी के कारण हो सकता है, चुँकि यह अम्लीय भागों (उदाहरण,सल्फेट) को उदासीन बनाता है ।



आकृती 32 : गिरान दूरी के साथ वर्षा की बूँदों का पीएच. और वायुविलय के साथ वर्षा की बूँदों का आकार तथा वायुविलय के बिना ।

पुणे में कार्बोनेशियस वायुविलयों का सान्द्रण

आई.एस.आर.ओ.–जी.बी.पी. द्वारा प्रायोजित परियोजना ''रोल ऑफ एरोसोल्स एण्ड ब्लैक कार्बन इन द एटमासफियरिक रेडियशन बजट स्टडीज'' के तहत 880 nm तरंग दैर्ध्य पर, 5 मिनट काल आधार के अंतराल पर तथा 3 ली.प्र.मि. के बहाव दर पर, एक अथेलोमीटर (मैगी साईंस ईंक, यु.एस.ए. AE-42) का उपयोग करके पुणे में जुलाई 2004 से कृष्ण कार्बन कणों का लगातार मापन किया जा रहा है । इन प्रेक्षणों के परिणाम प्रकट करते हैं कि पुणे में सन 2005 के दौरान कृष्ण कार्बन के सांद्रण शीत–ऋतु (डी.जे.एफ) में अधिकतम तथा उसके बाद पोस्ट–मानसुन (अक्तुबर–नवम्बर) में थे । न्युनतम सांद्रण मानसुन (जुन, जुलाई , अगस्त, सितम्बर) में प्रेक्षित किये गये (आकृती **33**) । वास्तव में, शीत–ऋतु में औसत मान (7.38 mg/m^3) ग्रिष्म के औसत मान (3.25 mg/m^3) के दो गुना मानसुन के औसत मान (1.31 mg/m^3) के 6 गुना था । यह रूप मुख्यत: उन ऋतुओं में प्रभावी मौसम दशाओं के कारण था । पोस्ट–मानसुन तथा शीत ऋतुओं में हवांए अधिकांशत: उत्तर–पूर्व दिशा से बहती हैं जो जमिनी क्षेत्रों से प्रदुषक–बर्द्धित वायु–राशि लाती है, जबकि गृष्म ऋतु में पश्चिमी एवं उत्तरी–पश्चिमी हवांए प्रभावी होती हैं और मानसुन ऋतु में अधिकांश हवांए दक्षिण–पश्चिम से आती हैं । गृष्म एवं मानसुन ऋतुओं में ये सभी हवांए सागरीय तत्वों से वर्द्धित वायु–राशि लाती है । इसके अतिरिक्त, शीत ऋतु के महिनों में कम मिक्सिंग ऊँचाई एवं कम वायु गति के कारण व्हेन्टीलेशन गुणांक कम होते हैं । यह प्रदुषकों, विशेषत: सबमाईक्रान आकारवाले जैसे कृष्ण–कार्बन, सल्फेट्स, नाईट्रेट्स एवं अमोनियम वायुविलय को कम तितर बितर करता है । मानसुन में कम सांद्रण का दुसरा मुख्य कारण अवक्षेपण के जरिये वाश–आऊट मेकानिज्म है। गृष्म ऋतु में, एक शुष्क काल होते हुए भी, जब जलाने का काम कम अवसरों पर होता है, कृष्ण कार्बन के सान्द्रण शीत ऋतु की तुलना में कम होते हैं जो मुख्यत: ऊँच्च संवहन क्रियाशीलता, जो महीन आकारवाले वायुविलयों को तितर–बितर करने का जिम्मेदार है, के कारण होता है ।



*आकृती 33 : 2005 दौरान पुणे पर मासिक माध्य ब्लॅक कार्बन (*BC*) सांद्रणता*

वायुमंडलीय रसायन, मॉडेलिंग एवं गतिकी

(जी.बेग, आई. एस.जोशी, एस.एस.फडणवीस, एस.रॉय, पी.बुचुन्डे, एस.एस.गुन्ठे, व्ही.सिंह, एस.साहु)

दक्षिण एशियाई क्षेत्र में ट्रोपोस्फियरिक ओजोन तल पर भारतीय रसायन उत्सर्जन का प्रभाव

दक्षिण एशियाई क्षेत्र में ओजोन प्रिकर्सरों (कार्बन मोनोक्साइड, नाईट्रोजन ऑक्साईड्स, नॉन–मिथेन हाइड्रोकार्बन) का मानव जनित उत्सर्जन ओजोन उत्पादन का संभवतया प्रबल श्रोत है । भारतीय उप–महादेशों में ओजोन प्रिकर्सरों के उत्सर्जन का दक्षिण एशियाई क्षेत्र के इर्द–गिर्द क्षोभमंडलीय ओजोन की प्रचुरता पर प्रभाव की खोज की गई । इस अध्ययन में मौसम विश्लेषणों तथा 2001 की नवीन उत्सर्जन–सूची द्वारा प्रदत्त गत्यात्मक मैदानों से प्रबल रसायन यातायात निदर्श (मोजार्ट) का उपयोग किया गया (**आकृती 34**) । दक्षिण एशियाई क्षेत्र के लिए सीमा तह ओजोन में भारतीय उत्सर्जन का प्रभाव करीब–करीब नगण्य है, किंतु मानसुनी महिना जुलाई के लिए मुक्त क्षोभमंडल में यह प्रबल है क्योंकि उर्ध्वाधर प्रवणता बहुत ही प्रबल है और भारतीय क्षेत्र पर ऊँच सांद्रण मान ऊपर की ओर तुरन्त चला जाता है और क्षैतिज तौर पर फैल जाता है । निदर्श द्वारा गणना करने पर पता चला कि मानसूनी महिना जुलाई जब दक्षिण–पश्चिम मानसुन लगभग सम्पूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप पर बृहद स्पेस में क्रियाशील हो गया और दक्षिण–पश्चिम भारत से वायु राशि का आगमन प्रबल हो गया, के दौरान भारतीय श्रोंते सतही ओजोन मिश्रण अनुपात को भारतीय उपमहाद्वीप के पूर्वी तरफ में 2-7 पी.पी.बी.व्ही. तथा पश्चिमी तरफ में 1-4 पी.पी.बी.व्ही. बढ़ा दिये । पूर्व–मानसुन काल के दौरान, एशिया के उत्तरी, उत्तर–पूर्वी तथा उत्तर–पश्चिमी भाग बहुत दुर्बल हवाओं से चरित्र चित्रित किये गये और भारत के ऊपर उत्सर्जित रसायन उन क्षेत्रों पर प्रभावी ढ़ंग से फैल गये । बंगाल की खाड़ी से पश्चिमी भारत (गुजरात और राजस्थान) के कम दबाव क्षेत्र को जोड़नेवाला मानसुनी द्रोणिका स्थापित हो गया था और द्रोणिका के नीचे वायु ढ़ाँचा (दाब तल के रूप में) दक्षिण–पश्चिमी था जबकि द्रोणिका के ऊपर यह दुर्बल दक्षिण पूर्वी था । इस प्रकार, दक्षिण–पश्चिम से वायु राशि का प्रवहन प्रबल था, इसलिए उत्तर में कुछ बगली फैलाव के साथ ओजोन उत्तर पूर्व की ओर विस्थापित हो गया ।





आकृती 34 : भारतीय भौगोलिक क्षेत्रों के परिसीमा परत पर ओजोन का बंटन (अ) स्थानिय स्त्रोतों से भारतीय उत्सर्जक को शून्य माना, जो की दक्षिन एशिया के उत्सर्जक संधात के साथ (दीर्घ परिसर परिवहन) भारत पर ओजोन के बंटन (ब) भारतीय भौगोलिक क्षेत्रों पर सामान्य ओजोन के बंटन (संदर्भ सतह) तुलनात्मक के लिए

ऊष्णदेशीय स्ट्रेटोस्फियर के लिए तापक्रम एवं ओजोन के लम्बी अवधि प्रवृत्ति में सूर्योदय–सूर्यास्त परिवर्तनशीलता

0°-30° N. ऊष्णदेशीय क्षेत्र पर अक्तुबर 1991- अगस्त 2004 की अवधि के लिए अपर एटमोस्फियरिक रीसर्च सेटेलाइट (यु.ए.आर.एस.) प्रेक्षणों पर हैलोजन ओक्युलटेशन एक्स्पेरिमेंट (एच.ए.एल.ओ.इ.) का उपयोग करके उष्णदेशीय स्ट्रेटोस्फियर के ऊपर तापक्रम और ओजोन के सूर्योदय एवं सूर्यास्त–लम्बी–अवधि परिवर्तनशीलता की खोज की गई । सूर्योदय एवं सूर्यास्त काल श्रेणी में प्रवृत्ति के अलग–अलग आकलन किये गये । सूर्योदय एवं सूर्यास्त तापक्रम प्रवृत्ति रूपरेखा दोनों लगभग समान प्रकृति दिखाए जिसमें सबसे ज्यादा शीतलन प्रवृत्ति 33-35 कि.मी. के आसपास था । निचले स्ट्रेटोस्फियर के ऊपर दोनों सूर्योदय एवं सूर्यास्त तापक्रम ~ 2-3 कैल्विन / दशक का शीतलन प्रवृत्ति दिखाए, जबकि उपरि स्ट्रेटोस्फियर (35-50 कि.मी.) 0.5-2.5 कैल्विन/दशक का शीतलन प्रवृत्ति दिखाया। तिसपर भी, सूर्योदय एवं सूर्यास्त प्रवृत्ति बंटन के तापक्रम में मासिक परिवर्तन का ऊर्ध्वाधर संरचना में विभेद था । ग्रीष्म ऋतु के दौरान सूर्यास्त प्रवृत्ति बंटन में तथा शीत एवं बसंत ऋतुओं के दौरान सूर्योदय प्रवृत्ति बंटन में प्रबलतर शीतलन प्रेक्षित किया गया । सूर्योदय एवं सूर्यास्त ओजोन सांद्रण के लिए ओजोन प्रवृत्तियों की ऊर्ध्वाधर रूप–रेखा (% / दशक) ने 42 कि.मी.के ऊपर महत्वपूर्ण प्रवृत्ति ने होने के साथ समान प्रकृति दर्शाया । 25 कि.मी. निकट कम धनात्मक (~ 3% दशक) तथा 32 कि.मी. के ऊपर ~ 8% दशक ओजोन प्रवृत्तियाँ प्रेक्षित की गयीं । सूर्योदय एवं सूर्यास्त ओजोन प्रवृत्तियाँ ज्यादा बदलाव नहीं दिखाईं।

मेसोपॉज क्षेत्र के तापक्रम में प्रवृत्तियों से संबंधित नवीनता

हाल ही में पुराने तापक्रम रूप–रेखा के डाटा समूह में जाकर कुछ परिवर्तित परिणाम के साथ–साथ कुछ नये परिणाम सूचित किये गये जिनपर पुनर्विचार किया गया तथा इसका नवीन संस्करण तैयार किया गया। सबसे महत्वपूर्ण प्रगति थी, तापक्रम के लम्बी अवधि की प्रवृत्तियों के दो महत्वपूर्ण रूपों, जो हैं, मेसोस्फियरिक तापक्रम प्रवृत्तियों में एक प्रबल मौसमियता (मासिक परिवर्तनशीलता) का संकेत तथा परिवर्तित होनेवाली लम्बी–अवधि–प्रवृत्ति–रूपों की व्याख्या में कुछ भीतरी निगाह, के समझ में सुधार । कुछ छोटे भाग विशेषत: ओजोन में परिवर्तन मेसोस्फियरिक तापक्रम प्रवृत्तियों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता दिखाता है । सम्भवत: मानव–मूल का एक दुसरा कारक जो मेसोस्फियरिक प्रवृत्तियों को प्रभावित कर सकता है, वह है जलबाष्प सांद्रण में सूचित वृद्धि जो मेसोस्फेयर तथा निचले ऑयनमण्डल के रसायन एवं रात्रि–मेघ को प्रभावित करता है । तापक्रम प्रवृत्ति रूप के बेहतर समझ के लिए गुरूत्व तरंग भी शायद एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।

ऊष्णदेशों में ओजोन परिवर्तन की तरंगिका विश्लेषण

तरंग अन्योन्यक्रिया एवं द्विवर्षीय दोलन कल्प (द्वि.दो.क.) के कारण ओजोन में परिवर्तन का अध्ययन करने के लिए अक्तुबर 1991 – अप्रैल 1991 की अवधि के लिए अपर एटमॉसफेयरिक रीसर्च सेटेलाईट (यु.ए.आर.एस.) पर लगाये गये माईक्रोवेव्ह लिम्ब साऊंडर (एम.एल.ए.) से प्राप्त ओजोन आयतन मिश्रण निष्पत्ति के डाटा का कूटवाचन किया गया और ऊष्णदेशीय क्षोभमण्डलीय क्षेत्र (40° द. से 40° उ.) के लिए निष्कर्षित किया गया । परिवर्तनशीलता के प्रभावी अवस्थाओं तथा ये अवस्थाएं समय के साथ कैसे बदलती हैं, दोंनों, को निश्चित करने हेतु एक काल–बारंबारता परिवेश में शक्ति के स्थानीय परिवर्तनों का विश्लेषण करने के लिए तरंगिका विश्लेषण का उपयोग किया गया । श्रेणी को तरंगिका रूपान्तरण के लिए प्रस्तुत करने से पहले ओजोन आयतन मिश्रण निष्पत्ति के काल–श्रेणी को अप्रवृत्त किया गया तथा ऋतु संबंधी परिवर्तन को हटा दिया गया । ओजोन असंगति के ऊर्ध्वाधर बंटन ने दर्शाया कि निचले समतापमण्डल के ऊपर द्वि.दा.क. आयाम ऋणात्मक कला के साथ ~0.4 - 1 पी.पी.एम. है जबकि उपरि समताप मण्डल के ऊपर यह कला उत्क्रमण के साथ ~0.1 - 1.2 पी.पी.एम. तक घट जाता है ।

बहुफलनात्मक समाश्रयण निदर्श के उपयोग से 1992-1999 की अवधि के डेटा का विश्लेषण करके ऊष्णदेशीय – उपऊष्णदेशीय समतापमण्डल (40° द.–40° उ. पर ओजोन द्वि.दो.क. के अक्षांश–ऊँचाई रूप की खोज की गई । ओजोन में अनुमानित द्वि.दो.क. ने विषुवृत्त वृत्त पर केन्द्रित 2-3% प्रति 10 मी./सें. के गुणांक के साथ 22 एच पी ए और 10 एच पी ए पर स्थित दो उच्चिष्ठ दर्शाया । विषुवृत्तीय उच्चिष्ठ एक दुसरे के कला विरूद्ध थे । 14 एच पी ए के निकट उपोष्ण प्रदेश दो श्रृंग रूप दर्शाये, किंतु 10 एच पी ए के निकट के विषुवृत्त वृत्तीय उच्चिष्ठ के चिह्न के यह विपरित था । विभिन्न ऋतुओं के दौरान ओजोन द्वि.दो.क. के विचरण ने प्रकट किया कि डी.जे.एफ. के दौरान दो उपोष्णीय ऋणात्मक निमिष्ठ के साथ 10 एच पी ए के निकट धनात्मक उच्चिष्ठ का प्रारूप दिखा जो ऋतुओं के प्रगमन के साथ मूर्झा गया । साथ ही साथ समान प्रारूप 4.6 एच पी ए के निकट प्रकट हुआ जो ऋतुओं के प्रगमन के साथ प्रबल हुआ । विषुवतवृत्तीय क्षेत्र के ऊपर धनात्मक (जोनल हवा पश्चिमी) गुणांक ऋणात्मक (जोनल हवा पूर्वी) गुणांक के ऊपर था जो समय के साथ नीचे आ गया । 10°- 20° उ. अक्षांशीय पट्टी के ऊपर फरवरी–मार्च के दौरान > 5% प्रति 10 मी.से. ऋणात्मक द्वि.दो.क. गुणांक प्रेक्षित किये गये । उपोष्णीय क्षेत्र के ऊपर 10-2.6 एच पी ए के बीच –6 से 6% प्रति 10 मि.से. के बीच परिवर्तित होनेवाली प्रबल द्वि.दो.क. गुणांक प्रेक्षित किये गये ।

सौरमण्डलीय धारा एवं भारतीय ग्रिष्मकालीन मानसुन में सम्बंध

सौरमण्डलीय धारा परत एवं भारतीय ग्रिष्म कालीन मानसुन वृष्टि के बीच सम्बंध का अध्ययन किया गया । भारत मौसम विभाग के द्वारा प्रकाशित इण्डियन डेली वेदर रिपोर्ट से 17 मौसमी उपमण्डलों (जम्मु और कश्मीर, राजस्थान, पूर्व मध्य प्रदेश, पश्चिम मध्य प्रदेश, पूर्व कोंकण, पश्चिम राजस्थान, मद्रास, तटीय आंध्र प्रदेश, तटीय मैसूर, अंदरूनी मैसूर, उत्तर एवं दक्षिण मैसूर, केरल, सौराष्ट्र एवं कच्छ, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, महाराष्ट्र, विदर्भ) के वृष्टि डाटा संग्रह किये गये । 1964 से लेकर 1994 तक के मानसुन अवधि (जुन–सितम्बर) के वृष्टि डाटा संग्रह किये गये । उसी अवधि के लिए सौरमण्डलीय धारा परत के डाटा 1978 तक के लिए सोलर टेरेस्ट्रीयल वर्किंग डाक्युमेंट्स से तथा 1978 से लेकर 1994 तक के लिए प्रो. टिंसले से संग्रह किये गये । प्रत्येक मास और प्रत्येक वर्ष के लिए वास्तविक वृष्टि के औसत मान की गणना की गई और तब प्रत्येक क्षेत्र के लिए जुन से सितम्बर तक के लिए औसत वृष्टि मान की गणना की गई । वास्तविक वृष्टि डाटा को दो समूहों में विभाजित किया गया – प्रथम, जो (-,+) प्रतिच्छेद घटना के तहत आता है तथा द्वितीयत: जो (+, -) प्रतिच्छेद घटना के तहत आता है । वास्तविक वृष्टि मान एवं (-,+) / (+, -) प्रतिच्छेद घटना के बीच अलग–अलग सहसम्बन्ध गुणांक निकाले गये । यह प्रेक्षित किया गया कि सभी राज्यों में भारतीय ग्रिष्मकालीन मानसुन वृष्टि (-,+) प्रतिच्छेद घटना के साथ समान कला सम्बंध रखता था । (**आकृती 35**) जो है, सूर्य के तरफ चुम्बकीय क्षेत्र सीमा ध्रुवता तथा उसके बाद और अधिक ग्रिष्मकालीन मानसुन वृष्टि क्रियाशीलता ।



आकृती 35 : भारतीय ग्रीष्म मानसून एवं हैलिस्फीयर प्रवाह के बीच सहसंबंध 1962-1996

चक्रवाती झंझावात / अवदाब एवं मानसुन वृष्टि क्रियाशीलता में सम्बंध

उष्णदेशीय सागरों पर बननेवाले चक्रवाती झंझावात और अवदाबों की संख्या तथा चुम्बकीय क्षेत्र सीमा (एम.एस.बी.) प्रतिच्छेद घटना के बीच में सम्बंध की जाँच करने के लिए एक अध्ययन किया गया। इस अध्ययन में 1964 से लेकर 1995 तक की अवधि के चक्रवाती झंझावात तथा चुम्बकीय डाटा का उपयोग किया गया। परिणाम सूचित करते हैं कि चक्रवाती झंझावात एवं अवदाब के (-,+) तथा (+, -) एम.एस.बी. प्रतिच्छेद घटना के साथ जुन और सितम्बर में समान कला सम्बंध है तथा अक्तुबर एवं नवम्बर में विपरित कला सम्बंध है ।

उच्च–निम्न अक्षांशों के बीच भूचुम्बकीय झंझावात क्रियाशीलता, समतापमण्डलीय सम्पूर्ण ओजोन परिवहन का युग्मन तथा भारतीय ग्रिष्मकालीन मानसुन वृष्टि

सौर भूभौतिकीय डाटा से 41 वर्ष की अवधि (1958-1998) के लिए मई और जुन–सितम्बर के दौरान भूचुम्बकीय क्रियाशीलता डाटा के मासिक माध्यों (ए.ए.इंडेक्स) के संग्रह किये गये । 41 वर्ष की अवधि (1958-1998) के लिए मई और जुन–सितम्बर के दौरान अल्मा एटा (42.3° उ., 76.9° पू.), नई दिल्ली (28.6°उ., 77.2°पू.), कोडईकनाल (10.2° उ., 77.5°पू.) के लिए सम्पूर्ण ओजोन डाटा के औसत माध्य ''ओजोन डाटा फॉर दि वर्ल्ड'' से प्राप्त किये गये। सम्पूर्ण भारतवर्ष के लिए जुन–सितम्बर के दौरान 41 वर्ष के सामान्य मान से वृष्टि डाटा के प्रतिशत वृष्टि विचलन पर कार्य किये गये। 1958 से 1998 तक नई दिल्ली और त्रिवेन्द्रम के बीच माध्य यामोत्तरी वायु अंतर की गणना भी की गई। ए.ए. इन्डेक्स के मासिक माध्य एवं ओजोन मान के 1-2-1 मसूणीकरण किये गये। ओजोन डाटा के लिए विचार किये गये तीनों स्टेशन्स करीब–करीब एक ही यामोत्तर में अवस्थि थे । सम्पूर्ण ओजोन के अभिगमन क्रियाविधि जानने के लिए अल्माएटा–कोडईकनाल, दिल्ली–कोडईकनाल तथा अल्माएटा –नई दिल्ली के बीच सम्पूर्ण ओजोन में मासिक माध्य अन्तर पर कार्य किये गये। भूचुम्बकीय क्रियाशीलता एवं निम्न और उच्च अक्षांशों के बीच ओजोन अभिगमन में सम्बंध का अध्ययन करने के लिए सम्पूर्ण ओजोन अंतर तथा मई से सितम्बर (1958-1999) के दौरान ए.ए. इन्डेक्स के बीच सहसम्बंध गुणांक की गणना की गई तथा उसको चित्रित किया गया। मई से सितम्बर के दौरान 850, 500 और 100 एच.पी.ए. पर नई दिल्ली और त्रिवेन्द्रम में प्राप्त यामोत्तरीय वायु अंतर एवं अल्मा एटा कोडईकनाल, नई दिल्ली–कोडईकनाल तथा अल्माएटा–नई दिल्ली के ओजोन अन्तर के बीच सहसम्बंध गुणांक की गणना की गई । 850, 500 और 100 एच.पी.ए. पर ए.ए. इन्डेक्स और यामोत्तरीय वायु अंतर के बीच सहसम्बंध गुणांक मान की गणना भी की गई । विश्लेषण से यह अनुमान लगाया गया कि (i) 850 तथा 500 एच.पी.ए. पर उत्तर में पाये गये अधिकतम यामोत्तरीय वायु दक्षिण से लेकर उत्तर तक के सम्पूर्ण ओजोन के उत्तर की ओर अभिगमन से सम्बंधित है (ii) भूचुम्बकीय क्रियाशीलता में वृद्वि और अल्माएटा–कोडईकनाल के बीच और अधिक ओजोन अंतर मानसुन वृष्टि क्रियाशीलता में वृद्वि से सम्बंधित है और (iii) उच्च भूचुम्बकीय क्रियाशीलता की अवधि के दौरान ओजोन का विषुवत रेखा की ओर अभिगमन और जुन–सितम्बर के दौरान उत्तर में अधिकतम यामोत्तरीय वायु भारतीय ग्रिष्मकालीन मानसुन वृष्टि न्युनतर मान से सम्बंधित है ।

ओजोन एवं दूसरे प्रदुषकों पर शक्कर फैक्टरी का प्रभाव

अंतरंग एवं बहिरंग ओजोन एवं दूसरे द्वितियक प्रदुषकों के स्तर पर शक्कर उद्योग के प्रभाव को अध्ययन करने के उद्देश्य से पुणे क्षेत्र के आस–पास स्थित शक्कर फैक्टरी के निकट कैम्पेन अवस्था में दिसम्बर 2005 से जनवरी 2006 के दौरान सतह पर अनेक वायुमण्डलीय प्रदुषकों, जैसे, नेत्रजन के ऑक्साइड, कार्बन मोनोक्साइड, ओजोन एवं हाईड्रोकार्बन्स के माप किये गये । शक्कर फैक्टरी के प्रांगण में ये गैसें मुख्यत: भाम पैदा करने के लिए क्वथन–पात्र में बैग्गासे के जलने तथा आंशिक रूप में मोलासिस से निकलते हैं । विगत दो वर्षों से संग्रह किये गये सिमित डाटा (दिसम्बर–जनवरी) पर आधारित प्राथमिक विश्लेषण ने प्रकट किया कि शक्कर फैक्टरी के वातावरण के प्रभाव के तहत दिवाकाल के दौरान अंतरंग एवं बहिरंग नॉक्स, सी.ओ., ओजोन तथा हाईड्रोकार्बन्स के स्तर अपरिवर्तित रहे । तिसपर भी, जब भूमिका स्तर से तुलना की गयी तो रात्रिकाल के दौरान के प्रदुषण तल नियमित रूप से एक बढ़े स्तर की ओर सूचित किये । रात्रिकाल के मान संदर्भ–तल से लगभग 20-30% अधिक पाये गये । रात्रिकाल का यह विचलन पिछले सीमा तह में इन प्रदुषकों के उत्सर्जन एवं जमा होने के दर में अन्तर के कारण था ।

वायुमंडल के सूक्ष्म घटकों का मापन तथा अनुश्रवण

(डी.बी.जाधव, ए.एल.लोंढे, सी.एस.भोसले, जी.एस.मीना, एस.बी.पदमाकुमारी, ए.एल.सागर, एच.के. त्र्यंबके, एस. एच. कुलकर्णी)

अंतरिक्ष और भू–स्थल मापों के ओजोन की तुलना

वायुमंडलीय NO_2, O_3, H_2O और O_4 अध्ययनों के लिए, पराबैंगनी दृश्य स्पेक्ट्रोमीटर के उपयोग से क्षितिज आकाश के प्रकीर्णित प्रकाश के प्रेक्षण प्रयोग में लिए गये । ओजोन (O_3) के उर्ध्व मानचित्र (आबंटन) भू–स्थल क्षितिज आकाश अवलोकनों से निकाले थे जिनकी ओजोन सोंडे से प्राप्त ओजोन की मानचित्रों के साथ तुलना की गई । ओजोन के उर्ध्व मानचित्रों से निकाली गई कुल ओजोन स्तंभ घनत्व मान की तुलना, टोम्स (TOMS) उपग्रह से प्राप्त स्तंभ घनत्व मानों से की गई और ये एक दूसरे के समरूप पाये गये थे ।

द्वाभा प्रकाशमापी अवलोकन (प्रेक्षण) और डाटा विश्लेषण

संस्थान में अप्रैल 2005 से मार्च 2006 तक द्वाभा प्रकाशमापी हस्तचलित किये गये थे । प्रयोग संध्या द्वाभा काल के दौरान लिये गये अर्थात साफ आकाश की स्थिति में सूर्यास्त के समय लगभग 45 से 50 मिनट। प्रकाशमापी डाटा विश्लेषित किये गये और संकेतक द्वाभा प्रकीर्णित तीव्रता का लोगोरिथमिक गुणांक की शर्त पर वायुविलय इनडेक्स के उर्ध्व मानचित्र निकाला था । अधिकतर द्वाभा मानचित्रों में यह देखा गया कि उपस्थित सकीर्ण समतापीय वायुविलय सतह की अधिकता ~20 कि.मी. पर थी ।

भारतीय अक्षाशों पर ओजोन में बदलाव

भारतीय अक्षाशों 5.5° - 35°N और 70°-95° E पर काल 1997 से 2004 के लिए टोम्स (TOMS) मासिक कुल ओजोन स्तंभ ग्रिड बिन्दु डाटा एकत्रित किये गये । ये डाटा विभिन्न अक्षाशों पर ओजोन में और प्रवृत्तियों के अध्ययन के उपयोग में लिए गये । विभिन्न अक्षाशों पर ओजोन उच्चांक की घटना में क्रमिक खिसकाव देखे गये । अधिकतम ओजोन निम्न अक्षाशों (जून) की तुलना में उच्च अक्षाशों पर पहले (मार्च) पायी गई । लगभग नगण्य ऋणात्मक प्रवृत्ति देखी गयी है ।

भारत के ऊपर कुल ओजोन स्तंभ में मानसून प्रसार प्रेरित परिवर्तिता – एक विशेष अध्ययन

दैनिक कुल ओजोन स्तंभ (TCO) की आंतर ऋतुवीय परिवर्तिता का अध्ययन 12 भारतीय स्टेशनों पर किया गया था । अध्ययन में पांच वर्ष (1998-2002) मई से सितम्बर तक TOMS (कुल ओजोन प्रतिचित्रण स्पैक्ट्रोमीटर) दैनिक डाटा उपयोग में लिये गये थे । दैनिक TCO डाटा के पॉवर स्पैक्ट्रम विश्लेषण ने यह दिखाया कि तीन प्रकार के प्रभाव करनेवाले आवर्तक याने कि, 3-8 दिन (संश्लेशी), 10-20 दिन (अर्ध द्वि–सप्ताह, qbw) और 30-60 दिन (मॅडन ज्युलियन ऑसिसलेशन, MJO), भारतीय गर्मी के मानसून की वर्षा (ISMR) से मिलती जुलती थी । भारतीय क्षेत्र के ऊपर TCO परिवर्तिता में इन आंतर ऋतुवीय तरीकों की गतिविधियों के औसत विशेष वितरण का अध्ययन किया (**आकृति 36**)



आकृति 36 : दैनिक TCO का पॉवर स्पैक्ट्रम । वक्र रेखा 95% स्तर की सार्थकता को निरूपित करती है ।

सिनॉप्टिक तरीके का विशेष वितरण मध्य भारत के ऊपर सबसे मजबूत सक्रियता दिखाता है । MJO तरीका ने भारत के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में सबसे अधिक सक्रियता दिखाई ।

भारत के ऊपर 2001-2003 में लिओनिड सक्रियता के दौरान मध्य वायुमंडल में उल्का–सम्बन्धी धूल के प्रकाश तीव्रता मापी अवलोकन

सूक्ष्म कणों की उपस्थिति जो पुच्छल तारों की धूल जैसे कि 55 पी / टेम्पल–टूटल से उत्पन्न हुई के द्वारा मध्य वायुमंडल में बदलाव को सिद्ध करने के लिए मंद प्रकाशमापी तकनीक का उपयोग किया गया था । वायुमंडल में उल्का–सम्बन्धी धूल की उपस्थिति, लिओनिड सक्रियता जो 2001 से 2003 तक घटित हुई, पुणे (18.5°N, 73.9°E), भारत में मंद–प्रकाश–मापी अवलोकनों से पता लगाया गया (**आकृति 37**)। मेसो–पॉज के ऊपर से निचले समतापमंडल तक धूल की सार्थक बढ़त का कारण नवम्बर 2001 और 2002 के लिओनिड तूफान और 2003 नवम्बर के विस्फोट हैं । अध्ययनों से पता चला है कि उल्का–सम्बन्धी धूल की परतें मेसोस्फिअर स्तर और उनके नीचे की ऊँचाईयों पर हैं । यह रूचिकर टिप्पणी है कि उल्का–सम्बन्धी योगदान का पता लगाना, वर्तमान में मध्य वायुमंडल की ज्वालामुखीय स्थिति के द्वारा सम्भव हुआ । लिओनिड विस्फोट सुबह से पहले 14 नवम्बर को पूर्वी एशिया में हुए । 13 नवम्बर विस्फोट से पहले की वायुमंडलीय स्थिति को दिखाती है । विस्फोट के बाद 16 नवम्बर को परत में बढ़त देखी गई और 17 नवम्बर की सुबह को लगभग 20 कि.मी. पर थी । 19 नवम्बर को दूसरे लिओनिड विस्फोट के कारण 20 नवम्बर को 65-95 कि.मी. के बीच दुबारा बृहत बढ़त देखी गई । यह परत 25 नवम्बर तक निचली ऊँचाईयों पर कम होती गई और अंत में 28 नवम्बर को कोई भी बढ़त नहीं देखी गई ।



आकृति 37 : सुबह (M) और शाम (E) मंद प्रकाश की तीव्रता (q) का नवम्बर 2003 के लिए लोगोरिथमिक गुणांक ।

उपकरण तथा प्रेक्षणमूलक तकनीक

उपकरण तथा प्रेक्षणमूलक तकनीक विभाग उपकरणोंकी रचना एवम् निर्माण करता है । साथ ही प्रेक्षण (observation) के लिए नये नये तकनीक विकसित करता है तथा क्षेत्र और प्रयोगशाला में प्रयोग कार्य करता है । यह विभाग निम्न उद्देशोंको मद्देनजर रखते हुए अपना संशोधन कार्य करता है ।

- वैश्विक विद्युत मंडल (Global Electric Circuit) के अभ्यास के लिए वातावरणीय विद्युत (Atmospheric Electical) मौसम और धूलीकण के मापदंड को जमीन, सागर और स्वच्छ पर्यावरण पर मापना ।
- दक्षिण ध्रुवीय प्रदेशपर वातावरणीय विद्युत मापदंड के मापन के लिए उपकरणोंका विकास करना ।
- मिलीमीटर आकार की पानी के बूंदोका विद्युत क्षेत्र के होते हुए और उसके अलावा होनेवाले बाष्पीभवन (Evaporation), विचलन (Distortion), अनुकंपन (Osciallation), टक्कर (Collision) और संयोग (Coalescence) इन सूक्ष्म भौतिकीय प्रक्रियाओंका लंब वात सुरंग (Vertical wind funnel) मे अभ्यास करना ।
- विद्युत भारीत और विद्युत भार रहीत पानी के बूदोंद्वारा धूलीकरण विकास का अभ्यास करना ।

मेघ भौतिकी अभ्यास के लिए अनुकार तकनीकें

(ए.के.कामरा, दीन मणि लाल, एम.एम.कुलकर्णी , आर.व्ही.भालवणकर)

लंब वात सुरंग में एक प्रयोग किया गया जिसका उद्देश मेघ के सूक्ष्म भौतिकीय प्रक्रियों पर बारीश के पानी में विद्युत बल और रासायनिक अशुध्दी के एकत्र प्रभाव का पता लगाता था । 16 एम एम चलचित्र कैमेरा से बूंदों का चित्रण किया गया । अशुध्द बूंदो में होनेवाला विचलन, शुध्द पानी के बूंदों के तुलना में ज्यादा होता है यह अनुमानित किया गया ।

समापन गती से (Terminal Velocity) उर्ध्व मुक्त पतन नलिका (Vertical Free Fall tube) में गिरनेवाली पानी की बूंद किस तरह से टुटती है उसके विक्षोभ (Turbulence) प्रभाव अध्यापन के लिए एक प्रयोग किया गया । अलग अलग विक्षोभ समतल पर विशिष्ट आकार के बूंदों का टूटना नापा गया । प्रारंभिक अनुमान दर्शाता है की टुटकर बननेवाले बूंदों की संख्या कुछ विशिष्ट निर्णायक विक्षोभ की किमत पर जादा होती है ।

मेघों के विद्युती गुण तथा वायुमंडलीय विद्युत के सतह प्रेक्षण

(ए.के.कामरा, एस.डी.पवार, व्ही.गोपालकृष्णन, सी.जी.देशपांडे, पी.मुरूगवेल, दीन मणि लाल, देवेंन्द्र सिंग एस.डी.गुडे, किरणकुमार जोहरे, व्ही.पंत, रमेश कुमार)

गर्जन मेघों में विद्युत संचारन अभ्यास

मध्यम आकार के ओला आँधी के निचले सतह विद्युत क्षेत्र, मॅक्सवेल विद्युतधारा और मेध गर्जना इनके मापन का विश्लेषण किया गया जिसका उद्देश उष्ण कटिबंधीय ओला आँधी प्रक्रिया का एवंम् आसमानी बिजली के क्रमिक विकास का अभ्यास करता था । आँधी के पुरे सक्रिय जीवनक्रम में आँधीके बादल से जमीनपर गिरनेवाली बिजली की चमक की प्रति 1 से 2 मिनिट स्थिर वारंवारता दर्शायी । दो बादलों के बीचवाली बिजलीचमक और बादल से जमीनपर गिरनेवाली बिजली की चमक इनका अनुपात बढता है, जब कुल चमक दर बढती है । आँधी के संवाहक स्थिती में लगभग हर बादवाली आसमानी बिजली विरूद्ध ध्रुवणता (Polarity) युक्त विद्युत क्षेत्र बदलाव उतल कराती है । इसके साथ ही दो लगातार विरूध्द ध्रुवणता युक्त विद्युतक्षेत्र बदलाव 2 से 20 सेकंद के अंतराल से जोडी में पाये जाते है । संवाहक और परिपक्व स्थितीके बिच, आँधी तेज बारिश दर्शाती है और साथ ही विद्युत क्षेत्र में बदलाव दिखाई देता है। परिपक्व स्थिती का विकास, सतह विद्युत क्षेत्र और मॅचस्वेल विद्युतधारा के ध्रुवणता में ऋण से धन में तेजीसे बदलाव स्पष्ट करता है, कुल चमक दर और दो बादलोंके बीचवाली बिजली चमक और बादल से जमीनपर गिरनेवाली बिजली की चमक इनका अनुपात इनमें तेजीसे बढोतरी दिखाता है , बिजलीसे प्रेरित क्षेत्र में होनेवाला बदलाव लगभग अनन्य ऋण ध्रुवणता युक्त होता है और संभवत: आँधी से विद्युतभारित क्षेत्र को उपरकी तरफ उठानेवाला होता है । आँधी की बोछारवाली स्थिती में ओला और बारिश देखी गयी, विद्युत क्षेत्र और मॅक्सवेल विद्युतधारा में धन से ऋण ध्रुवणता तक तेज बदलाव देखा गया और बादल से जमीनपर गिरनेवाली कुछ धन बिजली की घटनाभी हुई ।

प्रेक्षण स्पष्ट दिखाते है की कुछ बिजली की चमक इतनी सक्षम होती है की विरूध्द ध्रुवणतावाली जगह में भी विद्युतभार को पहुंचाती है । इस तरह विद्युतभार ले जाना यह आँधी में दुसरे विद्युतभार विमोचन को प्रेरित करती है, या आँधी के विद्युतभार की फैलाव क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव कराती है जिससे बादवाली चमक के स्वरूपमें बदलाव आता है । अलग हवा खंड आँधी के लिए सतह विदयुत क्षेत्र में वातावरण की आँधी–अंत–दोलन (EOSO) विशेषत: पुणे में जहाँ अध्यापन हुआ दिखाई देती है । देखा गया है कि (EOSO) का समय फ्लॉरिडा में बडे खंडवाली आँधी और न्यू मेक्सिको के संवाहक हवा–खंड आँधी की तुलनला में पुणे में कम है । EOSO समय के बीच, बिजली की वारंवारता बहुत कम हो जाती है पर कुछ चमक विद्युतभार का उन में अपना अलग प्रभाव दिखाते है । विद्युत दो ध्रुव की व्यस्त धुवणताकी व्यस्त EOSO के उदाहरण में चर्चा कि गई है । यह प्रेक्षण संवाहक संरचना के अनुरूप, EOSO की रूपरेषा जिसमें सतह क्षेत्र मीटर होता है और उपरिले मेघ के निचेवाले हिस्से में धन विद्युत भार के सामने हुआ ।

अंटार्टिका से प्राप्त जानकारी का विश्लेषण

अंटार्टिका के लिये 24 वे भारतीय वैज्ञानिक खोज अभियान में सूर्य का पृथ्वी संबंधी परिणाम और उसका (जैसे KP निर्देशांक और DST मूल्य) वैश्विक वातावरणीय विद्युत मंडल से संबंध का पता लगाना इस उद्देश से विद्युत क्षेत्र और वायू–पृथ्वी विद्युतधारा की प्राप्त जानकारी का विश्लेषण किया गया । इस अंटार्टिका खोजबीन में प्राप्त धुलिकण संकेंद्रण और आकार का फैलाव की प्राप्त जानकारी का विश्लेषण और अध्ययन किया गया ।

EOSO जानकारी का अध्ययन

दक्षिणी समुद्र के प्रायोगिक खोजबीन (PESO) से प्राप्त धुलिकण के जानकारी का विश्लेषणने दिखाया की पुरे अभियान में धुलिकण आकार विस्तारण यह द्विस्तरीय प्रतिमान फैलाव अधिकतम 0.9 ㎜ और 2.0 ㎜ इतना था । जब जहाज की मुलाकात 32 m/sec इतनी गतिवाले चक्रवात से हुई तो कुछ 10 ㎜ तर के बड़े व्यास के कणों को देखा गया । बड़े कण बनने की प्रक्रिया का संबंध, समुद्र सतह पर बहनेवाली तेज हवाओंसे तरंग टुटना और बुलबुले फुटना जैसी यांत्रिकी क्रियाओं से हो सकता है ।

वातावरणीय धुलिकण के रासायनिक रचना का अध्ययन

तापमान बाष्पन पध्दतीसे, धुलिकण में स्थित अलग अलग बाष्पक घटकों का पता लगाने के लिए एक प्रयोग किया गया । इस पध्दती में हवा का नमुना तापमान विघटन उपकरण व्दारा पहले से तय कुछ विभिन्न तापमान पर , विशिष्ट घटक अलग करने के लिए गरम किया गया । धुलिकण के आकार फैलाव का मापन क्रमवीक्षण सचलता धुलिकण मापन उपकरण से किया गया । धुलिकण के संख्या संक्रेद्रण और आकार फैलाव का लगातार मापन किया गया ।

भूचुंबकिय मंडल अस्थिरता में व्हिस्लर अध्ययन

वाराणसी में भूचुंबकिय मंडल के आँधी के मुख्य स्थिती दौरान व्हिस्लर – प्रेरक उत्सर्जन (Kp निर्देशांक 4^+ से 4^- और DST मूल्य 22nT से –49nT) का विश्लेषण हुआ । अध्ययन दिखाता है की, विषववृत्तीय प्रदेश में L– मूल्य जब 1.9 से 2.4 में होता है जब अरेषीय डॉप्लर–वर्ग होता है और चक्रवात का परस्पर मिलाप होता है। ऐसी स्थिती उत्सर्जन को प्रेरित कर सकती है । सामान्य और आँधीवाले समय में भूचुंबकिय मंडल से संबंधित घटक जैसे समतल उर्जा मिलाप, तरंग चुंबकिय क्षेत्र, परस्पर संबंध दूरी क्रिया में शामिल हुए कण की अनुप्रस्थ अनुनाद विदयुतधारा इनका अंदाजा लगाया गया ।

अनुवाद के साथ परस्पर संबंध स्थापित उर्जावात इलेक्ट्रॉन के उर्जापर, प्लाझमा कण के तापमान गती का परिणाम सैध्दान्तिक पध्दतीसे मूल्यांकित किया गया । अनुनाद के साथ परस्पर संबंधपर चुंबकिय अस्थिरता का होनेवाला परिणाम का भी अध्ययन किया गया। VLF उत्सर्जन के प्रतिरूप बनाने में महत्वपूर्ण साबित हो ऐसे और वातावरण में सहभागी इलेक्ट्रॉन के गतिविज्ञान का अभ्यास के लिए निष्कर्ष प्राप्त हुए ।

ICARB अभियान के दौरान इस्तमाल किया गया क्रमविक्षण सचलता धुलकण मापन उपकरण (SMPS)

बिचक्राफ्ट विमान के निचे लगाई गई हवा अंदर लेनेवाली नलिका

सीमा परत तथा भूमि सतह प्रक्रियाओं का अध्ययन

सीमा परत और जमीन की सतह प्रक्रिया अध्ययन विभाग वातावरण की सीमा परत और जमीन की सतह की प्रक्रिया से सम्बन्धित प्रयोगशालाओं में तथा बाहर प्रयोग करती है इस विभाग द्वारा स्वीकृत अनुसंधान कार्य इस प्रकार है ।

- वातावरण की सीमा परत और उससे जुडे अध्ययन के लिए दस्तावेज और निरीक्षण तकनीक जुटाना
- विभिन्न वनस्पति तथा जमीन की स्थिति के उर्जासंतुलन को समझने और अनुसरण करने के लिए जमीन की सतह प्रक्रिया का अध्ययन
- जमीन और समुद्री सतह के उपर के वातावरण की सीमा परत का गतिविषयक अध्ययन

सीमा परत और जमीन की सतह प्रकिया अध्ययन वातावरण की सीमा परत मे जमीन की सतह प्रक्रिया का खोज कार्य और प्रतिकृति बनाना

(एस. सिन्हा, एम.एन.पाटील, आर.आर.जोशी, आर.टी.वाघमारे)

LASPEX का अध्ययन

LASPEX के दौरान इकठ्ठा किये गये हवा व तापमानों के निरीक्षण का उपयोग प्रक्षोभ प्राचल जैसे कि कर्षण गुणांक सवेदन उष्मगालक और वायुगतिक अक्षांश विस्तार का अध्ययन करने के लिए किया गया। ग्रीष्मकाल, वर्षाकाल और शीतकाल के दौरान लिये गये डाटासे जानकारी का विश्लषण किया गया। हवा की रूपरेखा के मापन से लिये गये प्रेक्षणों से यह पता चला कि दिसम्बर मे हवा की रफ्तार कम थी संवहती के दौरान तेजी से कम हुआ गुजरात क्षेत्र में 1997 के डाटा (LASPEX) का इस्तेमाल करते हुए मृदा ताप का वनस्पति और वर्षा के साथ अध्ययन किया गया।

पांच स्टेशन पर विभिन्न वनस्पति और मृदा के गुणों का अध्ययन किया ओर विभिन्न ऋतुओं में उष्मा प्रवाह का अध्ययन करने के लिए 40 cm और 1m की गहराई तक मृदा ताप का परीक्षण किया और परीक्षण से यह देखने का मिला कि 40-100 cm का क्षेत्र सर्दी में उष्मा उपर की और गर्मी में नीचे की ओर उष्मा का प्रवाह था और प्रक्षेपण और ताप का अध्ययन किया गया । मृदा ताप 40 cm गहराई से उपर घटा हुआ दिखाई दिया मृदा ताप का सुग्राही विभिन्न मृदा ताप पर वनस्पति के कमी होने की स्थिती में मृदा ताप का अध्ययन किया और मृदा ताप दिनों के साथ साथ बढता दिखाई दिया ठीक इसी प्रकार से सितम्बर में मृदा ताप दिनों के साथ साथ सामान्यत: घटता बढता दिखाई दिया और दिसम्बर में मृदा ताप दिनों के साथ घटता और मार्च में दिनों के साथ घटता बढता दिखाई दिया (**आकृती 38**)।



आकृती 38: विभिन्न महीनों में आणंद गुजरात में 40 cm और 100 cm की गहराई पर मृदा ताप का वर्गीकरण

वायुमण्डलीय सीमा परतका विकास

आणंद स्टेशन (22° 35' N, 72° 55' E) गुजरात क्षेत्र में LASPEX के दौरान लिये गये अप्रैल जून और नवम्बर सूखा, नमी

और वानस्पतिक मृदा के साथ अध्ययन किया गया और सापेक्ष आर्द्रता नापी गई और यह दिखाया गया कि सतही परत के साथ अप्रैल जून दिसम्बर का परीक्षण विभिन्न समय के साथ किया, अधिकतम् सतही परत 2.30 ISI और 1500 Boundary Layer (सतही परत) पर मिला और न्यूतनम 0100 Meter की वायुमण्डलीय सतह पर्त मिला (**आकृती 39**)।



आकृती 39 : 15 अप्रैल, 15 जून और 15 दिसम्बर 1997 की सतही परत उंचाई।

महाद्वीपीय एवं सागरी में वायुमण्डलीय परिसीमा परत पर होने वाली वितिमय प्रक्रिया का प्रायोगित अध्ययन

(एस. शिवरामकृष्णन, टी. धर्मराज, बी.एस.मूर्ति, एस.बी.देबाजे, आर.लता, सिनी सुकुमारन)

शेप्र परीक्षण

गोवा के NCAOR में आय.आय.टी.एम. की मौसम विज्ञानीय प्रयोगशाला में सतह की परत पर पाई गई । सुब्धता, माध्य मौसमीय परिमापों और संवेग, उष्मा, जलबाष्प और कार्बन डाइऑक्साइड का मापन किया गया ।

LASPEX और ARMEX डाटा का विश्लेषण

गोवा की सतह की परत में भारतीय गर्मी के मानसून में CO_2 और जलबाष्प मे बदलाव के अध्ययन ने यह दिखा दिया कि CO_2 में दैनिक घटाव और जलबाष्प का बढना इसके विपरीत सम्बन्ध है (**आकृती 40**) । CO_2 के लिए और पानी की भाप के लिए बडे/सारांशी मापन दोलन देखे गये जब कि एक दिन का काल प्रति घण्टा के वारंवारता पट्टी मे वर्षावली अन्तराल का अस्तित्व पाया गया । जडत्वीय उप श्रेणी में CO_2 और जल वाष्प के कम स्तर के अति सूक्ष्म संरधी स्पेक्ट्रा पर कोलमोगोरोव के $-5/3$ शक्ति सिद्धान्त का प्रभाव होता है ।



आकृती 40 : CO_2 और जलवाष्प के बीच कोरिलेशन गुणाक, जैसे स्थायित्व का घनत्व फलन

हवा और ताप डाटा LASPEX और ARMEX से समय में स्थायी परीक्षण से सम्बन्धित या और निम्न आवृति पर 1/2 मिनट के लिए पीक (Peak) दिखाई गई। पवन की वारंवारता जो अस्थिर समीप तटस्थ और स्थिर स्थितियो में थी उसने $-2/3$ प्रावण्य जडत्वीय उप श्रेणी में शून्य प्रावण्य निम्न वारंवारता श्रेणी मे दिखाए गये । शून्य प्रावण्य की वारंवारता श्रेणी स्थिर से तटस्थ के करीब/अस्थिर स्थिति मे बढती नजर आई और पवन घटक के आलेख के पठार (-1 प्रावण्य) का विस्तार अस्थिरता से वृद्धिगत होता नजर आया (**आकृती 41**)।



आकृती 41 : 17 अगस्त 1997 में आणंद पर 1045 बजे पवन घटकों के विकिरणीय (u,v and w) तथा तापमान 4 m AGL

सतह पर स्थिर ओजोन सौर विकिरण, वायुताप और सापेक्ष आर्द्रता का अध्ययन

पुणे के संस्थान में ओजोन सूरज से आनेवाले उत्सर्जन और सापेक्ष आर्द्रता के मापन लगातार लिये गये और इस अध्ययन से इस बात का पता चला कि ओजोन की मात्रा मे सूरज के उत्सर्जन से सम्बन्ध है और प्रकाश रासायनिक मॉडल विकसित किया गया । यह प्रकाश रासायनिक उत्पादन और ओजोन का विनाश दर्शाता है ।

सुनामी का ओजोन सतह पर अध्ययन

26 दिसम्बर 2004 दक्षिण भारत के (11^0 N 79.9^0 E) पर सुनामी लहरों के बाद ओजोन और NOx में असामान्य बदलावों का प्रेक्षण लिया गया और 1500 IST पर आधा और .0600 IST पर ओजोन दुगनी पाई गई । ओजोन सान्द्रण अधिकत्तम् रात्रि होने के समय बढता और दोपहर के समय 10 विचलन से घटता पाया गया । ठीक इसी प्रकार से NOx दिन और रात में 0.6 + 0.35 से 9.5 + 0.66 PPbv (पार्टस पर विलियन वाय औसत व व्हाल्यूम) की वृध्दि हुई और 10 विचलन का 6.5 + 0.22 से 9.2 + 0.34 PPPv का वृध्दि हुआ । ओजोन की मात्रा गर्मी में ज्यादा और दिसम्बर में होती है । सुनामी के बाद ओजोन और पूर्वगामी गैसो जैसे NOx, जो कोई सारे स्त्रोतों से निकलती है, रासायनिक और भौतिक परिवर्तन हुए। और 30 दिन बाद 03 और NOx को दुबारा इकठ्ठा किया गया (**आकृती 42a, b**)।



आकृती 42a : सुनामी के प्रभाव 24 दिसम्बर (गोलाकार) 2 फरवरी 2005 (चौकोन) एवं 3 जनवरी 2005 (त्रिकोण) दौरान ओजोन की दैनिक सांद्रणता



आकृती 42b : विभिन्न अवधी दौरान NOx की सांद्रणता में दैनिक परिवर्तन जो सुनामी के पहले तथा सुनामी के बाद देखे गये प्रभाव

भारत में ओजोन सतह पर क्लोरीन रॅडिकल उत्सर्जन का प्रभाव

भारत में दिसम्बर (2000 और 2002) और अप्रैल (2001 और 2003) मे उष्णकटिबंधीय के तीन अलग अलग ग्रामीण स्थल (पूमवुहार, ट्रान्कीवार और टी.आर.पटनम्) में तामिलनाडु के कोरोमण्डल तटीय के पास और अंदरूनी भागों में जमीन की ओजोन का माप किया गया । इस विश्लेषण में यह दर्शाया कि ओजोन की अधिकतम औसत मात्रा 40.3 + 1.13 PPbv है तो (34.8 + 0.90 PPbv) दोपहर के समय एवं न्यूनतम जिसमें 1 सिग्मा की परिवर्तितां तटीय क्षेत्रो में सुबह के समय अप्रैल (दिसम्बर) में देखे गए । इसके मुकाबले में इन्ही काल में अंदरूनी भागों में 20 km अन्तर्देशीय की तरफ ओजोन अधिकतम और न्यूनतम आँकडे है जिससे पता चलता है कि ओजोन कि मात्रा अंदरूनी इलाकों से तटवर्ती भागो में 6 PPbv ज्यादा या 19% ज्यादा है । अप्रैल में ओजोन कि मात्रा मे वृध्दि का एक और कारण है बेहद अधिक मात्रा में पूर्वगामी गैसों से (NO_x, CO,CH_4) जो कई सारे स्त्रोतों से निकलती है (**आकृती 43**)।

वायुमण्डलिय विद्युत क्षेत्र और रेडियोन्यूक्लियाइड उत्सर्जन पर सूक्ष्म मौसमीय परिमापों का प्रभाव

वायुमण्डलीय विद्युत क्षेत्र और रेडियो न्यूक्लियाइड उत्सर्जन पर सूक्ष्म मौसमीय परिमापों का अध्ययन किया गया और यह देखा गया कि मौसमीय परिमाप वायुमण्डलीय विद्युत क्षेत्र को संशोधित करते है और मजबूत सतही परत व्युत्कम के बारे में इलेक्ट्रो फोरेटिक वल के द्वारा सूखे कणों के प्रभाव से प्रदूषण की पर्त बनती है । जाडे की ऋतु इस स्थिति के लिए अधिक चालित है (**आकृती 44**)।



आकृती 43: पूमवहार ट्रान्कीवार और टी.आर.पटटीनम मे पायी जानेवाली ओजोन सान्द्रण का औसत मात्रा अप्रैल (घनरेषा) एवं दिसम्बर (चिन्हांकित रेख) मे देखे गये ।1 सिग्मा परिवर्तिता उर्ध्व रेखी का दिखाते है ।



आकृती 44 : विद्युत क्षेत्र, लाप्स दर, रेडिओ न्यूविलाईड सान्द्रण विभिन्न ऋतुओं के लिए व्युत्कम समय के साथ अस्थिरता (विद्युत क्षेत्र और लाप्स समय के साथ एवरेज और रेडिओ न्यूम्लिपाइड का तीन घण्टे के लिए प्रेक्षणा)

सैध्दान्तिक अध्ययन

सैद्धान्तिक अध्ययन विभाग दक्षिण पूर्व मानसून के विशेष संन्दर्भ के साथ वायुमंडलीय और महासागरीय परिसंचरणों को समझने के लिये सैद्धान्तिक अध्यनों का संचालन करता है। इस विभाग के द्वारा निम्नलिखित अनुसंधान कार्यक्रम संपादित किये जाते है।

- i) प्रजाल विन्दु प्रक्षेत्र में क्षेत्रीय और्जिकी. ii) तरंग क्रमांक और आवृत्ति प्रक्षेत्रों में उष्ण कटिबंधीय पट्टी और्जिकी और iii) मानावलीय प्रक्षेत्र में वैश्विक और्जिकी के अध्ययन केलिए नैदानिक प्रतिरुपों का विकास।

- मानसून प्रवाह के विभिन्न आकाशीय और कालिक पैमानों के बीच रेखीय और अरेखीय अन्योन्यक्रियाओं के निदान के लिये अंकीय प्रतिरुपों का विकास।

- हिन्द महासागरीय परिसंचरण और एस. एस. टी. परिवर्तन शीलता के गतिकी और भौतिकी को समझने के लिए सरल लघुकृत गुरुत्व और उष्मागतिक महासागर परिसंचरण प्रतिरुपों का विकास।

- वैश्विक परिसंचरण के लिए सरल युग्मित महासागर वायुमंडल प्रतिरुप का विकास।

- सतह और उप-सतह तापक्रम और हिन्द महासागर के परिसंचरण को समझने के लिए क्षेत्रीय त्रिविमीय बृहस्तरीय महासागरीय प्रतिरुप का विकास।

- उष्णकटिबंधीय हिन्द महासागर में भ्रमणशील चक्रवातों के प्रति महासागरीय प्रतिक्रियाओं के अध्ययन के लिए अंकीय महासागर प्रतिरुप का अनुप्रयोग।

- वायुमंडलीय विज्ञान में स्नातकोत्तर शैक्षणिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहन करने के लिए।

गतिकीय महासागर प्रतिरुपण पर अध्ययन

(पी. एस. सालवेकर, एम. के. टण्डन, सी. ज्ञानशीलन, प्रेमसिंह, ए. ए. देव, ए. बी. पारेख, पी. आर. सी. रेड्डी, डी. डब्ल्यु. गणेर, बी. थॉम्पसन, जे. एस. चौधरी, बी. एच. वइद)

त्रिविमीय ओ. जी. सी. एम. अध्ययन (MOM4) प्रतिरुप का प्रयोग)

क्षेत्रीय विभेदन 1° , परिवर्ती रेखांशिक विभेदन विषुवृत, रेखा पर 0.3^0 , 25^0 उ.पर 0.7^0, 40^0 द. पर 1.5^0 और उदग्र स्तरों वाले माड्यूली महासागर प्रतिमान रुप 4 (एम. ओ. एम. 4) को 40^0 के उत्तर में अवस्थित हिन्द महासागर को विरामावस्था से 20 वर्षोंकी अवधि के लिये समाकलित किया गया। प्रतिरुप के लिए निवेश वायुमंडलीय अनुसंधान का राष्ट्रीय केन्द्र (NCAR), यू. एस. ए. से प्राप्त किया गया। प्रतिचक्रण के बाद प्रतिरुप को 43 वर्षो की अवधि 1958 से 2000 तक एनकार (NCAR) के अंतरावार्षिक परिवर्ती सभी प्रणोदनों के साथ समाकलित किया गया। प्रतिरुप अनुकारित सागर सतहीय तापक्रम विसंर्गात (एस.एस.टी.ए.) ने व्दिध्रुव विघा वर्षो (उदाहरणस्वरूप अक्तूबर 1994, अक्तूबर 1996 और नवम्बर1997) के दौरान प्रेक्षित विसंगतियों के साथ अच्छी सहमति दिखलाई । प्रतिरूप अनुकरण ने नवम्बर 1997 के दौरान सतह पर 2° और उपसतह (80 मी. की गहराई पर) करीब 5° की अधिकतम शीतलन प्रदर्शित की जो कि प्रेक्षणों के साथ काफी तुलनीय था । प्रतिरूप अनुकारित उपसतह तापक्रम सभी वर्षो में सोडा (SODA) उपसतह तापक्रम के साथ अच्छी तरह से तुलनीय था । बंगाल की खाडी में अनुकारित असंगत परिसंरचरण प्रतिमान ने बंगाल की खाडी परिसंरचरण में रिट्की प्रघारों की भूमिका की पुष्टि की । घनात्मक व्दिध्रुव वर्षो के दौरान प्रतिरूप अनुकारित लवणता क्षेत्रों ने दक्षिणपूर्वी विषुवतीय हिन्द महासागर में घनात्मक लवणता विसंगतियाँ प्रदर्शित की जबकि ऋणात्मक विसंगतियाँ मध्यवर्ती विषुवतीय हिन्दी महासागर में पायी गयी । विषुवतीय हिन्द महासागर में लवणता परिवर्तनशीलता रोधिका स्तर के निर्माण या अपरदन के माध्यम से सतह और उपसतह तापक्रम को प्रभावित करता है (आकृती **45**)।



आकृती 45 : 10^0S से विषुवत रेखा तक मध्यकृत SST, SSS और BLT विसंगतियों का हावमोलर्स (Hovmollers)

माड्यूली महासागर प्रतिरूप रूप (MOM4pOc) का उपयोग उष्णकटिबंधीय हिन्द महासागर में भारतीय महासागर व्दिध्रुव (आई.ओ.डी.) विघा घटनाओं से संबंधित महासागरीय प्रक्रियाआं को अध्ययन करने के लिये किया गया । प्रतिरूप ने व्दिध्रुव विघा वर्षो के दौरान क्षेत्र में शीतलन । तपन प्रवृतियों का सफलतापूर्वक अनुकारित किया । प्रतिरूप अनुकारित क्षेत्रों का ताप बजट विश्लेषण ने प्रकट किया कि घनात्मक सतह ताप अभिवाह और उदग्र अभिवहन एल निनो के साथ आई.ओ.डी. के एक साथ होने का समापन करते हैं जब कि क्षैतिज और उदग्र अभिवहन गैर–एल निनो वर्षो के दौरान आई.ओ.डी. समापन के लिये जिम्मेदार हैं । सतहीय ताप अभिवाह का योगदान सभी व्दिध्रुव वर्षों में समापन की प्रारंभिक अवस्था के दौरान सार्थक रहता है । ऋणात्मक व्दिध्रुव वर्ष 1996 के दौरान व्दिध्रुव का समापन मुख्यतः असंगत ऋणात्मक सतहीय ताप अभिवाहों और क्षैतिज अभिवहन के कारण हुआ ।

बहुस्तरीय निर्देशांक पी.ओ.एम. प्रतिमान का उपयोग करके त्रिविमीय महासागरीय प्रतिकृति अध्ययन

त्रिमिती सिग्मा निर्देशांक प्रतिकृति, पी.ओ.एम. सिका क्षैतिज, वियोजन 1° x 1° है, तथा सिमें सतह से सागर की गहराई तक 21 स्तर है उपयोग करके सतही तथा अन्तरसतही धाराओं का अनुकार अध्ययन प्रतिमातक्षेत्र 35°-99° पू. 24.5° – 255° 14° में, ईसीएम डब्लू एक मासिक औसत जलवायुवीयक सतह प्रबलों तथा लेव्हीटम जलवायुके अन्तरीम प्रबलो का उपयोग करके किया । प्रतिकृति हक ने प्रबल वार्षिक चक्र तथा सार्थक अधःस्तूल परिसचरण में परिवर्तन शीलता को प्रदर्शित किया है । बोरीअल जाडेके दिनों में, सतही सोमाली धारा दक्षिण की ओर बहती थी, लेकिन यह लक्षण 70 मी. से ज्यादा गहराई में नही पाया गया । सोमली धारा की दिशा का उत्क्रमण केवल उपरी उपाली परत से 50 से 70 मी. की गहराई तक ही उपस्थित थी । अन्दर सहती सोमाली धारा की दिशा, वर्षगट उत्तर की ओर पाई गयी । तथा यह भी पाया गया कि पश्चिमी अख सागर मे अन्दरूनी सतही दक्षिणी धारा, 5° 3° के उत्तर की ओर बसन्त और गर्मी या उपस्थित थी।

इस प्रतिकृति को फिर से विश्लेषित ए.सी.ई.पी. वापु बल और लेव्हीटस जलवायु के लिये परिमित किया गया । सतही हवाए हिन्द सागर मे 38° द. के दक्षिण की ओर वर्षभर न बदली हुई पाई गयी । अतः 40° द. को सतही बलोंके लिये प्राकृतिक मर्यादा मात्र जा सकता है, और इसलिये 40° द. 25° उ. 3° पू. 115° पू. को प्रतिमान क्षेत्र निरूपित किया एन.सी.ई.पी. विशलेषत आकडों को प्रतिमान ग्रिड अतर्वेशित करने के लिये उतारा गया ।

प्रतिमान चक्रवातों के प्रति महासागर की अनुक्रियाँ

अरब सागर के TC04 A चक्रवातसे (कालावधी 4-7 नवंबर 2004) समुद्री प्रतिक्रिया का निरीक्षण करने के लिए आय आर जी (आय आय टी एम गतिमान गुरूत्वाकर्ष) सागर प्रतिकृती में बदलाव देखे गए । इसके लिए ½⁰ x ½⁰ स्वांगीकरण प्रतिकृती का उपयोग किया है । प्रतिकृतीने उर्ध्वमुख में कोई खास दायाँ तरफ झुकाव नहीं दिखाया, लेकिन 2.5° के दायी तरफ शीतलन पाया गया । माडल स्वांगीकरण ½⁰ से 1/12⁰ बदलकर संवेदना यह भी पाया गया की उर्ध्वमुख से अधोमुख जादा तीव्र हुआ है । उर्ध्व तापमान प्रवगता कम रखते हुए सागरीशीतल फिरसे 2.5° C का पाया गया । TC 04A (**आकृती 46**) चक्रवात के प्रवाह में निरीक्षण किया गए शीतलन 1.5° C है । लेकिन माडल प्रतिमानसे पाये गये शीतलन जादा है । इस फर्क का एक कारण अरब सागर की जादा क्षारता से हो सकता है क्योंकी क्षारता का उपयोग प्रतिमान में नही किया गया है ।



आकृती 46 : TC 04A के आखरी दिन के माडल सागरी प्रवाह, संमिश्र सतह और तापमान बदला व (½⁰ x ½⁰) बाँयी तरफ, और जादा स्वांगीकरण के लिए तापमान बदलाव, साथमें तुलना के लिए निरीक्षण किए गए बदलाव । धन मुल्योंके छायित किया गया है ।

इसके अलावा पिछले दशक से उत्तर और दक्षिण हिंदी महासागर में 15 चक्रवात चुने गए । 1½ सतह और 2½ सतह सागरी प्रतिमान का उपयोग करके सागरी तापमान का चित्र देखा गया । चक्रवात के तीव्रता पर आधारीत 1° से 3° सी का सागरी शीतलन पाया गया । यह शीतलता तूफानी पवनों के संरोहण के कारण की गई उत्प्रवाह के जबाब में थी । आगे प्रतिरूप एस एस टी विसंगतियों के साथ तुलना की गई। शीतलन क्षेत्र के साथ चक्रवातीय परिसंचरण को भी अच्छे तरीकेसे अनुकारित किया गया और इसकी सहमति प्रेक्षित शीतलन के साथ पायी गई । प्रतिरूप के लिए निवेश प्रदान किये गये वास्तविक चक्रवातों की कम तीव्रता के कारण प्रतिरूप अनुकारित एस एस टी विसंगतियों को प्रेक्षित विसंगतियों से अधिक कमजोर पाया गया ।

आरगो प्रेक्षण के कारण अरेबियन समुद्र में जलसंहती परिवहन

आरगो प्रेक्षण के व्दारा मिली तापमान और लवणता परिच्छेदिकायों की सूचनाओं को अरब सागर में होने वाले 2002 से 2004 वर्ष के जलसंहती परिवहन अध्ययन के लिए इस्तेमाल किया गया । दक्षिणी-पश्चिमी मानसून ऋतू के दौरान दक्षिण-पश्चिम हवाओं के पूर्व आगमन के आघात को उपरी महासागरीय तापक्रम और पश्चिमी अरब सागरमें लवणता को देखा गया । संपूर्ण वर्ष में उत्तरी अरब सागर में दो लवणता उच्चतम पाये गये । पूर्वी अरब सागर के मध्यस्तरों में लवणता उच्चतम लाल सागर (आर एस डब्लू) के पानी के कारण रहती है, जो कि गर्मी की ऋतू में अधिक प्रभावी होता है । पश्चिमी अरब सागर में आर एस डब्लू से संबंधित अधिकतम लवणता पूरे वर्षभर बना हुआ था । अरब सागर के उपर उद्गम क्षेत्रों से जलसंहती अभिगमन के साध्य को आरगो प्लवित प्रपथों और पवन वाहित महासागरीय अभिगमनों से स्थापित किये गये थे । ग्रीष्म मानसून के दौरान पश्चिमी अरब सागर के उपर आरगो प्लव का उत्तराभिमुख गति और पूर्वी अरब सागर में दक्षिणावर्त गति पवन वाहित अभगमनों के संगत पाये गये थे ।

हिंद महासागर में केल्विन तथा रोसबी तरंगे

केल्विन (अर्धवार्षिक एवं त्रैमासिक) और रोसबी तरंगो के (अर्धवार्षिक, वार्षिक और व्दिवार्षिक) घटकों से अरब सागर (20° द. 20° उ. और 40°-12° पू.) में टोपेक्स / पोसेडियन समुद्र की 1993-2001 (10 दिनोंके औसत के आंकडे) समुद्र सतह विसंगतियों की तथा सरल महासागर आकडा स्वांगीकरण (सोडा) की समुद्र सतह उँचाई विसंगतियों को परिमित आवेग अनुक्रिया (एफ.आय.आर.) फिल्टर का उपयोग करके निकाला गया । व्दिध्रुव समान अंतरिक्ष संरचना दोनों आकडे समुच्चय से व्दिध्रुव समान अंतरिक्ष संरचना प्रेक्षित की गयी, जो हिंद महासागर व्दिध्रुव आवर्त को चरितार्थ करती है (**आकृति 47**)।



*आकृती **47** : सितम्बर, अक्तुबर तथा नवम्बर पर द्वैवार्षिक रॉसबी तरंग अवसत*

प्रत्येक धनात्मक हिंद महासागर व्दिध्रुव के निर्माण के एक वर्ष से भी पूर्व, पूर्वी सीमा से पश्चिम की ओर संचरित होती हुई 1.5^0 द. में विसंगत निम्नप्रवाहीय व्दिवर्षी रोसबी तरंगे देखी गयी । समकाल में उत्प्रवाह प्रतिभाग भी शिखर हिन्द महासागर व्दिध्रुव के दौरान पूर्व में देखे गये थे जो कि विषुवतीय हिंद महासागर में ताप प्रवणता के प्रति उपर नीचे जोनल प्रवणता दिये।

पश्चिम के ओर संचरित निम्नप्रवाहीय व्दिवर्षी रोसबी तरंग संकेत को हिन्द महासागरीय व्दिध्रुव के लिए पूर्वानुमानक माना जा सकता है। टोपेक्स / पोसीडन आंकडों से भूमध्य रेखीय वार्षिक और अर्धवार्षिक रोसबी तरंगों के संचरण को भूमध्य रेखा के दोनों ओर जुडवे जायर्स की तरह देखा गया । हिन्छ महासागरीय व्दिध्रुव वर्षो (अर्था 1994 और 1997) के दौरान भूमध्यरेखीय वार्षिक रोसबी तरंगो के संचरण में (75° पू– 85° पू.) के समीप एक खिंचाव प्रेक्षित किया गया, जिसके लिए वायू प्रतिबल तथा वायू प्रतिबल कुंतल को महत्वपूर्ण भूमिका निभाते देखा गया ।

अक्तूबर से दिसंबर 1994 के दौरान विसंगत निम्नप्रवाहीय त्रेमासिक केल्विन तरंग संचरण ने द्रोनी विस्तरित युग्मित प्रक्रम को समाप्त किया । फिर भी अलनिनो संग्रामी (अर्थात 1997) हिन्द महासागरीय व्दिध्रुव के दौरान इस प्रकार की निम्नप्रवाहीय केल्विन तरंगे अनुपस्थितीत थी ।

प्रशान्त महासागरीय यमल धूर्णकों (पी.टी.जी.) की पहचान और अलनिनो 3.4 प्रक्षेत्र में उष्णतर तापक्रम प्रेरित करने में उनकी भूमिका

भूमध्य रेखीय हिंद महासागर मे जुडवे जायर्स की पहचान करने के बाद प्रशांत महासागर के उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रोंमे इसप्रकार के जायर्स के अस्तित्व का परिक्षण किया गया । इस उद्देश के लिए डब्ल्यू ओ सी ई प्रेक्षित धारों टोपेक्स व्युत्पादित समुद्र सतह उँचाईंया, टी ए ओ प्रेक्षित समुद्र सतह तापक्रम अग्रगत अति ऊच विभेदन विकिरणमापी से उपग्रह व्युत्पादित समुद्र सतह तापक्रम तथा अंत में एम आय टी ओ जी सी एम बहिर्वेश का भली भाँती अध्ययन किया गया । यह पाया गया कि जुडवा जायर्स पूर्वी प्रशांत महासागर के उलनिनो प्रक्षेत्र में भी उपस्थित है और प्रशांत जुडवे जायर्स के नामसे जाने जाते है । गैर–अलनिनो वर्षो के दौरान जागर्स का चक्रवातीय प्रकार का परिसंचरण होता है जब कि अलनिनो वर्षो के दौरान जायर्स का चक्रवातीय प्रकार का परिसंचरण होता है। जब कि अलनिनो वर्षो के दौरान परिसंचरण प्रतिमान विपरित चक्रवातीय होता है। यह भी पाया गया कि इन (पी टी जी एस) का अपने विपरित चक्रवातीये प्रवाह द्वारा 3.4 प्रक्षेत्र में अधिक तापमान प्रेरित करने में तीव्र प्रभाव होता है, जो कि स्त्रवण घनाक्रम लाते है, वह बदले में उस क्षेत्र में समुद्र सतह तापक्रम बढाता है। 3.4 प्रक्षेत्र में पी टी जी के प्रभाव का चिह्नक ताप–प्रणवता के पूर्वाभिमुख अवमज्जन। झुकाव में भी दृष्टि गोचर हुआ था। यह देखा गया कि विषुवतीय प्रशांत महासागर में रोसबी और केल्विन तरंगो की पारस्परिक क्रियाओं का अध्ययन इन पी टी जी के द्वारा किया जा सकता है।

रॉसबी तरंग संचरण पर एल निनो के प्रभाव

